BIHHIN/2021/85413

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# चौथी वाणी

एक अखबार, पूरा हिन्दुस्तान

पटना (बिहार) से प्रकाशित

वर्ष : 05 | अंक : 98 | बुधवार 9 अप्रैल 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 02 | ई मेल : chauthivanii@gmail.com | WWW.chauthivani.com




एमआई के लिए राहत भरी खबर, राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेंगे हार्दिक पांड्या

## संक्षिप्त खबरें

### 90 हजार की रिश्वत लेते दो अधिकारी रंगे हाथ गिरफ्तार

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में लोकायुक्त संगठन ने भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लोक निर्माण विभाग के दो अधिकारियों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के निर्देश पर की गई, जिससे विभाग में हड़कंप मच गया। गिरफ्तार किए गए अधिकारियों में बालकुमार जैन, जो सहायक यंत्री एवं प्रभारी कार्यपालन अधिकारी हैं, और धीरेंद्र कुमार नीमा, जो उपयंत्री एवं प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं, शामिल हैं। दोनों को कुल 90 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया।

### हैदराबाद में छापेमारी के दौरान पांच नशीले पदार्थों के तस्कर गिरफ्तार

**हैदराबाद।** हैदराबाद नारकोटिक्स एनफोर्समेंट विंग (एच-एनईडब्ल्यू) ने मंगलवार को तीन स्थानों पर छापेमारी के दौरान चार नशीले पदार्थों के तस्करों को गिरफ्तार किया और प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। एच-एनईडब्ल्यू ने चिलकलगुडा, सनथ नगर और आदिबतला पुलिस स्टेशनों के समन्वय से एक संयुक्त छापेमारी की। इस अभियान के दौरान, उन्होंने एक अंतरराज्यीय नशीले पदार्थों के तस्कर, एक स्थानीय नशीले पदार्थों के तस्कर और तीन उप-तस्करों को गिरफ्तार किया और विभिन्न प्रतिबंधित पदार्थ, वाहन, मोबाइल फोन और नकदी जब्त की, जिनकी कुल कीमत 63.65 लाख रुपए है।

### महाराष्ट्रः सरकार ने 11 अधिकारियों का किया तबादला

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को 11 अधिकारियों का तबादला कर दिया। राहुल रंजन महीवाल (आईएएसः 2005), पुणे स्थित महाराष्ट्र स्टेट फार्मिंग कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक को महाराष्ट्र काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल एजुकेशन एंड रिसर्च, पुणे में सदस्य सचिव के रूप में तैनात किया गया। श्वेता सिंघल (आईएएसः 2009) को महाराष्ट्र सदन, नई दिल्ली में आयुक्त के रूप में पोस्ट किया गया। रुचेश जैवंशी (आईएएसः 2009) को पुणे स्थित महाराष्ट्र स्टेट फार्मिंग कॉर्पोरेशन का प्रबंध निदेशक बनाया गया। कन्हुराज बागटे (आईएएसः 2011) को महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड, कल्याण में संयुक्त प्रबंध निदेशक के रूप में तैनात किया गया। लक्ष्मण राऊत (आईएएसः 2015), मुंबई स्थित महाराष्ट्र स्टेट कमिशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स के सचिव को महाराष्ट्र स्टेट खादी विलेज इंडस्ट्रीज बोर्ड, मुंबई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया। गीतांजलि बाविस्कार (आईएएसः 2015), मुंबई स्थित खादी बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को योजना विभाग, मंत्रालय, मुंबई में संयुक्त सचिव के रूप में तैनात किया गया। दिलीप जगदाले (आईएएसः 2015), कल्याण स्थित महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक को जल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग, मंतरालय, मुंबई में संयुक्त सचिव के रूप में तैनात किया गया।

# आपदा पीड़ितों को समय से उपलब्ध कराएं सहायता : नीतीश कुमार

## सीएम की अध्यक्षता में हुई आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की 13वीं बैठक

**चौथी वाणी/पटना।** सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प सभागार में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की 13वीं बैठक हुई। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. उदयकांत ने संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया, जिसमें प्राधिकरण की 12वीं बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन प्रतिवेदन पर चर्चा हुई और अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गयी।



बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 24 नवंबर 2005 को नई सरकार बनने के बाद से हमलोगों ने आपदा प्रबंधन के लिये कई कार्य किये हैं। बाढ़, सुखाड़, अगलगी, भूकम्प, हीटवेव आदि आपदाओं के कुशल प्रबंधन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया बनायी गयी। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को मुफ्त भोजन, नकद अनुदान के अतिरिक्त फसल क्षति अनुदान, गृह क्षति अनुदान, पशु क्षति अनुदान आदि की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि नवनिर्मित सरदार पटेल भवन में गृह विभाग के साथ आपदा प्रबंधन विभाग और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का कार्यालय भी बनाया गया है। इसके छत पर हेलीपैड बनाया गया है, जिसका उपयोग आपातकाल में किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आपदा पीड़ितों की मदद पहुंचाने के लिये प्रतिबद्ध है। हम मानते हैं कि राज्य के खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का होता है। आपसे अनुरोध है कि आपलोग आपदा प्रबंधन के लिये अच्छे ढंग से काम करें तथा आपदा पीड़ितों को समय से सहायता उपलब्ध करायें। सीएम के समक्ष आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यों पर आधारित एक लघु फिल्म प्रस्तुत की गयी। वहीं बिहार की आपदा प्रबंधन यात्रा पुस्तक का विमोचन किया। बैठक में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मंत्री विजय कुमार चौधरी, नारायण प्रसाद, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. उदयकांत, सदस्य पीएन राय, केके मिश्र, नरेन्द्र कुमार सिंह, प्रकाश कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि आदि उपस्थित थे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित विभागों के मंत्रीगण, अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव व सचिव सहित अन्य वरीय अधिकारी जुड़े हुये थे।

# सोनार बंगाल बनाने के लिए भाजपा को जिताएं : सम्राट



**चौथी वाणी/हावड़ा/पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पश्चिम बंगाल को फिर से सोनार बंगाल बनाने के लिए भाजपा को अपना समर्थन दें। भाजपा यहां से घुसपैठिए को भगाने, लोकतंत्र स्थापित करने और बंगाली अस्मिता को फिर से स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिस तरह आजादी की लड़ाई में प. बंगाल का सबसे बड़ा योगदान था, उसी तरह अब घुसपैठियों की हिमायती, हिंदू विरोधी और अराजक ममता सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए बंगाली समाज तैयार है।

श्री चौधरी प. बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों के नामांकन में शामिल होने के लिए हावड़ा पहुंचे। यहां एमजी रोड स्थित एचएमसी कार्यालय के पास आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि अगर पश्चिम बंगाल में घुसपैठ समाप्त करना है, सुशासन स्थापित करना है और संदेशखाली जैसी घटनाएं रोकनी हैं, तो भाजपा को जिताना होगा। उन्होंने ममता दीदी के बाहरी भीतरी को राजनीतिक हथकंडा बताते हुए कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर बंगाल का मुख्यमंत्री कोई बाहरी नहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल का बेटा या बेटी ही बनेगा। उन्होंने कहा कि बंगाल में 26 हजार नौकरियों में लूट हुई। युवाओं का हक छीना गया। जिन 8 हजार स्कूलों में बंगाली बच्चे पढ़ते थे, उन्हें बंद किया गया, जबकि मदरसों को बंद नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि जिस तरह बिहार में पिछले पांच वर्षों में 50 लाख लोगों को सरकारी नौकरी और रोजगार दिया गया, उसी तरह पश्चिम बंगाल में भी बड़े स्तर पर रोजगार सृजन किया जाएगा। लोगों को भी आयुष्मान कार्ड का लाभ मिलेगा। यहां सातवां वेतनमान लागू किया जाएगा। श्री चौधरी ने कहा कि ममता बनर्जी की सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है और हिंदुओं के साथ जुल्म हो रहा है। श्री चौधरी ने जनता से अपील की अगर पश्चिम बंगाल से घुसपैठिए को समाप्त करना है, यहां सुशासन स्थापित करना है तो भाजपा को जिताने का काम करें।

**पश्चिम बंगाल विस चुनावः भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन में पहुंचे सम्राट चौधरी**

**हावड़ा के एमजी रोड स्थित एचएमसी कार्यालय के पास जनसभा को किया संबोधित**

# बाढ़ अनुमंडल में जमीन विवाद में महिला समेत दो की हत्या

**चौथी वाणी/मोकामा।** बाढ़ अनुमंडल के मोकामा थाना क्षेत्र के साहबेगपुर मोहल्ले में जमीन विवाद में चाचा ने मंगलवार की सुबह अपने 2 बेटों के साथ मिलकर भतीजे की हत्या कर दी। मृतक अजय यादव का बेटा राजीव कुमार (32) है। घटना में 4 लोग घायल भी हुए हैं। वहीं पुलिस ने इनमें मृतक का चाचा विजय और उसके 2 बेटे को गिरफ्तार किया है।

**मोकामा में भतीजे पर कुदाल से हमला, बाढ़ में महिला की मारी गोली**



मिली जानकारी के अनुसार, अजय अपने बेटे राजीव के साथ खेत गए थे। गेहूं की कटनी के बाद घर लौट रहे थे। रास्ते में अजय के भाई विजय ने अपने बेटों के साथ हमला कर दिया। भतीजे राजीव कुमार को ईंट-पत्थर से मारा, फिर कुदाल से हमला किया। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं घटना में 4 लोग घायल हो गए। घायलों में छोटा भाई कृष्णा कुमार, मां हीरा देवी, भगना विवेक कुमार और पिता अजय यादव हैं। घायलों को मोकामा ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। हमले के बाद राजीव कुमार मौके पर काफी देर तक पड़ा रहा। पुलिस मौके पर पहुंची तो तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, पर राजीव की जान नहीं बची। ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार ने कहा कि घटना में एक भाई के परिवार ने दूसरे भाई और उसके परिवार पर कुदाल से हमला किया, जिसमें राजीव कुमार की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पक्ष से तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें मृतक का चाचा विजय और उसके 2 बेटे शामिल हैं।

## बाढ़ में महिला की गोली मारकर हत्या

**चौथी वाणी/बाढ़।** पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल के अथमलगोला थाना क्षेत्र के मेऊरा गांव में आज सुबह एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद गांव में भय और आक्रोश का माहौल है। वहीं मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृत महिला की पहचान मीरा देवी के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मंगलवार सुबह अपने घर के बाहर रोज की तरह झाड़ू लगा रही थीं। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे अपराधियों ने अचानक उन पर गोली चला दी। गोली लगते ही मीरा देवी जमीन पर गिर पड़ीं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना इतनी अचानक हुई कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ ही नहीं पाए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। प्रारंभिक जांच में हत्या के पीछे जमीन विवाद की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि मृतका के परिवार का पहले से ही जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। कुछ समय पहले भी इस परिवार पर जानलेवा हमला किया गया था, जिसमें गोली चलने की घटना सामने आई थी।

# हर बड़े मामले की जांच करने पहुंचेगी एफएसएल टीम : डीजीपी

**चौथी वाणी/पटना।** बिहार में अब अपराधों की जांच को अधिक वैज्ञानिक और मजबूत बनाया जाएगा। जिन मामलों में सात साल या उससे अधिक की सजा का प्रावधान है, उनमें घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इस कदम से पुलिस अब गवाहों और बयानों के बजाय वैज्ञानिक साक्ष्यों पर अधिक निर्भर करेगी। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने यह जानकारी पुलिस मुख्यालय के सरदार पटेल भवन में आयोजित एक फॉरेंसिक कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। इस कार्यशाला में देशभर से आए वैज्ञानिक और फॉरेंसिक विशेषज्ञ शामिल हुए।



डीजीपी ने बताया कि बिहार पुलिस अपनी फॉरेंसिक व्यवस्था को तेजी से सुदृढ़ कर रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य अपराधियों को त्वरित और उचित दंड दिलाना है। डीजीपी ने कहा कि राज्य में कुल 13 एफएसएल को पूरी तरह से चालू करने की तैयारी चल रही है। इनमें चार स्थायी और नौ क्षेत्रीय लैब शामिल हैं। इन लैब के लिए कर्मचारियों की भर्ती, आवश्यक उपकरणों की खरीद और भवनों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। उम्मीद है कि अगले एक से दो साल में ये सभी लैब अपनी पूरी क्षमता से कार्य करना शुरू कर देंगे।डीजीपी ने यह भी बताया कि जिन 28 जिलों में अभी क्षेत्रीय फॉरेंसिक लैब उपलब्ध नहीं हैं, वहां भी काम तेजी से जारी है। इन जिलों को मोबाइल फॉरेंसिक लैब (वैन) की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे घटनास्थल पर ही वैज्ञानिक जांच संभव हो सकेगी और न्याय प्रक्रिया में तेजी आएगी। इसके अलावा, पटना और राजगीर में साइबर फॉरेंसिक लैब भी खोले जाएंगे, जिससे ऑनलाइन अपराधों की जांच में मदद मिलेगी। डीजीपी ने बताया कि पहले बिहार में फॉरेंसिक जांच की सुविधा बहुत सीमित थी। साल 2012-13 में सिर्फ 700 से 800 मामलों में ही फॉरेंसिक जांच हो पाती थी। अब यह संख्या बढ़कर करीब 13,000 मामलों तक पहुंच गई है।

**13 फॉरेंसिक लैब होंगे चालू, 13000 मामले तक पहुंची फॉरेंसिक जांच**

# शहरी निकायों के राजस्व संग्रहण में हुई उल्लेखनीय वृद्धि : विजय

**चौथी वाणी/पटना।** उप मुख्यमंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि राज्य के शहरी निकायों में राजस्व संग्रहण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि में राज्य के नगर निकायों द्वारा होल्डिंग टैक्स सहित कुल राजस्व संग्रहण में संतोषजनक वृद्धि हुई है, जो शहरी प्रशासन की सुदृढ़ वित्तीय स्थिति एवं बेहतर प्रबंधन को दशार्ता है। मंत्री ने बताया कि राज्य के कुल 19 नगर निगम, 89 नगर परिषद एवं 156 नगर पंचायतों से उक्त अवधि के दौरान होल्डिंग टैक्स सहित कुल 908 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व संग्रहण किया गया है। इसमें केवल होल्डिंग टैक्स वसूली का लक्ष्य 533 करोड़ रुपए था, जबकि 565 करोड़ रुपए से अधिक की वसूली की गई जो कुल लक्ष्य का 106 प्रतिशत है। ज्ञात हो कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में होल्डिंग टैक्स सहित कुल राजस्व संग्रहण 432 करोड़ रुपए तथा केवल होल्डिंग टैक्स का संग्रहण 290 करोड़ रुपए हुआ था।श्री सिन्हा ने कहा कि यह उपलब्धि राज्य सरकार द्वारा शहरी निकायों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं डिजिटल प्रक्रियाओं को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। विभाग द्वारा राजस्व संग्रहण की प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी बनाने के लिए ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था, समयबद्ध कर निर्धारण एवं नियमित मॉनिटरिंग जैसी पहलें की गई हैं, जिससे नागरिकों की भागीदारी भी बढ़ी है। आगे कहा कि बढ़ा हुआ राजस्व संग्रहण शहरी आधारभूत संरचना के विकास, स्वच्छता व्यवस्था, जलापूर्ति, सड़क निर्माण तथा अन्य नागरिक सुविधाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी समय में राज्य के नगर निकाय राजस्व संग्रहण के नए मानक स्थापित करेंगे।

**होल्डिंग टैक्स सहित एक वर्ष में 908 करोड़ से अधिक राजस्व संग्रहण**



## भारत-सेंट किट्स एंड नेविस संबंधों को मजबूती देगा हाई कमीशन का उद्घाटनः जयशंकर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मामलों के मंत्री (ईएएम) एस. जयशंकर ने मंगलवार को सेंट किट्स और नेविस की भारत में हाई कमीशन की शुरूआत का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस स्थायी दूतावास की मौजूदगी द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में बेहद मददगार साबित होगी। नई दिल्ली में हाई कमीशन के उद्घाटन समारोह में एस जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच 1983 में कूटनीतिक संबंध स्थापित होने के बाद से करीबी और बहुत ही मैत्रीपूर्ण रिश्ते रहे हैं। मंत्री ने कहा, आप सभी जानते हैं कि भारत ने अच्छे शासन और आर्थिक दक्षता को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल अवसरों को पूरी तरह अपनाया है। हमें सेंट किट्स एंड नेविस और कैरिकॉम के दूसरे सदस्यों सहित अपने पार्टनर्स के साथ बेस्ट प्रैक्टिस शेयर करने में खुशी होगी। मुझे यकीन है कि जैसे-जैसे यह हाई कमीशन अपने कदम और मजबूत करेगा, यह स्थायी मौजूदगी हमारे रिश्तों को और मजबूत बनाने में मदद करेगी।उन्होंने आगे कहा, ह्लएक-दूसरे के बारे में जानने के लिए बहुत कुछ है, सुविधाजनक व्यवस्था और फ्रेमवर्क को बढ़ाने के लिए बहुत कुछ करना है और निरंतर बातचीत से और सहजता आएगी। मुझे पूरा भरोसा है कि उच्चायुक्त और उनकी टीम यह काम मेरे मंत्रालय के सहयोगियों के साथ मिलकर करेंगे।



## महिला आरक्षण कानून पर भाजपा की बड़ी रणनीति बैठक, राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मंथन

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने ह्यनारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण कानून) के प्रभावी क्रियान्वयन और जनजागरूकता को लेकर पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों, प्रदेश अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं के साथ एक अहम वर्चुअल बैठक की। बैठक में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण जल्द लागू करने को लेकर रणनीति पर चर्चा हुई। माना जा रहा है कि यह प्रावधान 2029 के आम चुनावों से लागू किया जा सकता है। बैठक में खास तौर पर जमीनी स्तर पर महिलाओं तक पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया गया। नेताओं ने सुझाव दिया कि घर-घर संपर्क अभियान, महिला केंद्रित सेमिनार, डिजिटल माध्यमों और सामुदायिक बैठकों के जरिए महिलाओं को इस कानून के लाभ समझाए जाएं। इस कानून के तहत अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए आरक्षित सीटों में भी महिलाओं को एक-तिहाई हिस्सेदारी मिलेगी। भाजपा इस कानून को लेकर देशभर में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने की तैयारी कर रही है।




## आवश्यकता

चौथी वाणी के लिए मुजफ्फरपुर, अरवल, किशनगंज, गया, खगड़िया, भागलपुर एवं अन्य जिलों में जिला ब्यूरो प्रभारी की आवश्यकता है इच्छुक पत्रकार Chauthivanii@gmail.com पर अपना पूरा डक्यूमेंट के साथ संपर्क करें।

ज्योति प्रकाश भवन, जकरियापुर एसएफसी कॉलोनी, जीरो माइल गंगा पेट्रोल पंप के नजदीक, पटना

संपर्क : 9835055017/7004145686

## संक्षिप्त खबरें

### टाटा ने इलेक्ट्रिक सीवी पोर्टफोलियो का किया विस्तार

**चौथी वाणी/पटना।** कमर्शियल व्हीकल निमार्ता टाटा मोटर्स ने इलेक्ट्रिक कमर्शियल मोबिलिटी में अपनी नेतृत्व स्थिति को और मजबूत करते हुए ऑल-न्यू टाटा इंट्रा ईवी पिकअप लांच किया है। यह नया पिकअप भरोसेमंद इंट्रा प्लेटफॉर्म की मजबूती को खास तौर पर तैयार किए गए इलेक्ट्रिक सिस्टम के साथ जोड़ता है। इसे भारत की बदलती कार्गो जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह पूरे देश में टाटा मोटर्स के कमर्शियल व्हीकल डीलरशिप्स पर उपलब्ध होगा, जिसकी कीमत 11.95 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है।

### एचएमएसआई ने किया पूर्वी क्षेत्र में 1 करोड़ बिक्री का आंकड़ा पार

**चौथी वाणी/पटना।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने पूर्वी क्षेत्र में 1 करोड़ संचयी बिक्री का ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है। यह उपलब्धि कंपनी की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण अध्याय है और इसके मजबूत बाजार विस्तार को दशार्ती है। पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, झारखंड और उत्तर-पूर्वी राज्यों जैसे प्रमुख बाजारों में मिली यह सफलता एचएमएसआई की बढ़ती लोकप्रियता और ग्राहकों के भरोसे को और मजबूत करती है। उक्त बातें डायरेक्टर, सेल्स और मार्केटिंग मुत्सुओ उसुई ने कहा।

### पटना कॉलेज एवं प्रेम यूथ के बीच एमओयू

**चौथी वाणी/पटना।** नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पटना विश्वविद्यालय के पटना कॉलेज पटना एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन के बीच इंटर्नशिप को लेकर एमओयू हुआ है। मौके पर उपस्थित कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि नई शिक्षा नीति में छात्र-छात्राओं के लिए इंटर्नशिप बहुत ही लाभकारी साबित हो रहा है। इससे छात्र छात्राओं को सर्वांगीण विकास में काफी मददगार है। किताब के साथ साथ चरित्र निर्माण, जीवन कौशल पर विशेष बल दिया जा रहा है। कॉलेज के छात्राओं को एक्सपोजर विजिट कराया जायेगा। इंटर्नशिप से छात्र-छात्राओं का बहुमुखी विकास हो रहा है। वहीं फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि इंटर्नशिप छात्र-छात्राओं के हित में उठाया गया कदम है।



### मो. हिदायतुल्ला का जीवन लोकतांत्रिक मूल्यों और जनसेवा की मिसाल

**चौथी वाणी/पटना।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. मो. हिदायतुल्ला खान की 18वीं पुण्यतिथि सदाकत आश्रम स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने की। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने स्व. मोहम्मद हिदायतुल्ला खान के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। राजेश राम ने कहा कि स्व. मो. हिदायतुल्ला खान का पूरा जीवन लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक परंपराओं और जनसेवा के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने सदन की गरिमा, निष्पक्षता और संसदीय परंपराओं को मजबूती प्रदान की, जो आज भी जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर कपिलदेव प्रसाद यादव, ब्रजेश प्रसाद मुनन, राजेश राठौड़, असितनाथ तिवारी, वैद्यनाथ शर्मा, पंकज यादव, मनोज शर्मा, ज्ञान रंजन, चन्द्रभूषण राजपूत, अरविन्द लाल रजक, उमेश कुमार राम, सुनील कुमार सिंह, डॉ. अमन कुमार, मो. परवेज सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे।

### हयात ने की प्रबंधन समझौतों पर हस्ताक्षर

**चौथी वाणी/पटना।** हयात होटल्स कॉर्पोरेशन ने ब्रिगेड होटल वेंचर्स और डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ भारत में दो संपत्तियों ग्रैंड हयात चेन्नई ईसीआर और हयात हाउस बेंगलुरु देवनहल्ली के लिए प्रबंधन समझौतों पर हस्ताक्षर की घोषणा की। हयात के भारत एवं दक्षिण-पश्चिम एशिया विकास विभाग के उपाध्यक्ष ध्रुव राठौर ने कहा कि उक्त समझौतों पर काम करने को लेकर उत्साहित हैं। चेन्नई और बेंगलुरु तेजी से विकसित हो रहे बाजार हैं, जहां आतिथ्य सेवाओं की मजबूत मांग है। ये परियोजनाएँ भारत के प्रमुख अवकाश और व्यावसायिक गंतव्यों में हमारे ब्रांड विस्तार की रणनीति के अनुरूप हैं।

### ईशान भूषण ने जीता दो-दो अवॉर्ड

**चौथी वाणी/पटना।** दसवीं कक्षा के छात्र ईशान भूषण ने संत करेंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के द्वारा आयोजित ऐस अवार्ड समारोह में दोहरा पुरस्कार प्राप्त किया है। ईशान भूषण को हॉलिस्टिक एक्सीलेंस अवार्ड और परफेक्ट अटेंडेंस अवॉर्ड प्राप्त हुआ है। ईशान भूषण को यह पुरस्कार आईएइस अधिकारी रजनीश कुमार सिंह एवं बिहार फुटवेयर डिजाइन डेवलपमेंट के कार्यकारी निर्देशक नीरज कुमार ने प्रदान किया। इस मौके पर स्कूल के संस्थापक डीबी गोलस्टन, निदेशक एलबी गोलस्टन, प्रिंसिपल सीमा सिंह, वाइस प्रिंसिपल संजय जोसेफ सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

### श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कदमकुआं में जैन धर्मावलंबियों 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य का किया शांति धारा एवं पूजन

**पटना (चौथी वाणी) पटना** जैन धर्मावलंबियों ने पटना के श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कदमकुआं में जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य का किया शांति धारा एवं पूजन। जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य की शांतिधारा एवं पूजन के लिए प्रातः से ही श्रद्धालुगण मंदिर पहुंचने लगे। इसके बाद भगवान वासुपूज्य का अभिषेक निर्मलजी बड़जात्या, अशोक छाबड़ा नयाटोला, एडवोकेट अजीत जैन, प्रभातजी, विनय जी, सुनीलजी, मनोज, संजय छाबड़ा, संदीपजी, नवीन जैन सहित अन्य द्वारा किया गया। अभिषेक के बाद शांतिधारा एम पी जैन द्वारा की गई। फिर भगवान का अर्घ्य चढ़ाया गया। फिर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। इसके बाद अशोक जैन छाबड़ा द्वारा स्वाध्याय सभी श्रद्धालुओं को सुनाया गया।

**कौन हैं भगवान वासुपूज्य :** अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महासमिति के बिहार - झारखंड के महामंत्री एम पी जैन ने बताया कि भगवान वासुपूज्य जैन धर्म के बारहवें तीर्थंकर हैं। जैन मान्यताओं के अनुसार उन्होंने सभी कर्मों का नाश करके सिद्ध पद प्राप्त किया, अर्थात वे एक मुक्त आत्मा बन गए। उनका जन्म चंपापुरी के राजा वसुपूज्य और रानी जया देवी के यहाँ फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को हुआ था।इनका प्रतीक चिन्ह बैल है। जैन धर्म की मान्यतानुसार उनकी ऊंचाई 70 धनुष थी। उनके 66 गणधर थे। कुमार देव उनके यक्ष देव हैं और चंद्र देवी उनकी यक्षिणी देवी हैं। भगवान वासुपूज्य ने जीवनभर ब्रह्मचर्य का पालन किया और उन्होंने विवाह नहीं किया। कठोर तपस्या के केवल एक महीने के भीतर ही उन्होंने केवलज्ञान प्राप्त कर लिया। अंततः उन्होंने चंपापुरी (बिहार) में ही आषाढ़ शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को मोक्ष प्राप्त किया। भगवान वासुपूज्य के पांचों कल्याणक, गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान एवं मोक्ष चम्पापुर बिहार में हीं हुए थे।



# राज्य के 5 औद्योगिक क्षेत्रों में 64 एकड़ भूमि इकाइयों को आवंटित

**3,000 करोड़ का निवेश और 1500 लोगों को रोजगार की संभावना**

**बियाडा की पीसीसी की बैठक आयोजित**



**चौथी वाणी/पटना।** उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आईडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार की अध्यक्षता में बियाडा की प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी (पीसीसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पात्र आवेदकों को राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि और तैयार औद्योगिक शेड्स आवंटित करने की मंजूरी दी गई। समिति ने राज्य के 5 औद्योगिक क्षेत्रों (पूर्णिया, मुजफ्फरपुर, बिहटा, बेगूसराय एवं गया) में कुल 63.56 एकड़ भूमि औद्योगिक इकाइयों को आवंटित करने का निर्णय लिया, जिससे बिहार के औद्योगिक परिदृश्य को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। उद्योग मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि बिहार सरकार राज्य में उद्योगों के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आज आयोजित पीसीसी बैठक में विभिन्न क्षेत्रों की इकाइयों को भूमि आवंटन किया जाना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विशेष रूप से बायो-प्लास्टिक्स जैसी पर्यावरण-अनुकूल परियोजनाओं को बढ़ावा देना हमारी सतत विकास की प्राथमिकताओं को दशार्ता है। 3,000 करोड़ से अधिक के निवेश एवं बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन से न केवल औद्योगिक आधार मजबूत होगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए नए अवसर भी उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर कुंदन कुमार ने कहा कि बियाडा के माध्यम से पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रक्रिया अपनाते हुए पात्र निवेशकों को औद्योगिक भूखंड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विभिन्न सेक्टरों में स्वीकृत ये परियोजनाएं राज्य में निवेश के अनुकूल वातावरण को और सुदृढ़ करेंगी। विभाग द्वारा आधारभूत संरचना, कनेक्टिविटी एवं नीति समर्थन के माध्यम से निवेशकों को हर संभव सुविधा प्रदान की जा रही है, ताकि परियोजनाओं का शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। इन स्वीकृत औद्योगिक परियोजनाओं में प्लास्टिक एवं रबर, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र, आईटी/आईटीईएस तथा नवीकरणीय ऊर्जा जैसे विविध क्षेत्र शामिल हैं। प्रस्तावित इकाइयों के माध्यम से राज्य में लगभग 3043.68 करोड़ का निवेश आने का अनुमान है, जिससे लगभग 1419 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।इस बैठक में बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, बिहार राज्य प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड एवं बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## एनआईटी परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन




**चौथी वाणी/पटना।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं एनआईटी पटना के संयुक्त तत्वावधान में एनआईटी परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रेड क्रॉस के सचिव एवं एनएमसीएच अगमकुआं के प्रशासनिक पदाधिकारी डॉ. मुकुल कुमार सिंह की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष विनोद भांटी, कार्यकारिणी सदस्य अमित कुमार एवं गोविंद जायसवाल भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एनएमसीएच के मनोरोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि रक्तदान से जुड़ी मिथ्या एवं भ्रमक बातों से रक्तदाताओं को विचलित नहीं होना चाहिए, क्योंकि रक्तदान एक महान और जीवनदायी कार्य है।

शिविर में एनआईटी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लगभग 120 यूनिट रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एनआईटी पटना के एसोसिएट डीन डॉ. विमलेश वर्मा, डॉ. निशांत तनवर, प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. अनुराग सहाय, डॉ. अनिमेष श्रीवास्तव, डॉ. भावनी कुमारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## 50 लाख करोड़ निवेश से बदलेगी राज्य की तस्वीर : जदयू

**चौथी वाणी/पटना।** जदयू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम एवं परिमल कुमार ने जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व और सुशासन की नीति के चलते बिहार अब देश के उभरते हुए औद्योगिक केंद्र के रूप में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। उद्योग विभाग द्वारा अगले पांच वर्षों में 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश और 1 करोड़ युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने का जो महा-संकल्प लिया गया है, वह बिहार के आर्थिक इतिहास में एक निर्णायक मोड़ साबित होगा। यह लक्ष्य केवल एक सरकारी घोषणा नहीं, बल्कि बिहार के युवाओं, किसानों, उद्यमियों और आम नागरिकों के उज्ज्वल भविष्य का ठोस रोडमैप है। राज्य सरकार ने स्पष्ट रूप से तय किया है कि हर वर्ष 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश को आकर्षित कर नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की जाएगी, जिससे प्रतिवर्ष लगभग 20 लाख लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। यह पहल बिहार से होने वाले पलायन को रोकने, स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन करने और गांव-गांव तक आर्थिक समृद्धि पहुंचाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

## खेड़ा पर असम के सीएम की कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से प्रेरित : राजेश



**चौथी वाणी/पटना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा पर असम पुलिस की कार्रवाई तथा असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के विरोध में बिहार कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में जोरदार विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने केंद्र एवं असम सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला बताया। प्रदर्शन के दौरान असम सरकार का पुतला भी दहन किया गया। राजेश राम ने कहा कि पवन खेड़ा पर असम पुलिस की कार्रवाई पूरी तरह से राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारें विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही हैं। कार्यक्रम में पूनम पासवान, ब्रजेश प्रसाद मुनन, राजेश राठौड़, असितनाथ तिवारी, कुमार आशीष,मनोज शर्मा, वैद्यनाथ शर्मा, ज्ञान रंजन, पंकज यादव, अरविन्द लाल रजक, चन्द्रभूषण राजपूत, मृणाल अनामय, डॉ. अमन कुमार, विमलेश तिवारी, नदीम अख्तर अंसारी, निधि पाण्डेय, प्रेमचन्द सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## सेवा कार्यक्रम का आयोजन



**चौथी वाणी/पटना।** इनर व्हील क्लब अशियाना ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि सेवा केवल शब्द नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन है। क्लब की अध्यक्ष सुजाता शर्मा के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस विशेष सेवा कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रश्मी गुप्ता का स्वागत किया गया। डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन ने क्लब की सराहना करते हुए कहा कि अशियाना क्लब वास्तव में इनर व्हील के आदर्शों, मित्रता, सेवा और अंतर्राष्ट्रीय समझ को जमीन पर उतार रहा है। इनर व्हील विश्व का सबसे बड़ा महिला स्वयंसेवी सेवा संगठन है। इस संगठन के तीन मूल उद्देश्य हैं- सच्ची मित्रता को बढ़ावा देना, व्यक्तिगत सेवा के आदर्शों को प्रोत्साहित करना और अंतर्राष्ट्रीय समझ के माध्यम से एक वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करना।

## स्लिम एयर डिजाईन के साथ रियलमी 16 5जी लांच




**चौथी वाणी/पटना।** नई जनरेशन के युवा यूजर्स के लिए रियलमी ने स्लिम एयर डिजाईन और शक्तिशाली बैटरी के साथ रियलमी 16 5जी पेश किया। इसमें एआई आधारित ड्युअल 50 मेगापिक्सल का पोर्ट्रेट कैमरा और जबरदस्त सेल्फी इनोवेशन दिए गए हैं। इसकी कीमत 30 हजार रुपये से कम है।

रियलमी इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर फ्रैंसिस वोंग ने कहा कि स्मार्टफोन उद्योग में मूल्य रीसेट हो रहे हैं। यूजर्स हर मूल्य वर्ग में बेहतर फीचर्स चाहते हैं। इस स्मार्टफोन के लांच करने का उद्देश्य उनकी इन अपेक्षाओं को पूरा करना है। इस स्मार्टफोन में हमने कई इनोवेशन, जैसे उद्योग का पहला सेल्फी मिरर और 7000 एमएएच की दमदार बैटरी के साथ स्लिम और दैनिक उपयोगिता का डिजाईन दिया है। हमने न केवल इनोवेशन पेश किया है, बल्कि एक विश्वसनीय और दीर्घकालिक अनुभव भी पेश किया है, जो भारत में स्मार्टफोन खरीदने और इस्तेमाल करने के तरीके के अनुरूप है। यह दो रंगों एयर व्हाईट और एयर ब्लैक में उपलब्ध होगा। रियलमी डॉट कॉम, फ्लिपकार्ट और मेनलाईन रिटेल स्टोर्स पर इस स्मार्टफोन के साथ आकर्षक लांच ऑफर दिए जा रहे हैं।

### खरगे के जहरीले बयान से कांग्रेस की नफरत वाली राजनीति फिर बेनकाब : दानिश

**चौथी वाणी/पटना।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के भाजपा और आरएसएस को लेकर दिए गए एक विवादास्पद बयान को लेकर बिहार भाजपा ने जोरदार पलटवार करते हुए चुनाव आयोग से कार्रवाई करने तक की मांग की है। मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण, गैर-जिम्मेदाराना और देश की सामाजिक एकता को नुकसान पहुंचाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्रीय पार्टी के शीर्ष नेता से इस तरह की भाषा की अपेक्षा नहीं की जाती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष का बयान यह साबित करने के लिए काफी है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तुष्टिकरण और समाज को बांटने की राजनीति से बाहर निकलना ही नहीं चाहती। इस प्रकार के बयान न केवल राजनीतिक मयार्दा को गिराते हैं, बल्कि समाज में अविश्वास और तनाव भी पैदा करने का काम करते हैं।

## पटना नगर निगम केअंचलों को करीब तीन करोड़ रुपये आवंटित

**मानसून तैयारी, स्वच्छ सर्वेक्षण एवं सार्वजनिक पेयजल की होगी व्यवस्था**

**चौथी वाणी/पटना।** पटना नगर निगम मुख्यालय द्वारा निगम के सभी छह अंचलों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, मानसून एवं हीट वेव प्रीपेयर्डनेस से संबंधित कार्यों के लिए 2,61,68,068 करोड़ की राशि आवंटित की गई है। यह राशि अंचलों से प्राप्त अधियाचनाओं के आधार पर स्वीकृत की गई है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य में उपयोग किए जा रहे वाहनों की सर्विसिंग, मरम्मत, टायर-ट्यूब, लुब्रिकेंट एवं बैटरी की खरीद एवं रखरखाव के लिए कुल 2,25,68,068 की राशि आवंटित की गई है। सभी कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि आवंटित राशि के उपयोग के पश्चात साक्ष्य सहित शत-प्रतिशत उपयोगिता प्रमाण पत्र मुख्यालय को अनिवार्य रूप से समर्पित करें।

**कंटिन्जेंसी मद में प्रत्येक अंचल को 5-5 लाख :** स्वच्छ सर्वेक्षण, सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक कार्यों के लिए कंटिन्जेंसी मद के अंतर्गत प्रत्येक अंचल को 5 लाख की दर से कुल 30 लाख आवंटित किए गए हैं। निदेर्शानुसार, किसी भी भुगतान से पूर्व प्री-ऑडिट टीम द्वारा देय राशि की संपूर्ण जांच सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, आवंटित राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र मुख्यालय को भेजना अनिवार्य होगा।

**नाला उड़ाही के लिए प्रत्येक अंचल को 1-1 लाख:** प्री-मानसून नाला उड़ाही कार्य के लिए प्रत्येक अंचल को ?1 लाख की अतिरिक्त राशि आवंटित की गई है। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। नाला उड़ाही के बाद सिल्ट उठाव, एंटी-लार्वा छिड़काव तथा मैनहोल की मरम्मत एवं सफाई का कार्य मानसून पूर्व अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए।

**मुख्यालय स्तर से वाहनों की सघन जांच :** नाला उड़ाही एवं सफाई कार्य में प्रयुक्त पटना नगर निगम के स्वामित्व वाले वाहनों की मुख्यालय स्तर से सघन जांच की जा रही है। सूचना प्राप्त हो रही थी कि इनमें से कई वाहन अकार्यरत हैं। इसके मद्देनजर उप नगर आयुक्त की निगरानी में अंचलवार जांच की जा रही है। सभी अंचलों को प्रतिदिन निर्धारित प्रपत्र में जीपीएस युक्त फोटो सहित प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है, ताकि वाहनों की उपलब्धता एवं उपयोग की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सके।

# राजस्व विभाग का समीक्षा ,बिना सीओ राजस्व कर्मचारी के भी कार्य संतोष जनक : डीएम

**हाजीपुर (चौथी वाणी)।** हाजीपुर के पुष्करणी सभागार में सोमवार को जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी अंचल अधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारियों ने भाग लिया और विभिन्न राजस्व कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई।

गौरतलब है कि जिले के राजस्व कर्मचारी 10 फरवरी 2026 से हड़ताल पर हैं, जबकि अंचल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी 9 मार्च 2026 से अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर हैं। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पंचायत सचिव, अमीन और गैर-हड़ताली कर्मियों से अतिरिक्त कार्य कराया जा रहा है। साथ ही अन्य अधिकारियों को 16 अंचलों में अतिरिक्त प्रभार देकर कार्य संचालन सुनिश्चित किया गया है।समीक्षा में पाया गया कि प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद दाखिल-खारिज, परिमार्जन, ई-मापी, आधार सीडिंग और बसेरा-2 जैसे महत्वपूर्ण कार्य संतोषजनक ढंग से किए जा रहे हैं। दाखिल-खारिज के 1350 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि शेष मामलों को एक सप्ताह के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया गया।परिमार्जन प्लस पोर्टल के तहत 3362 आवेदनों का निपटारा किया गया है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि लंबित आवेदनों का भी शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करें तथा बिना उचित कारण किसी आवेदन को वापस न करें, ताकि रैयतों को परेशानी न हो।अभियान बसेरा-2 के तहत अब तक 821 भूमिहीन परिवारों को वासगीत पर्चा वितरित किया जा चुका है। शेष पात्र परिवारों की पहचान कर उन्हें भी जल्द लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। राजस्व संग्रहण के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 6 करोड़ 66 लाख 86 हजार 890 रुपये की वसूली की गई है। इसके अलावा सात निश्चय-3 योजना के अंतर्गत सरकारी भूमि की पहचान कर भूमि बैंक तैयार करने के निर्देश दिए गए, ताकि भविष्य की विकास योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध हो सके।ई-मापी आवेदनों के संदर्भ में सभी मामलों का समय निर्धारण कर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने और अनावश्यक अस्वीकृति से बचने पर जोर दिया गया।बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वर्तमान परिस्थितियों में अधिक सक्रियता और जवाबदेही के साथ कार्य करें, ताकि लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा हो और आम जनता को राहत मिल सके।




## संक्षिप्त खबरें

### महनार में प्रशासन के खिलाफ फूटा ऑटो चालकों का गुस्सा, एन एच जाम कर किया प्रदर्शन

**हाजीपुर (चौथी वाणी)।** वैशाली जिले के महनार में हाजीपुर-महनार राष्ट्रीय राजमार्ग पर अंबेडकर चौक के समीप सोमवार को ऑटो चालकों का गुस्सा प्रशासन के खिलाफ फूट पड़ा। अवैध वसूली और प्रशासनिक उदासीनता से नाराज चालकों ने सड़क जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे



चालकों ने आरोप लगाया कि उनसे खुलेआम बिना रसीद के रंगदारी वसूली की जा रही है।कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। चालकों का कहना था कि ह्लडंडे के बल पर पैसे वसूले जा रहे हैं, लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए।उनका कहना था कि यदि समय रहते कार्रवाई की जाती तो उन्हें सड़क पर उतरने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ता।सड़क जाम के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं अब आम हो चुकी हैं।प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अवैध वसूली पर रोक नहीं लगाई गई और दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। हाजीपुर-महनार एनएच पर जाम की स्थिति कई घण्टो तक बनी हुई थी और राहगीर परेशान थे।

### विद्यालय आपके द्वार अभियान के तहत गोरौल में चला नामांकन अभियान

**गोरौल(चौथी वाणी)।** वैशाली जिले के गोरौल नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय गोरौल चकव्यास द्वारा ह्वविद्यालय आपके द्वारह्ण नामांकन अभियान चलाया गया। यह अभियान विद्यालय के पोषक क्षेत्र चकिया एवं




चकव्यास गांव में संचालित किया गया।अभियान का नेतृत्व प्रधानाध्यापक प्रणव कुमार और शिक्षक राजेश रंजन ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 में 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है।अभियान के तहत बच्चों ने हाथों में ह्लआधी रोटी खाएंगे, फिर भी स्कूल जाएंगेह्व, ह्लशिक्षा हमारा अधिकार हैह्व, ह्लनामांकन प्रारंभह्व और ह्लप्रवेशोत्सवह्व जैसे स्लोगन लिखी तख्तियां और बैनर लेकर लोगों को जागरूक किया। बच्चों ने सिर पर प्रवेशोत्सव की टोपी पहनकर रैली के माध्यम से शिक्षा का संदेश फैलाया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों और बच्चों ने घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक किया, जिसके परिणामस्वरूप कुल आठ बच्चों का नामांकन कराया गया।

### चिंतामणिपुर महादलित टोला में अचानक आग लगने से दर्जनों घर जलकर राख।

**वैशाली प्रखण्ड(चौथी वाणी)।** वैशाली थाना क्षेत्र के चिंतामणिपुर पंचायत के चिंतामणिपुर गांव के महादलित टोला वार्ड नंबर 2 से जहां दोपहर करीब 12:00 बजे दिन में खाना बनाने के दौरान अचानक घर में आग लगने से दर्जनों घर सुमेत घर में रखें अनाज गहने जेवर बिछावन समेत घर में रखें सभी सामान जलकर राख हो गए। आग लगने की सूचना स्थानीय मुखिया पति रत्नेश कुमार के द्वारा वैशाली थाने को दी गई सूचना मिलते ही बेलसर एवं वैशाली से दो दमकल की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंच ग्रामीण एवं दमकल के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाए गए। पूछे जाने पर स्थानीय मुखिया पति रत्नेश कुमार ने बताया कि खाना बनाने के दौरान अचानक गोनौर राम के घर में आग लग गई और देखते ही देखते पछुआ हवा के जोड़ पर आग की लपटे इतनी तेज हो गई कि देखते ही देखते लगभग दर्जनों घर को अपने आगोश में ले लिया। आगलगी की घटना में लगभग 23 लोगों के घर जलकर गए जिसमें गोनौर राम मनोज राम रविरंजन कुमार मोतीराम बलिंदर राम दिनेश राम महेश राम मुकेश राम रामजी राम बबलू राम श्यामजी राम राजू कुमार शांति देवी मनीष राम रामेश्वर राम सीता देवी रवि रंजन कुमार मोतीराम किरण देवी बलिंदर राम महेश राम बबलू राम श्याम जी राम शांति देवी निशा कुमारी समेत अन्य लोगो के घर पूर्ण रूप से जलकर राख हो गई। इस दुखद घड़ी में स्थानीय मुखिया रत्नेश कुमार ने हर संभव पीडित परिवार को सहायता देने का आश्वासन दिया है। वहीं सरकार से मिलने वाली हर सुविधा को मुहैया कराने का आश्वासन दिया है।

### जंगल में लगी आग समय रहते टला बड़ा हादसा

**लालगंज (चौथी वाणी)।** लालगंज थाना क्षेत्र के लाल बसंता गांव में नहर किनारे स्थित जंगल में अचानक आग लग गई। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग को जानकारी दी, जिसके बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। हालांकि, दमकल की छोटी गाड़ी होने के कारण कुछ ही देर में पानी खत्म हो गया, जिससे थोड़ी देर के लिए स्थिति चिंताजनक बन गई। इसके बाद दमकल वाहन को दोबारा पानी लाने के लिए जाना पड़ा। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए आग पर काबू पाने में अहम सहयोग किया।ग्रामीणों के अनुसार, आग लगने वाले स्थान के बिल्कुल समीप कई एकड़ में गेहूं की फसल तैयार अवस्था में खड़ी थी। यदि आग खेतों तक पहुंच जाती, तो बड़ी क्षति हो सकती थी और आग पर नियंत्रण पाना मुश्किल हो जाता। राहत की बात यह रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।वार्ड पार्षद मनीष कुमार सिंह ने बताया कि जहां झाड़ियों में आग लगी थी, उसके बगल में बड़े पैमाने पर गेहूं की फसल लगी हुई थी। उन्होंने कहा कि यदि आग फसल तक पहुंच जाती, तो स्थिति भयावह हो सकती थी। उन्होंने समय रहते आग बुझाने के लिए स्थानीय लोगों और दमकल टीम की सराहना की।गौरतलब है कि अगलगी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पूर्व में वार्ड 13 की पार्षद पूनम देवी, भाजपा नेता शिवनारायण महतो, वार्ड 18 की पार्षद ललिता देवी, अमन कुमार और मनोज यादव समेत कई जनप्रतिनिधियों ने लालगंज में बड़े दमकल वाहन की मांग की थी।गर्मी के मौसम में अगलगी की घटनाएं बढ़ जाती हैं, ऐसे में स्थानीय प्रशासन और पुलिस को गंभीरता से लेते हुए बचाव के ठोस उपाय करने की आवश्यकता है। साथ ही, लालगंज में बड़े दमकल वाहन की उपलब्धता अब समय की मांग बनती जा रही है, ताकि भविष्य में किसी बड़ी घटना से बचा जा सके।

## जिले के भगवानपुर में गेहूं के खेत में लगी आग तो राघोपुर में भी अग्निकांड में 22 घर जलकर राख



**भगवनपुर/राघोपुर (चौथी वाणी)।** जिले के भगवनपुर और राघोपुर में भीषण अग्निकांड में खेत से लेकर घर जलकर राख हो गया।भगवानपुर संवाददाता के अनुसार भगवानपुर थाना क्षेत्र के असोई लच्छीराम गांव के चौर में मंगलवार की दोपहर आग लगने से गेहूं का फसल और भूषा जलकर राख हो गया। ग्रामीणों में उस समय अफरा तफरी मच गई जब गेहूं की खड़ी फसल में आग की लपटें दिखाई दिया और फसल धूं-धूं कर जलने लगा। घटना की सूचना मिलते हीं सैंकड़ों ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंच गए और नीजि नलपम्प चलाकर आग बुझाने की कोशिश करने लगे। घंटों बाद ग्रामीण आग पर काबू पा लिए, उसके बाद दमकल भी पहुंच गया। दमकल पहुंचने के बाद आग पर पुरी तरह काबू पा लिया गया। राघोपुर संबाददाता के अनुसार राघोपुर थानान्तर्गत सैदाबाद पंचायत के वार्ड संख्या तीन मे आग लगने से 22 घर जलकर राख हो गया तथा लाखों रुपये की सम्पति नष्ट हो गई। घटना के संबंध में अग्नि पीड़ित लालमोहन राय ने बताया कि सिंगेश्वर राय के घर में बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई।आग की भयावता इतनी विकराल थी कि पड़ोसी राजबहादुर राय,चंदन राय, ललन राय, डोना राय, लालमोहन राय, परमजीत राय, अमरजीत राय, संतोष राय, अशर्फी राय, सकलदीप राय, नवदीप राय, रामेश्वर राय, पाचू राय, पिंकू कुमार राय, कालेश्वर राय ,मिथिलेश राय, डोमन राय, हनुमान राय ,करू राय, गेना राय तथा बम बम कुमार के घर को अपने आगोश में ले लिया ।आग की लपट देखकर स्थानीय लोग घटना स्थल पर पहुंच कर मिट्टी, बालू, चापाकल ,मोटर पम्प वी मदद से आग पर काबू पाने का भरपूर कोशिश की लेकिन आग पर काबू पाता नहीं देख कर ग्रामीणों ने राघोपुर थानाध्यक्ष अवधेश कुमार को घटना की जानकारी दी । घटना की जानकारी मिलते ही राघोपुर थाना से फायर ब्रिगेड की टीम घटना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया।

## ऐसी है ईश्वर के नाम की महिमा आनंद ही आनंद जीवन बन जाता : आचार्य



**गोरौल(चौथी वाणी)।** रसुलपुर कोरीगांव में चल रहे रुद्र महायज्ञ में आज चतुर्थ दिवस आचार्य सुजीत शास्त्री(मिट्ठू बाबा) ने बताया कि ईश्वर के नाम का जाप अनोखे आनंद को जन्म देता है। इसका वर्णन करना कठिन ही नहीं,असंभव भी है। भगवन्नाम हमारे अंदर एक प्रकार की अलौकिक शक्ति भर देता है। वह हमारे स्वभाव में आश्चर्य जनक परिवर्तन पर देता है। वह मनुष्य को देवताओं के समान गुना से अलंकृत कर देता है। वह हमारे पुराने पापों, वासनाओं, संकल्पो, संदेह तथा अनेक प्रकार की मलिन चित्त- वृत्तियों को नष्ट कर देता है। जिस प्रकार अग्नि में जलने योग्य प्रत्येक वस्तु को जला देने की स्वाभाविक शक्ति है। इस प्रकार ईश्वर के नाम में भी पाप, मालिन-वृत्ति और वासना को जलाने के साथ अनंत, आनंद और अमर शांति प्रदान करने की भी शक्ति है। आचार्य मिट्ठू बाबा ने ये भी कहा कि तुम गणिका पिंगला की कहानी तो जानते ही होंगे। वह भी राम का नाम लेने से कितनी जल्दी एक साध्वी बन गई थी। कहा जाता है किसी चोर ने उसे एक तोता भेंट किया था। वह तोता राम का नाम लिया करता था और उस राम नाम की आवाज गणिका के कान में जाती थी। तोते की वह रामधुन बहुत ही सुंदर और मधुर थी। वह उसकी और आकर्षित हुई और उसने अपना मन राम-राम शब्द की ओर लगाया। वह राम के साथ पूर्ण रूप से ऐसी मिली कि फिर उनसे कभी अलग नहीं हुई। ऐसी है ईश्वर के नाम की महिमा।यज्ञ में उपाचार्य विपुल भारद्वाज,पंडित सुदीप शास्त्री, पंडित बलराम पांडेय, पंडित निशांत रंजन,पंडित सुशांत तिवारी, पंडित उज्वल आनंद पांडेय , पंडित गोलु तिवारी के सामुहिक मंत्रोच्चार से पुरा क्षेत्र मंत्रमुग्ध हो रहा है। महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ के मुख्य यजमान संजीव सिंह, हरिशंकर सिंह, मणिकांत प्रसाद सिंह, मनोज कुमार, मिंटु सिंह, पूर्व मुखिया कौशल किशोर सिंह, मुखिया केसरी देवी सहित समस्त ग्रामवासी तत्पर हैं।

## प्राथमिक विद्यालय रशूलपुर कोरिगाव की तस्वीर बदल रही

**गोरौल (चौथी वाणी)।** प्रखंड गोरौल के सर्वोत्तम प्राथमिक विद्यालय चकव्यास के कार्य प्रगति प्रखण्ड गोरौल का उदाहरण है तो अभी के दौर में रसूलपुर कोरीगांव पंचायत स्थित सर्वाधिक कम नामांकन वाले नवसृजित प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर कोरीगांव की तस्वीर अब बदलने लगी है। विद्यालय की व्यवस्था जैसे ही सुदृढ़ हुई, अभिभावकों का विश्वास भी बढ़ा और बच्चों की संख्या में लगातार इजाफा होने लगा।प्रधान शिक्षक धर्मेंद्र कुमार के कुशल प्रबंधन एवं शिक्षकों द्वारा लगातार अभिभावकों से संपर्क के प्रयास का सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहा है। नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से शिक्षक घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक कर रहे हैं, जिससे नए शैक्षणिक सत्र में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जा सके।इसी क्रम में प्रधान शिक्षक धर्मेंद्र कुमार ने पोषक क्षेत्र में अभिभावकों से मुलाकात कर विद्यालय में बेहतर शिक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में हिंदी, अंग्रेजी सहित सभी विषयों की गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई कराई जा रही है, इसलिए अभिभावक अपने बच्चों को यहां जरूर भेजें।विद्यालय में सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं का समुचित लाभ बच्चों को दिया जा रहा है। इनमें निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, कॉपी, पेंसिल, स्कूल बैग, कलर बुक व कलर पेंसिल, मध्यान्ह भोजन, पोशाक राशि, खेल सामग्री आदि शामिल हैं। इसके साथ ही स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ पेयजल, विद्यालय की घेराबंदी, गेट, बिजली व्यवस्था तथा वाद्य यंत्र की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है।बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए मासिक ह्लचुनमुनह्व पत्रिका, पुस्तकालय की पुस्तकों का नियमित उपयोग, बागवानी, स्वास्थ्य जांच तथा प्रत्येक सोमवार को साप्ताहिक मूल्यांकन जैसी गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं। विद्यालय बच्चों की व्यक्तिगत स्वच्छता, सुरक्षा एवं उनके व्यक्तित्व निर्माण को लेकर भी सजग और सक्रिय है।प्रधान शिक्षक के अनुसार नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 में अप्रैल माह तक नामांकन अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान पोषक क्षेत्र के सभी अनामांकित बच्चों का उम्रानुसार कक्षा में नामांकन किया जाएगा। विभागीय निर्देश के अनुसार कक्षा प्रथम में 5 वर्ष 6 माह से अधिक आयु के बच्चों का नामांकन किया जा सकेगा।



## नए शैक्षिक सत्र में पाठ्य पुस्तके पा कर छात्र-छात्राओं के खुशी से खिल उठे चेहरे

**महुआ नगर/ वैशाली (चौथी वाणी)।** बिहार सरकार के द्वारा नए शैक्षणिक सत्र के शुरू होते ही छात्राओं के सुलभ एवं सुगम शिक्षा प्रदान करने के लिए पाठ्य पुस्तक उपलब्ध करा दी गई है। प्रखंड संसाधन केंद्र के माध्यम से किताबों का वितरण सुनिश्चित करने का आदेश दिए जाने के बाद प्रखंड संसाधन केंद्र के कर्मियों एवं पदाधिकारी के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के तमाम विद्यालयों में पाठ्य पुस्तकों का वितरण शुरू कर दिया गया है। संकुल समन्वय को के माध्यम से सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों को वर्ग 1 से लेकर आठवीं तक के छात्र छात्राओं के लिए पाठ्य पुस्तक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करा दी गई है। इसी कड़ी में संकुल संसाधन केंद्र वैशाली विद्यालय महुआ के अंतर्गत आने वाले महुआ नगर परिषद क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय महुआ कन्या में भी संकुल संसाधन केंद्र के द्वारा पाठ्य पुस्तक के उपलब्ध करा दिए जाने के बाद मंगलवार को राजकीय मध्य विद्यालय कन्या में उपस्थित छात्राओं के बीच पाठ्य पुस्तकों का वितरण कर दिया गया। यह पाठ्य पुस्तक वर्ग एक से लेकर आठवीं वर्ग तक में पढ़ने वाले दर्जनों छात्राओं के बीच किया गया। पाठ्य पुस्तक पाकर विद्यालय के छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुमार सरोज,शिक्षक सत्येंद्र कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस नए शैक्षणिक वर्ष के शुरूआत होते ही विभाग के द्वारा पुस्तके उपलब्ध करा दिए जाने के बाद आप सभी को पुस्तक के उपलब्ध करा दी गई है। आप सभी नियमित रूप से विद्यालय आने के साथ-साथ नियमित रूप से इन पाठ्य पुस्तकों के माध्यम से अपने अध्ययन अध्यापन में रुचि लेकर अपनी पढ़ाई पूरी तन्मयता के साथ जारी रखेंगे।इस मौके पर शिक्षक अमित कुमार, रोहित कुमार,संजीव कुमार, शिक्षिका पिंकी कुमारी, रीना कुमारी, मंजू कुमारी,महजबी खातून आदि उपस्थित थे।




## बिहार में शराब का दरिया बहाना चाहते हैं तेजस्वीः प्रभाकर मिश्र

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर तेजस्वी यादव का पोस्ट, जिसमें शराबबंदी को विफल बताया गया है, पर करारा पलटवार करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव को शराबबंदी से गहरी चोट लगी है,जिसका दर्द रह-रहकर तेज हो जाता है। श्री मिश्र ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि तेजस्वी यादव को शराबबंदी से दुखी होने की सबसे बड़ी वजह यह है कि शराब माफियाओं से राजद का गहरा संबंध रहा है। शराब के कारोबार की बड़ी राशि राजद के फंड में जाती रही है। लेकिन, शराबबंदी में शराब माफियाओं का धंधा बंद हो गया। शराब माफिया बेरोजगार हो गये और राजद के फंड में शराब के पैसे आने बंद हो गये। तेजस्वी यादव बिहार में शराब का दरिया बहाना चाहते हैं। श्री मिश्र ने कहा कि राज्य और समाज के हित में शराबबंदी का फैसला लिया गया है। शराबबंदी के 10 साल पूरे होने पर इसके सकारात्मक परिणाम हर तरफ दिख रहे हैं। घरेलू हिंसा में कमी आयी है और सड़क हादसे भी अब पहले की अपेक्षा कम होते। शराबबंदी के बाद सरकार ने व्यापकता और सघनता के साथ प्रदेश में जागरूकता अभियान भी चलाया। बताया गया कि शराब पीने से कितना नुकसान होता है। इसके बाबजूद कुछ लोग गड़बड़ी करते हैं, जिसमें कभी -कभी जहरीली शराब से लोगों की जान चली जाती है। यह दुखद और निराशाजनक है। लेकिन, इसके लिए कोई अगर शराबबंदी को गलत कहता है, तो उसकी मानसिक स्थिति सही नहीं कही जायेगी। तेजस्वी यादव को इसका अगर कोई ज्ञान नहीं है कि शराब पीने से कितना नुकसान होता है, तो यह उनकी अल्प शिक्षा की वजह से है। श्री मिश्र ने कहा कि बिहार में शराबबंदी है और सख्ती के साथ लागू रहेगी।



# कुचायकोट में दो पैक्स के चुनाव की प्रक्रिया आज से शुरू, 20 को मतदान

**कुचायकोट/गोपालगंज(चौथी वाणी)** । स्थानीय प्रखंड की दो प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) में प्रबंध समिति के चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया बुधवार (8 अप्रैल) से शुरू होगी। दो दिनों तक चलने वाली इस प्रक्रिया के लिए बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के निर्देश पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इच्छुक प्रत्याशी सुबह 11:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक अध्यक्ष एवं प्रबंध समिति सदस्य पद के लिए नामांकन दाखिल कर सकेंगे। ग्राम विकास अधिकारी अशरफ अली को सहायक निर्वाचन पदाधिकारी (एआरओ) नियुक्त किया गया है तथा उनके कार्यालय कक्ष को ही नामांकन केंद्र बनाया गया है।प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार मिश्रा ने बताया कि बंगालखाड़ और सिसवा पैक्स में चुनाव कराया जाएगा। नामांकन के बाद 10 व 11 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 13 अप्रैल को नाम वापसी की तिथि निर्धारित है। इसी दिन प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि 20 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा और उसी दिन शाम में मतगणना कर परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। एआरओ अशरफ अली के अनुसार, प्रखंड कार्यालय के सभागार को मतदान केंद्र एवं मतगणना स्थल बनाया गया है। यहीं से मतदान सामग्री व बैलेट बॉक्स का वितरण होगा तथा मतदान के बाद इन्हें जमा कराया जाएगा।चुनाव के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रखंड कार्यालय परिसर में अनावश्यक भीड़ पर पूरी तरह रोक रहेगी। केवल प्रत्याशी, उनके प्रस्तावक एवं अधिकृत समर्थकों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।प्रशासन ने निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं।



## खबरें एक नजर में

### रामपुर भैंसही में हथियारबंद बदमाशों का धावा, 9 लाख की चोरी; पुलिस छापेमारी जारी

**कुचायकोट/गोपालगंज(चौथी वाणी)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर भैंसही गांव में रविवार की देर रात हुई सनसनीखेज चोरी की घटना के बाद पुलिस बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।हालांकि समाचार लिखे जाने तक किसी भी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।पीड़िता नईमा परवीन ने कुचायकोट थाने में दिए आवेदन में बताया कि रविवार देर रात 4 से 5 की संख्या में हथियारबंद बदमाश उनके घर में घुस आए। बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन छीन ली और नगदी समेत करीब 9 लाख रुपये मूल्य के सामान की चोरी कर फरार हो गए।पीड़िता के अनुसार, घटना में शामिल एक युवक को वह पहचानती हैं, जबकि अन्य चार बदमाश अज्ञात हैं। घटना के बाद पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।थानाध्यक्ष ने बताया कि नामजद आरोपित की पहचान के आधार पर संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपित पीड़ित परिवार के परिचित हो सकते हैं।पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इधर, घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### तीन बाइक से 310 टेट्रा पैक शराब जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

**कुचायकोट/गोपालगंज(चौथी वाणी)** । मंगलवार को उत्पाद विभाग की टीम ने विशंभरपुर थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए सलेहपुर मटिहिनिया गांव के



पास छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। इस दौरान कुल 310 पीस टेट्रा पैक शराब जब्त की गई।कार्रवाई के दौरान टीम ने मौके से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया, जबकि एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया। इसके अलावा तस्करी में प्रयुक्त तीन बाइक भी जब्त की गई हैं।उत्पाद अधीक्षक अमृतेश कुमार ने बताया कि सघन जांच अभियान के तहत बाइक सवार युवकों को रोका गया। तलाशी के दौरान उनके पास से भारी मात्रा में शराब बरामद हुई, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी को गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जादोपुर थाना क्षेत्र के हितपट्टी गांव निवासी टुनटुन कुमार यादव तथा बरईपट्टी गांव निवासी गोल्डन कुमार और प्रिंस कुमार के रूप में की गई है।उत्पाद विभाग ने सभी आरोपितों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें आगे की करवाई के लिए न्यायालय में भेज दिया।

### भूमि विवाद में फरार आरोपी गिरफ्तार, पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**कुचायकोट/गोपालगंज(चौथी वाणी)। गोपाल**पुर थाना क्षेत्र के मदाचक गांव में भूमि विवाद को लेकर हुए मारपीट व जानलेवा हमले के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान मदाचक गांव निवासी कोकिल राम के रूप में हुई है। बताया जाता है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी गांव में ही छिपा हुआ है।सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तथा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया।उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 22 दिसंबर को मदाचक गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई थी, जिसमें मुद्रिका राम सहित करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस मामले में मुद्रिका राम के बयान पर 20 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।घटना के बाद से ही कोकिल राम फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। अब आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मामले में आगे की कार्रवाई तेज होने की संभावना जताई जा रही है।



### 33 हजार वोल्ट के तार से निकली चिंगारी से पेड़ में लगी आग

**सिधवलिया/गोपालगंज(चौथी वाणी)** । सिधवलिया प्रखंड के पकड़ी गाँव स्थित एन एच 27 के बगल मे एक पेड़ पर आग लग गई ' देखते देखते पूरा पेड़ धू धू कर जलने लगा ' जिससे आस पास के लोगों मे अफरा- तफरी मच गई ' इस समस्या को लेकर विद्युत विभाग के कर्मी मौके पर पहुँच कर विद्युत संचालन को बाधित कर दिया ' वहीं,पेड़ जलकर दूसरे तार पर गिर गया जिससे जिससे गंभीर स्थिति पैदा हो गई और घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित रहा ' इस घटना से कोई अप्रिय घटना की सूचना नही है ' विभाग के कर्मी अगली कार्रवाई मे जुट गए '

### चनपटिया चीनी मिल पर फिर जगी आस, नई इकाई स्थापना की ओर बढ़ा कदम

**बेतिया,(चौथी वाणी)**बिहार सरकार द्वारा निष्क्रिय पड़ी चीनी मिलों के पुनरोद्धार की दिशा में अभियानात्मक पहल तेज करते हुए मंगलवार को चनपटिया स्थित बंद पड़ी चीनी मिल परिसर का उच्चस्तरीय निरीक्षण संपन्न हुआ। गन्ना उद्योग विभाग के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना संघ लिमिटेड, नई दिल्ली की विशेषज्ञ टीम ने चीफ एडवाइजर डॉ. आर. बी. डॉले के नेतृत्व में स्थल का सूक्ष्म अवलोकन किया। इस दौरान जिला गन्ना पदाधिकारी रेमन्त झा भी उपस्थित रहे।निरीक्षण दल ने मिल की भौतिक संरचना, उपलब्ध परिसंपत्तियों तथा आसपास के भौगोलिक परिवेश का तकनीकी परीक्षण किया। डॉ. डॉले ने स्पष्ट किया कि वर्तमान परिदृश्य में पुरानी इकाई का पुनर्संरक्षण व्यवहार्य नहीं है, अतः यहां नवीन चीनी मिल की स्थापना हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा। दल द्वारा शीघ्र ही गन्ना व्यवहार्यता प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा, जिसके आधार पर भावी कार्ययोजना निर्धारित होगी। इस कवायद से क्षेत्रीय कृषकों में आशा का संचार हुआ है, क्योंकि संभावित नई इकाई से गन्ना उत्पादकों को सुदृढ़ बाजार और रोजगार के नवीन अवसर सुलभ होंगे।



**इस अवसर पर टेक्निकल एडवाइजर मुरलीधर चौधरी, डिप्टी टेक्निकल एडवाइजर एस. सोमसुंदरम सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे**

### साठी बाजार में बैंक से निकासी के बाद 24 हजार की उचक्कागिरी, जांच तेज।

बेतिया(चौथी वाणी)नरकटियागंज अनुमंडल के साठी बाजार में मंगलवार को बैंक से राशि निकासी के बाद उचक्कागिरी की घटना सामने आई। बेलवा निवासी जावेद अख्तर उर्फ साहेब ने साठी स्थित भारतीय स्टेट बैंक की नवमी चौक शाखा से 24 हजार रुपये निकाले थे। बैंक से बाहर निकलने के दौरान दो संदिग्ध युवक उनके आसपास मंडरा रहे थे, लेकिन उस समय उन्हें कोई आशंका नहीं हुई।

## फुलवरिया में घर बना रहे युवक पर हमला, तीन घायल; सात के खिलाफ प्राथमिकी

**फुलवरिया/ गोपालगंज (चौथी वाणी)** । फुलवरिया थाना क्षेत्र के बनिया छापर गांव में घर निर्माण करा रहे एक युवक पर सात लोगों द्वारा लाठी-डंडों से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका इलाज फुलवरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। घटना को लेकर पीड़ित पक्ष ने नामजद प्राथमिकी दर्ज कराते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बनिया छापर निवासी सुखारी महतो के पुत्र नंदकिशोर महतो अपने निजी जमीन पर घर का निर्माण कार्य करा रहे थे।इसी दौरान गांव के ही राहुल कुमार चौहान सहित सात लोग वहां पहुंचे और बिना किसी कारण गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने नंदकिशोर महतो पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित ने बताया कि जब उनके भाई लालसाहब महतो और पिता सुखारी महतो बीच-बचाव करने पहुंचे, तो हमलावरों ने उन्हें भी बेरहमी से पीट दिया जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को तत्काल फुलवरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। प्राथमिकी में यह भी आरोप लगाया गया है कि हमलावरों ने रंगदारी के रूप में दो लाख रुपये की मांग की और पैसे नहीं देने पर घर निर्माण नहीं होने देने तथा जान से मारने की धमकी दी। साथ ही आरोप है कि हमलावरों ने पीड़ित के पॉकेट से 50 हजार रुपये नकद छीन लिए और उसके भाई के गले से सोने की चेन भी तोड़ ली। इतना ही नहीं, घटना के दौरान कुछ महिलाएं भी आरोपितों के घर से पहुंचीं और निर्माण कार्य में लगी सामग्रियों को उठा ले गईं ।घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।इस संबंध में थानाध्यक्ष कुंदन कुमार ने बताया कि नंदकिशोर महतो के आवेदन पर सात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।पुलिस मामले की जांच में जुटी है और दोषियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## सीएचसी कुचायकोट को लगातार दूसरी बार 'कायाकल्प पुरस्कार', उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं का मिला सम्मान

**स्वच्छता, गुणवत्ता और बेहतर सेवा के दम पर रचा कीर्तिमान, स्वास्थ्यकर्मियों में खुशी की लहर**




**कुचायकोट/गोपालगंज(चौथी वाणी)**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कुचायकोट ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचय देते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है।स्वच्छता, गुणवत्ता एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए सीएचसी को लगातार दूसरी बार प्रतिष्ठित ह्लकायाकल्प पुरस्कारह्व से सम्मानित किया गया है।इस उपलब्धि से अस्पताल के चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं सहयोगी कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है। इसे संस्थान में कार्यरत सभी कर्मियों के समर्पण, अनुशासन और बेहतर टीम वर्क का परिणाम माना जा रहा है।अस्पताल प्रबंधन द्वारा स्वच्छता मानकों का सख्ती से पालन, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन, मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इन सभी मानकों पर खरा उतरते हुए सीएचसी कुचायकोट ने यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के वरीय पदाधिकारियों ने अस्पताल प्रबंधन एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके कार्यों की सराहना की।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. श्यामसुंदर कुमार एवं स्वास्थ्य प्रबंधक जितेंद्र सिंह ने कहा कि लगातार दूसरी बार ह्लकायाकल्प पुरस्कारह्व मिलना पूरे संस्थान के लिए गर्व की बात है। इससे सभी कर्मियों का उत्साह बढ़ा है और वे भविष्य में भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।वहीं, स्थानीय लोगों ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जताई है और उम्मीद व्यक्त की है कि सीएचसी कुचायकोट आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट कार्य करते हुए क्षेत्रवासियों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता रहेगा।

## पेंदुला खास में दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन, मेधावियों को मिला सम्मान

**उचकागांव /गोपालगंज(चौथी वाणी)**। उचकागांव प्रखंड के पेंदुला खास स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में दीक्षांत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ कुमार प्रशांत ने कहा कि आज के प्रतियोगी युग में शिक्षा ही एकमात्र ऐसा अस्त्र है, जिससे आप गरीबी और पिछड़ेपन को मात दे सकते हैं।पेंदुला खास जैसे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का प्रथम श्रेणी में आना यह दशार्ता है कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती है। प्रभारी बीईओ प्रेम हलधर ने बच्चों को अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि केवल परीक्षा पास करना ही उद्देश्य नहीं होना चाहिए, बल्कि प्राप्त ज्ञान का उपयोग समाज कल्याण में होना चाहिए। बीपीआरओ आलोक कुमार ने मेधावी छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें उच्च शिक्षा के लिए निरंतर प्रयास करने की सलाह दी। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ कुमार प्रशांत, प्रभारी बीईओ सह बीसीओ प्रेम हलधर, बीपीआरओ आलोक कुमार, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी अमरनाथ, प्रधानाचार्य गुड्डी सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रधानाध्यापिका गुड्डी सिंह ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट साझा करते हुए बताया कि मैट्रिक की बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष कुल 36 व इंटर की परीक्षा में 26 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। इस अवसर पर टॉपर्स को मेडल, प्रशस्ति पत्र व पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर छात्रों के चेहरे पर मुस्कान और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक श्यामलाल यादव, राकेश लाल साह, सुधीर सिंह, दिलीप पंडित, प्रिया राव, गरिमा कुमारी, रत्नेश कुमार दुबे, वैभव पांडेय, और रवीन्द्र कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## सीतामढ़ी में शिक्षा का नया अध्याय: बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल का शुभारंभ

**सीतामढ़ी में उज्ज्वल भविष्य की शुरूआत: बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल का भव्य उद्घाटन**



**सीतामढ़ी, (चौथी वाणी)**। समृद्ध संस्कृति और परंपराओं के लिए प्रसिद्ध सीतामढ़ी में शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। यहाँ बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल का भव्य उद्घाटन किया गया। इस नए स्कूल की शुरूआत से क्षेत्र में आधुनिक और बेहतर शिक्षा लाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल हुई है, जिससे स्थानीय लोगों और शिक्षा से जुड़े लोगों में खुशी है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद देवेश चंद्र ठाकुर (जेडीयू), सीतामढ़ी, बिहार शामिल हुए, जिनकी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनील कुमार पिंटू (नगर विधायक, सीतामढ़ी) और अनिल कुमार (विधायक, बथनाहा) भी मौजूद रहे। इस अवसर पर शिक्षा के विकास के लिए समर्पित कई प्रमुख नेता एक साथ उपस्थित हुए, जिससे कार्यक्रम और भी खास बन गया। यह कार्यक्रम सीतामढ़ी के छात्रों के लिए नए मौके और अच्छी शिक्षा की शुरूआत का संकेत बना। इसके बाद सभी अतिथियों ने स्कूल का दौरा किया, जहाँ उन्होंने आधुनिक कक्षाएँ, अच्छी सुविधाएँ और बच्चों के लिए अनुकूल माहौल देखा। इससे स्कूल की अच्छी शिक्षा देने की प्रतिबद्धता साफ दिखाई दी।सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री देवेश चंद्र ठाकुर ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा, "इस स्कूल की स्थापना सीतामढ़ी के युवाओं को अच्छी शिक्षा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। ऐसे संस्थान बच्चों को सही मूल्य और ज्ञान देकर देश के भविष्य को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।"अपनी सोच साझा करते हुए बिरला ओपन माइंड्स एजुकेशन के प्रबंध निदेशक श्री निर्वान बिरला ने कहा, "हम सीतामढ़ी में अपने विस्तार से बहुत खुश हैं। हमारा उद्देश्य ऐसा माहौल बनाना है, जहाँ बच्चे सोचें, नई चीजें सीखें और हर तरह से आगे बढ़ें। यह नया स्कूल हमारी इस सोच को दिखाता है कि हम सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि जीवन के लिए भी बच्चों को तैयार करना चाहते हैं।"सीतामढ़ी में इस स्कूल के खुलने से लोगों में काफी खुशी और उम्मीद है। नई पढ़ाने की पद्धति, बच्चों के पूरे विकास और अच्छे संस्कारों पर ध्यान देने की वजह से यह स्कूल जल्दी ही इलाके का एक अच्छा शिक्षा केंद्र बन सकता है।अब जब यह स्कूल बच्चों के लिए खुल गया है, तो यहाँ सिर्फ पढ़ाई ही नहीं होगी, बल्कि यह एक ऐसा स्थान होगा, जहाँ बच्चों के सपने पूरे होंगे और उनका भविष्य बेहतर बनेगा।

## फुलवरिया पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया**

**फुलवरिया/ गोपालगंज (चौथी वाणी)** । फुलवरिया थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जटहा गांव में छापेमारी कर आरोपी को दबोच लिया ।इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष कुंदन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान जटहा गांव निवासी बिहारी लाल सिंह के पुत्र भीम सिंह के रूप में हुई है । वह पूर्व में दर्ज हत्या के प्रयास के एक मामले में फरार चल रहा था । जिसकी पुलिस को लंबे समय से तलाश थी । सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए गांव में घेराबंदी की और आरोपी को बिना किसी विरोध के गिरफ्तार कर लिया । गिरफ्तारी के बाद उससे आवश्यक पूछताछ की गई। जिसमें कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आने की बात कही जा रही है।थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी को मंगलवार को पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय में प्रस्तुत किया गया । जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## एक ई - रिक्शा के पलटने से सवार 5 व्यक्ति घायल

**सिधवलिया/गोपालगंज(चौथी वाणी)** । महम्मदपुर थाने के महम्मदपुर - मोतिहारी बाई पास सड़क पर एक ई - रिक्शा के पलटने से सवार 5 व्यक्ति घायल हो गए जिनका इलाज महम्मदपुर के एक निजी क्लिनिक मे चल रहा है ' बता दें कि महम्मदपुर थाने के बांसघाट मंसूरिया गाँव के ममता देवी,सुमन कुमारी,रेखा देवी,राजकुमार और दिलीप बैठा महम्मदपुर से सामान की खरीददारी कर ई - रिक्शा से अपने घर जा रहे थे कि महम्मदपुर -मोतिहारी बाई पास सड़क पर अनियंत्रित होकर ई - रिक्शा पलट गया जिससे उक्त पांचों व्यक्ति घायल हो गए ' मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने उन्हें महम्मदपुर के एक निजी क्लिनिक मे भर्ती कराया, जहाँ इलाज चल रहा है '

## कारा सुधार समिति के अध्यक्ष ने चनावे कारगार का किया निरीक्षण, कैदियों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**कारा सुधार समिति अध्यक्ष ने दिए त्वरित सुधार के निर्देश**





**गोपालगंज(चौथी वाणी)** । मंगलवार को कारा व्यवस्था को सुदृढ़ और संवेदनशील बनाने की दिशा में पहल करते हुए गोपालगंज के विधान पार्षद एवं कारा सुधार समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार उर्फ गप्पु बाबू ने थावे प्रखंड स्थित चनावे मंडल कारा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ जेल परिसर का जायजा लिया।निरीक्षण के क्रम में अध्यक्ष ने कैदियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि कैदियों की जायज समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।इसके पश्चात अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जेल से संबंधित लंबित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा व्यवस्था में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए।राजीव कुमार ने स्पष्ट कहा कि जेल व्यवस्था को और अधिक बेहतर, संवेदनशील एवं सुव्यवस्थित बनाना उनकी पहली प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान कारा समिति के संयोजक एवं पश्चिमी चंपारण के विधान पार्षद सौरव कुमार अनुमंडल पदाधिकारी अनिल कुमार तथा जेल अधीक्षक सत्येंद्र सिंह समेत जेल प्रशासन के अधिकारी एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### प्रखंड के तीन पंचायतों देहद, खजुराहा एवं बरैठ में पैक्स चुनाव को लेकर नामांकन आज से, 20 अप्रैल को होना है चुनाव, तैयारियां जोरों पर

**सोनवषार्राज (सहरसा)( चौथी वाणी)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत तीन पंचायतों में आगामी 20 अप्रैल को होनेवाली पैक्स चुनाव को लेकर सारी तैयारियां जोरों पर है। प्रखंड के देहद, खजुराहा एवं बरैठ पैक्सों में जिसको लेकर आज 8 अप्रैल बुधवार से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है।इसके लिए सभी तरह की प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। पूरी चुनावी प्रक्रिया के बाबत बीसीओ सचीन कुमार ने बताया की 8 व 9 अप्रैल को 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्रत्यासी नामांकन हेतू अपना पर्चा दाखिल कर सकते है। 10 एवं 11 अप्रैल को संवीक्षा एवं 13 अप्रैल को प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते है। इसी दिन प्रत्याशियो के बीच चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा। जबकि 20 अप्रैल को मतदान एवं मतदान के तुरंत बाद मतगणना सम्पन्न कराया जाएगा।

### बसनही थाना क्षेत्र में लगातार हो रही है चोरी की घटना प्रशासन मौन, बसनही थाना पुलिस के गश्ती दल पर उठ रहा है सवाल आमजन परेशान

**सोनवषार्राज (सहरसा) ( चौथी वाणी)।** बसनही थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर इन दिनों लगातार हो रही चोरी की घटनाएं से आमजन परेशान हैं। अज्ञात चोरों द्वारा नगदी व मशीन की चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। दोनों पीड़ितों ने बसनही थाना में आवेदन देकर चोरी गए सामान की बरामदगी और अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अतलखा पुलिस कैंप के समीप स्थित घर में सोमवार रात चोरों ने धावा बोला। अतलखा गांव निवासी चन्द्र देव यादव के घर का मुख्य दरवाजा तोड़कर सिंचाई मोटर की चोरी कर ली गई। वहीं दूसरी घटना रविवार रात महुआ बाजार स्थित मछली बाजार में हुई, जहां लकड़ी व्यवसायी मुकेश मिस्त्री की दुकान के पीछे का ताला तोड़कर चोरों ने मशीन सहित गल्ले में रखे करीब पांच हजार रुपये उड़ा लिए। चोरी गई मशीन की कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई जा रही है। खास बात यह है कि एक घटना अतलखा पुलिस कैंप के बगल में और दूसरी घटना उस इलाके में हुई जहां 112 की टीम का आवासीय स्थल मौजूद है। इसके बावजूद चोरी की घटनाएं होने से लोगों में पुलिस व्यवस्था को लेकर चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त तेज करने और अज्ञात चोरों के खिलाफ अविलंब कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में बसनही थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### इरशाद आलम के नाम रहा सहरसा मुख्य बस स्टैंड का सैरात, 80 लाख में हुई बंदोबस्ती

सहरसा षहर (चैथी वाणी)। नगर निगम क्षेत्र के मुख्य बस पड़ाव बस स्टैंड के सैरात की बंदोबस्ती मंगलवार को गहमागहमी के बीच संपन्न हुई। नगर निगम कार्यालय में आयोजित इस बंदोबस्ती प्रक्रिया में इरशाद आलम ने सबसे ऊंची बोली लगाकर बस स्टैंड का ठेका अपने नाम कर लिया। उन्होंने 80 लाख रुपये की अंतिम बोली लगाई।नगर निगम आयुक्त प्रभात कुमार झा के वेश्म में महापौर बेनप्रिया की अध्यक्षता में यह डाक प्रक्रिया आयोजित की गई थी। सरकारी नियमों के अनुसार, सफल बोलीदाता को अंतिम राशि पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त राशि का भुगतान करना होता है। इस आधार पर इरशाद आलम ने कुल 88 लाख रुपये



नगर निगम के केनरा बैंक खाते में जमा किया है।बस स्टैंड की बंदोबस्ती को लेकर सुबह से ही नगर निगम कार्यालय परिसर में भारी हलचल देखी गई। स्थानीय राजनीति और ठेकेदारी से जुड़े लोगों की मौजूदगी के कारण माहौल काफी प्रतिस्पर्धी रहा। इस डाक में मुख्य रूप से चार बिडर्स ने अपनी किस्मत आजमाई. जिसमें इरशाद आलम, मुरारी प्रसाद यादव, गोपीकृष्ण, राकेश कुमार शामिल रहे।वही प्रक्रिया के समापन के बाद महापौर बेनप्रिया ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पूरी डाक प्रक्रिया आयुक्त और सशक्त समिति की निगरानी में पूर्णतः पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई गई है। उन्होंने बताया कि निगम के राजस्व को ध्यान में रखते हुए नियमों का पूरी तरह पालन किया गया। इस बंदोबस्ती से नगर निगम के कोष में बड़ी राशि मिली है।जिसका उपयोग शहर के विकास कार्यों में किया जाएगा। इस मौके पर उपमहापौर उमर हयात सहित सशक्त स्थायी समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

### पूरे बिहार में सहरसा जिला अस्पताल ने गाड़ा सफलता का झंडा, मूल्यांकन में सहरसा बना नंबर वन, सहरसा के लिए गौरवशाली क्षण

**सहरसा कार्यालय ( चौथी वाणी)।** सहरसा के स्वास्थ्य क्षेत्र में आज एक नया इतिहास रचा गया है। ह्हकायाकल्प योजनाह्ह के तहत हुए राज्य स्तरीय मूल्यांकन में ह्हमॉडल जिला अस्पताल, सहरसा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे बिहार में ह्हप्रथम स्थानह्ह प्राप्त किया है। 24-25 फरवरी को हुए व्यापक निरीक्षण के बाद आए परिणामों ने सहरसा को स्वच्छता, प्रबंधन और स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में राज्य का आदर्श जिला अस्पताल घोषित किया है। अस्पताल की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए सरकार द्वारा पुरस्कार राशि दी जाएगीः। यह राशि अस्पताल की सुविधाओं के और अधिक सुदृढ़ीकरण और रखरखाव में खर्च की जाएगी। जिला मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजनारायण प्रसाद ने इस बड़ी जीत



का श्रेय ह्हजिला पदाधिकारी दीपेश कुमारह्ह के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन तथा उनके द्वारा किए गए निरंतर औचक निरीक्षणों को दिया साथ उन्होंने ने जिला पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया। जिला सलाहकार गुणवत्ता यकीन, डॉ उदयानन्द पासवान ने इसे जिले के लिए गौरव का विषय बताते हुए पूरी टीम को बधाई दी। उपाधीक्षक डॉ. शिवशंकर दयालह्ह ने कहा कि यह सफलता जिला पदाधिकारी और सिविल सर्जन के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। साथ ही उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि मे ह्हजिला कार्यक्रम प्रबंधक विनय रंजनह्ह के कुशल नेतृत्व में अस्पताल प्रबंधक सिम्पी कुमारीह्ह तथा उनकी समर्पित टीम और पिरामल टीमह्ह के तकनीकी सहयोग ने इस लक्ष्य को हासिल करने में दिन-रात एक कर दिया। जिसके लिए जिला कार्यक्रम प्रबंधक, अस्पताल प्रबंधक तथा जिला पिरामल टीम के अथक प्रयास कि सराहना की.। जिला अस्पताल सहरसा ने न केवल स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण में मानक स्थापित किए हैं, बल्कि अपनी ह्हइको-फ्रेंडली कार्यप्रणाली से भी सबको प्रभावित किया है। अब सहरसा मॉडल पूरे राज्य के अन्य जिलों के लिए प्रेरणा बनेगा।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बड़हरा कोठी ( चौथी वाणी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़हरा कोठी में मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. प्रवीण कुमार ने की। इस मौके पर डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट शारीरिक गतिविधि, पर्याप्त नींद और तनावमुक्त जीवन बेहद आवश्यक है। उन्होंने लोगों को मिलावटी खाद्य पदार्थों से बचने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि "स्वास्थ्य ही धन है" और स्वस्थ मन व शरीर ही बेहतर जीवन की कुंजी है, इसलिए सभी को अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी चाहिए। साथ ही खान-पान में सुधार करते हुए अधिक तेल, घी और फास्ट फूड से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। डॉ. प्रवीण ने बताया कि समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने से कई गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य पर भी जोर देते हुए योग और ध्यान को दैनिक जीवन में शामिल करने की बात कही। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ यह दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को जनस्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में डॉ. प्रवीण कुमार, प्रखंड उत्प्रेरक रंजीत कुमार, दीपक कुमार, सौरभ कुमार, संतोष कुमार, विनोद कुमार पंडित, एएनएम नेहा कुमारी, खुशबू कुमारी, गार्ड पुनम कुमारी, शांति देवी सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# सहरसा-जमालपुर मेमू पैसेंजर ट्रेन अब नए नंबर 63398/97 के साथ चलेगी, सांसद ने दिखायी हरी झंडी

**सहरसा शहर ( चौथी वाणी)।** सहरसा-जमालपुर रेलखंड पर यात्रियों को बड़ी राहत भरी खुशखबरी मिली है। सहरसा जमालपुर मेमू पैसेंजर ट्रेन अब स्पेशल के बजाय नियमित रूप से नए नंबर 63398/97 के साथ चलेगी। मंगलवार सुबह 5:15 बजे मधेपुरा के सांसद दिनेश चंद्र यादव ने सहरसा जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या तीन से इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह ट्रेन पहले 05509/10 नंबर से स्पेशल मेमू पैसेंजर के रूप में संचालित हो रही थी। अब इसे नियमित सेवा में शामिल किया गया है। नई व्यवस्था के अनुसार, ट्रेन प्रतिदिन सुबह 5:15 बजे सहरसा से चलकर सुबह 8:05 बजे जमालपुर



पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन रात 9:45 बजे जमालपुर से रवाना होकर रात 1:00 बजे सहरसा जंक्शन पहुंचेगी।इस अवसर पर समस्तीपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम अन्नया स्मृति सहित रेलवे के कई अधिकारी उपस्थित रहे। प्लेटफॉर्म संख्या तीन पर एक सभा का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और यात्री शामिल हुए।सभा को संबोधित करते हुए सांसद दिनेश चंद्र यादव ने बताया कि 1996 में जब वे पहली बार संसद पहुंचे थे, तब इस क्षेत्र में छोटी लाइन की ट्रेनें चलती थीं। सहरसा से मानसी की 43 किलोमीटर की दूरी तय करने में यात्रियों को तीन से चार घंटे लगते थे, जिससे काफी परेशानी होती थी। उन्होंने संसद में इस मुद्दे को उठाया, जिसके बाद बड़ी रेल लाइन की दिशा में पहल शुरू हुई।सांसद ने आगे कहा कि आज सहरसा रेलवे के क्षेत्र में तेजी से विकसित हो रहा है और देश के कई महानगरों से जुड़ चुका है।वही स्टेशन के विकास के लिए 160 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, और यार्ड रीमॉडलिंग का काम भी जारी है।नवनिर्मित अमृत भारत स्टेशन बनकर तैयार है।वही शहर में कई रेलवे ओवरब्रिज आरओबी निर्माण की योजनाएं भी प्रस्तावित हैं।इस नई नियमित ट्रेन सेवा से सहरसा, खगड़िया और मुंगेर क्षेत्र एवं गया जाने वाले रेल यात्रियों को बेहतर, सुलभ और समयबद्ध यात्रा सुविधा मिलने की उम्मीद है। रेलवे स्टेशन पर जदयू पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया, प्रो हरिनारायण यादव, अक्षय झा, डॉ सुशील यादव, सोहन झा, विनय यादव, आरजेडी नेता धनिकलाल मुखिया, अमर यादव, जवाहर यादव, दिनेश पासवान, टुनटुन शर्मा, मो हारून समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाकपा माले ने किया सम्मान समारोह का आयोजन, शिक्षा माफिया के खिलाफ उठाया आवाज



**रुपौली/ पूर्णिया ( चौथी वाणी)।** रुपौली प्रखंड क्षेत्र के शिंघपुर दियारा पंचायत के झलारी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।भाकपामाले जिसका अधक्षता माले के युआ नेता छोटू कुमार ऋषि ने किया। इसका संचालन भाकपमाले जिला कमिटी सदस्य सह खेगरामश जिला सचिव कामरेट चतुरी पासवान ने किया इस मौके पर भाकपा माले के राज्य कमिटी के सदस्य एक्वा नेत्री कामरेट सुलेखा देवी भाकपामले जिला कमिटी सदस्य सह एक्वा नेत्री कामरेट सीता देवी, संगीता देवी एरिया कमिटी सदस्य कमरेट बासिस्ट शर्मा एवम सैकड़ो के संख्या में ग्रामीण उपस्तिस्थ थे वक्ताओं ने कहा आज शिक्षा के छेत्र में जिस हिसाब से यहां के हुक्मरानों के द्वारा शिक्षा के वेवसायीकरण यानी शिक्षा को शिक्षा माफिया को हवाले किया जाना शिक्षा को निजी हाथों में शॉप कर महंगा बना दिया जाना ये जन विरोधी कदम के खिलाफ शिक्षा अधिकार के लिए ये जन संघर्षों का जीत है जो आज मेट्रिक परीक्षा में पूर्णिया जिला के रूपौली परखंड के शिघपुर दीरा पंचायत के झालारी मुसहरी टोला में साजन कुमार ,माता ननकी देवी, पिता स्वर्ग बिलाश ऋषि ने समाज को आगे बढ़ाने के लिए एक मिशाल पेश किया है यह उदाहरण स्वरूप उत्साह के रूप में है यह उच्च अंक प्राप्त करके साजन कुमार ने हमारे गांव समाज का गौरव बढ़ाया है जो ऊर्जा के श्रोत है वक्ताओं ने कहा भाकपामाले येशे मेहनती साहशी छात्र के साथ हैं। निवेदक कामरेड चतुरी पासवान की अध्यक्षता में किया गया।

## इग्नू की 39वाँ दीक्षांत समारोह में लगभग 400 से अधिक शिक्षार्थियों को डिग्री प्रदान, अतिथि उप-राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन

**सहरसा शहर ( चौथी वाणी)।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू का 39वाँ दीक्षांत समारोह का आयोजन मंगलवार को मुख्यालय के साथ-साथ क्षेत्रीय केन्द्र, सहरसा द्वारा दीक्षांत समारोह का आयोजन प्रेक्षागृह, एसपी आवास के सामने, सहरसा में किया गया। इग्नू मुख्यालय दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि भारत के उप-राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन तथा क्षेत्रीय केन्द्र, सहरसा समारोह के विशिष्ट अतिथि प्रो विवेकानन्द सिंह कुलपति, पूर्णियां विश्वविद्यालय, पूर्णियां थे। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ शैलिनी दीक्षित, उप-निदेशक



के स्वागत भाषण के साथ किया गया तथा मंच का संचालन ई शुभम, विभागध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस, राजकीय पॉलिटेक्निक, सहरसा द्वारा किया गया। डॉ० मिर्जा नेहाल अहमद बेग, वरीय क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्र सहरसा ने बताया कि 39वाँ दीक्षांत समारोह हेतु विश्वविद्यालय में कुल 3 लाख 25 हजार शिक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जिसमें क्षेत्रीय केन्द्र सहरसा में 6 हजार 2 सौ शिक्षार्थी उतीर्ण हुए हैं। क्षेत्रीय केन्द्र सहरसा के दीक्षांत समारोह में लगभग 400 से अधिक शिक्षार्थियों को डिग्री प्रदान किया गया। क्षेत्रीय केन्द्र सहरसा में इस वर्ष रिकॉर्ड लगभग 51000 नामांकन व रजिस्ट्रेशन हुआ है। क्षेत्रीय केन्द्र सहरसा द्वारा 18 शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों के अतिरिक्त 2 नये शिक्षार्थी सहायता केन्द्र कटिहार एवं बनमनखी, पूर्णियां में खोला गया है। 39वाँ दीक्षांत समारोह के विशिष्ट अतिथि प्रो विवेकानन्द सिंह कुलपति, पूर्णियां विश्वविद्यालय, पूर्णियां द्वारा अपने संबोधन में सभी उत्तीर्ण शिक्षार्थियों को बधाई दिया गया। साथ ही बताया गया कि डिग्री लेना सीखने की अन्तिम चरण नहीं हैं। इसके अलावा देश के आई.आई.टी. एन.आई.टी. द्वारा भी कई ऑनलाईन कोर्स के माध्यम से आप अपना स्कील का विकास कर सकते हैं तथा दैनिक जीवन में अपने-आप को अपडेट रख सकते हैं। अन्त में डॉ० प्रवीण प्रलयंकर उप-निदेशक धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।इस अवसर पर बड़ी संख्या छात्र छात्रा एवं अभिभावक मौजूद रहें।

## जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर चले ईट-पत्थर, महिला हुई जख्मी

**सहरसा ( चौथी वाणी)।** जिले के सलखुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत बहुअरवा गांव में जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षो मे दीवार निर्माण को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट और जमकर पथराव हुआ, जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना का एक वीडियो भी मंगलवार सुबह सामने आया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। बहुअरवा वार्ड-10 निवासी जितेंद्र सिंह ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि 5





अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे वे अपनी जमीन पर दीवार का निर्माण करा रहे थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने इसका विरोध किया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर आरोपित उनके घर में घुस गए और हमला करने लगे। आवेदन के अनुसार, धर्मेंद्र सिंह, गोपाल सिंह, अभिमन्यु सिंह, अभिषेक सिंह, दीपक सिंह, सूरज सिंह और नारद सिंह सहित कई लोग लाठी-डंडा और लोहे की रॉड लेकर पहुंचे। उन्होंने जितेंद्र सिंह की पत्नी अलका सिंह पर लोहे की रॉड से हमला किया, जिससे उनका सिर फट गया और वे गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ीं। पीड़ित परिवार ने यह भी आरोप लगाया है कि मारपीट के दौरान अलका सिंह के गले से सोने की चेन और कान की बालियां छीन ली गईं। लूटे गए गहनों की अनुमानित कीमत करीब 1.30 लाख रुपये बताई गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच जमकर ईंट-पत्थर चले, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों के हस्तक्षेप से स्थिति को नियंत्रित किया जा सका। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि विरोधी पक्ष दबंग प्रवृत्ति का है और पहले भी ऐसी कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है। घटना के बाद पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है। इस मामले में डीएसपी मुकेश कुमार ठाकुर ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर जल संसाधन मंत्री से मिले पूर्व मंत्री रत्नेश सादा, जल संसाधन मंत्री से मिलते श्री सादा

**सोनवषार्राज (सहरसा) ( चौथी वाणी)।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह स्थानीय जदयू के माननीय विधायक रत्नेश सादा ने मंगलवार को अपने क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री सह संसदीय कार्य मंत्री विजय चैधरी से मिले। श्रीसदा ने सोनवर्षा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बड़गांव पंचायत के बड़गांव से लक्ष्मीपुर व मोतीबारी टोला जाने पुलिया एवं बैठमुसहरी पंचायत में सिंचाई नहर पे विभिन्न जगहों पर पुलिया बनाने की मांग विधानसभा में उठाए थे जिसको गंभीरता से लेते हुए जल संसाधन मंत्री विजय चैधरी ने उक्त जनहित के कार्यों को लेकर अपने विभाग से रिपोर्ट का मांग किए है। पूर्व मंत्री रत्नेश सादा ने विकास को गति देने के लिए मंत्री के इस पहल के प्रति आभार व्यक्त किए हैं। मौके पर बड़गांव पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बौआ खां सहित अन्य मौजूद थे।

## डॉ संजय कुमार बने महाविद्यालय परीक्षा नियंत्रक, प्राचार्य ने विधिवत रूप से अपना पद ग्रहण करवाया

**सहरसा शहर ( चौथी वाणी)।** आरएम कॉलेज में डॉ संजय कुमार ने महाविद्यालय परीक्षा नियंत्रक का पद भार संभाला। पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ अरुण कुमार झा का विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक पद



संभालने के बाद महाविद्यालय में यह पद खाली हो चुका था। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ गुलरेज रौशन रहमान ने डॉ संजय कुमार को परीक्षा नियंत्रक पद पर नियुक्ति का आदेश देने के उपरांत नये परीक्षा नियंत्रक के रूप में डॉ संजय कुमार विधिवत रूप से अपना पद ग्रहण करवाया। महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ संजय कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक पद पर पूर्व से ही अपनी सेवा दे रहे थे। उनकी कार्य क्षमता का आकलन कर ही महाविद्यालय के प्रधानाचार्य ने यह भूमिका दी है। कार्यभार संभालते हुए नए परीक्षा नियंत्रक ने सफलतापूर्वक संचालन के लिए महाविद्यालय के शिक्षक एवं अन्य कर्मचारियों से सहयोग की अपील की। आज ही महाविद्यालय में नए रूटिंन इंचार्ज का प्रभार महाविद्यालय के मैथिली विषय के सहायक प्राध्यापक डॉ लक्ष्मी कुमार कर्ण को दिया गया। महाविद्यालय में उपस्थित सभी शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों ने डॉ संजय कुमार को परीक्षा नियंत्रक का पद एवं डॉ लक्ष्मी कुमार कर्ण को रूटिंग इंचार्ज का पद संभालने पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ राजीव झा, डॉ कविता कुमारी, डॉ शुभ्रा पांडे, डॉ अमिष कुमार, डॉ पिंकी कुमारी, डॉ कुमारी अपर्णा, डॉ रामानंद रमन, डॉ लक्ष्मी करन, डॉ आरती रानी, डॉ विनय कुमार सिन्हा, डॉ अरुण कुमार, डॉ भगवती प्रसाद, डॉ निशित रंजन, डॉ सौरभ पांडे, डॉ अनिल कुमार, डॉ आलोक कुमार मिश्रा, डॉ पूनम कुमारी, डॉ पिंकी कुमारी, डॉ पंकज कुमार, सुशील कुमार झा, डॉ सुदीप झा, सुधा कांत झा इत्यादि उपस्थित रहे।

## जिलें के सभी निजी विद्यालय में होगी केवल एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तक से पढ़ाई

**सहरसा ( चौथी वाणी)।** जिलांतर्गत शिक्षा के गुणवतापूर्ण प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु निरंतर जारी प्रयास अंतर्गत जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में जिला अंतर्गत संचालित निजी विद्यालयों से संबंधित प्रबंधक संचालक के साथ आयोजित बैठक में निर्देश दिया गया की कक्षा छह एवं आगामी कक्षा तक सभी विषयों को एससीईआरटी की पुस्तकों से पढ़ाया जाएगी जिसका शत प्रतिशत अनुपालन अनिवार्य अपेक्षित होगा।समीक्षा क्रम में यह भी निर्णय लिया गया की जिलांतर्गत निजी विद्यालयों में पढ़ रहे कक्षा एक से पांच तक के बच्चों को विषय अंतर्गत कांसेप्ट अर्थात संकल्पना को हिंदी में समझाने पर अधिकाधिक जोर दिया जाएगा। जिसके फलस्वरूप बच्चे निर्धारित विषय वस्तु को सहजता से ग्रहण करने में सक्षम हो सकेंगे,साथ ही यह भी निर्देश दिया गया की अध्ययनरत बच्चों को विद्यालय से ही विद्यालय प्रबंधन द्वारा यूनिफॉर्म पुस्तक और कॉपी खरीदने हेतु बाध्य नहीं किया जाएगा।विचार विमर्श क्रम में यह तथ्य उभरकर सामने आया की विद्यालय अवधि में कोचिंग संस्थानों के संचालन से विद्यालयों में गुणवतापूर्ण शिक्षा प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु जारी प्रयास प्रभावित



होना संभावित है,तदनुसार यह निर्णय लिया गया की विद्यालय संचालन अवधि में कोचिंग संस्थानों का संचालन नहीं किया जाएगा।बैठक में निजी विद्यालयों के वर्तमान प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया की विद्यालय प्रबंधन क्रम में सुरक्षा मानकों, विद्यार्थियों के सुरक्षित आवाजाही हेतु सुदृढ़ परिवहन व्यवस्था एवं उत्कृष्ट प्रबंधन हेतु अन्य मानकों का दृढ़तापूर्वक पालन किया जाए।विद्यालयों के प्रबंधन की जांच जिला स्तर से प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा शीघ्र किया जाना संभावित है, किसी भी स्तर पर निर्देश उल्लंघन संज्ञान में आने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित सभी निजी विद्यालय संचालकों को जिला स्तर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया है,साथ ही यह भी अपेक्षा की गई है कि वे जिला स्तर से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रबंधन सुनिश्चित करने के उदेश्य से निर्गत निदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करेंगे। बैठक में नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा, अपर समाहर्ता श्री निशांत, जिला शिक्षा पदाधिकारी हेमचंद्र, अनुमंडल पदाधिकारी सदर श्रेयांश तिवारी, वरीय उप समाहर्ता राजू कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं जेपीएस पब्लिक स्कूल, बुद्धा पब्लिक स्कूल, टैगोर पब्लिक स्कूल, शांति मिशन, बीएससी इंटरनेशनल स्कूल, एकलव्य सेंट्रल स्कूल, सहरसा पब्लिक स्कूल सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## संपादकीय

# हर रोज 350 से रह गई हैं 90, युद्ध से पसरा आसमान में सन्नाटा



रुपेश कुमार सिंह
संपादक
चौथी वाणी

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का भारतीय विमानन क्षेत्र पर बहुत प्रतिकूल असर पड़ा है। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से भारतीय विमानन कंपनियां की इस क्षेत्र को जाने वाली 10 हजार से ज्यादा उड़ानें रद्द हुई हैं। रोजाना ऑपरेट होने वाली फ्लाइटों की संख्या भी काफी घट गई है। ईरान युद्ध की चोट भारत के करीब हर सेक्टर पर पड़ती दिख रही है। एविएशन सेक्टर भी इससे अछूता नहीं है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि क्षेत्र में संघर्ष शुरू होने के बाद से भारत और पश्चिम एशिया के बीच उड़ान संचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। अब तक भारतीय विमानन कंपनियों की 10,000 से ज्यादा फ्लाइट रद्द की जा चुकी हैं।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय के संयुक्त सचिव असंगबा चुबा आओ के अनुसार, भारतीय विमानन कंपनियां जो पहले पश्चिम एशिया के लिए हर रोज लगभग 300 से 350 उड़ानें ऑपरेट करती थीं। अब वही प्रतिदिन सिर्फ 80 से 90 उड़ानें ही ऑपरेट कर रही हैं। इस भारी गिरावट से पता चलता है कि क्षेत्र में चल रहे युद्ध के कारण किस हद तक व्यवधान पैदा हुआ है।

**कब कैसे शुरू हुआ संघर्ष?**

पश्चिम एशिया का यह संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था।

तब अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमले किए थे।

इसके चलते प्रमुख उड़ान मार्गों पर हवाई क्षेत्र में व्यापक प्रतिबंध लग गए।

इसने पूरी दुनिया में क्षेत्र को लेकर सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ा दीं।

**पहले की तुलना में काफी बड़ा है आंकड़ा**

ताजा आंकड़े संसद में साझा किए गए पिछले आंकड़ों की तुलना में काफी ज यादा हैं। 16 मार्च को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने लोकसभा को बताया था कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण भारतीय विमानन कंपनियों ने 4,335 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दीं। जबकि विदेशी विमानन कंपनियों ने 1,187 तक उड़ानें रद्द कीं।

मंत्री ने इस बात पर जोर दिया था कि यात्रियों की सुरक्षा सरकार और विमानन कंपनियों दोनों के लिए ही सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा था, 'भारतीय विमानन कंपनियों ने 4,335 उड़ानें रद्द की हैं। विदेशी विमानन कंपनियों ने 1,187 तक उड़ानें रद्द की हैं। सबसे पहली बात जो हमें याद रखनी है, वह है सुरक्षा। अगर हवाई क्षेत्र ही बंद है तो हमें इस क्षेत्र में उड़ान संचालित करने की कोई आवश्यकता नहीं है।'

मंत्री ने समझाया था कि जब भी संघर्ष वाले क्षेत्रों में हवाई क्षेत्र बंद कर दिया जाता है तो उड़ान संचालन निलंबित कर दिया जाता है। कारण है कि ऐसे में विमानों का संचालन करना असुरक्षित हो जाता है।

इन व्यवधानों के बावजूद काफी संख्या में यात्रियों ने यात्रा जारी रखी है। मंत्री ने बताया था कि संकट के शुरूआती चरण के दौरान जब तनाव अपने चरम पर था, तब भी लगभग 2.19 लाख यात्रियों ने हवाई यात्रा की।

**स्थितियों पर रखी जा रही है नजर**

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय सहित अन्य अधिकारी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। वे अपने अंतरराष्ट्रीय समकक्षों के साथ लगातार संपर्क में हैं। अधिकारियों ने कहा है कि सामान्य उड़ान संचालन तभी फिर से शुरू होगा, जब हवाई क्षेत्र पर लगे प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे। साथ ही सुरक्षा की स्थिति में सुधार होगा।

# तमिलनाडु का सातानकुलम कस्टोडियल डेथ केस -सत्ता के दुरुपयोग मानवाधिकारों का उल्लंघन

**सातानकुलम केस- भारतीय पुलिस व्यवस्था में तत्काल सुधार, अधिक जवाबदेह बनायें, हिरासत में सीसीटीवी कैमरों की अनिवार्यता,स्वतंत्र जांच एजेंसियों की स्थापना व मानवाधिकारों पर जोर की सख्त जरूरत**



लेखक
किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया (महाराष्ट्र)

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर साल 2020 में जब पूरी दुनियाँ कोविड -19 महामारी के अभूतपूर्व संकट से जूझ रही थी, तब सरकारों ने नागरिकों की सुरक्षा के लिए सख्त लॉकडाउन जैसे कदम उठाए।भारत भी इससे अछूता नहीं रहा।सड़कों पर सन्नाटा,बंद बाजार,ठप उद्योग यह दृश्य देशभर में आम था। लेकिन इस सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के बीच एक दूसरा,कम दिखाई देने वाला संकट भी पनप रहा था,सत्ता के दुरुपयोग और मानवाधिकारों के उल्लंघन का। कई स्थानों पर पुलिस और प्रशासन को व्यापक अधिकार दिए गए, जिनका उद्देश्य कानून- व्यवस्था बनाए रखना था,परंतु कुछ मामलों में यही अधिकार अत्याचार का माध्यम बन गए। इसी पृष्ठभूमि में तमिलनाडु के सातानकुलम में घटित कस्टोडियल डेथ का मामला सामने आया, जिसने न केवल भारत बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तरपर भी न्याय और मानवाधिकारों को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि इस कस्टोडियल डेथ मैटर में न्यायपालिका की भूमिकाः लोकतंत्र का अंतिम स्तंभ सिद्ध हुई, इस केस में न्यायपालिका की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहीअदालत ने इस केस कोरेयरेस्ट ऑफ रेयर मानते हुए न केवल सख्त सजा दी, बल्कि यह भी स्पष्ट किया कि कानून के सामने सभी समान हैं, चाहे वे आम नागरिक हों या पुलिसकर्मी। यह निर्णय न्यायपालिका की स्वतंत्रता और उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ऐसे फैसले लोकतंत्र में विश्वास को मजबूत करते हैं और यह संदेश देते हैं कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। प्रिंट इलेक्ट्रानिक और डिजिटल मीडिया में अक्सर हम कस्टोडियल डेथ के बारे में बहुत सुनते हैं,इसलिए अब पुलिस सुधार की आवश्यकताः प्रणालीगत बदलाव की मांग का समय अब आ गया है। सातानकुलम केस ने भारतीय पुलिस व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता को उजागर किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि पुलिस को अधिक जवाबदेह बनाने के लिए कई कदम उठाने की जरूरत है, जैसे कि हिरासत में सीसीटीवी कैमरों की अनिवार्यता, स्वतंत्र जांच एजेंसियों की स्थापना, और पुलिसकर्मियों के प्रशिक्षण में मानवाधिकारों पर जोर।इसके अलावा, पुलिस बल में कार्य के दबाव, संसाधनों की कमी और राजनीतिक हस्तक्षेप जैसे मुद्दों को भी संबोधित करना आवश्यक है। जब तक इन संरचनात्मक समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति की संभावना सटीक रूप से बनी रहेगी।

साथियों बात अगर हम सातानकुलम की घटनाः एक सामान्य उल्लंघन से असाधारण त्रासदी तक इसको समझने की करें तो19 जून 2020 को तमिलनाडु के सातानकुलम में एक सामान्य-सी दिखने वाली घटना ने भयावह रूप ले लिया। मोबाइल दुकान चलाने वाले पी. जयराज (59) और उनके बेटे जे. बेनिक्स (31) पर आरोप था कि उन्होंने लॉकडाउन नियमों का उल्लंघन करते हुए अपनी दुकान खुली रखी। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया और थाने ले जाया गया। सामान्यतः ऐसे मामलों में जुर्माना या चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता है,लेकिन इस केस में पुलिस की कार्रवाई असामान्य रूप से कठोर और अमानवीय साबित हुई।परिजनों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों को पूरी रात थाने में बर्बरता पूर्वक पीटा गया। उनके शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे,खून बह रहा था और उन्हें लगातार प्रताड़ित किया गया।यह केवल कानून का पालन कराने की कार्रवाई नहीं थी,बल्कि सत्ता के दुरुपयोग का चरम उदाहरण बन गई।बाद में उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया,लेकिन उनकी हालत इतनी खराब थी कि कुछ ही दिनों में 22 जून को बेनिक्स और 23 जून को जयराज की मृत्यु हो गई। साथियों बात अगर हम पुलिस का प्रारंभिक बचाव और सच्चाई का उजागर होना इसको समझने की करें तो इस घटना के बाद पुलिस ने प्रारंभ में यह दावा किया कि दोनों की मौत स्वास्थ्य समस्याओं के कारण हुई है। यह एक सामान्य रणनीति थी, जिसे अक्सर कस्टोडियल डेथ के मामलों में अपनाया जाता है।लेकिन इस बार परिस्थितियाँ अलग थीं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पुलिस के दावों की पोल खोल दी। रिपोर्ट के अनुसार, बेनिक्स के शरीर पर 13 और जयराज के शरीर पर 17 गंभीर चोटों के निशान पाए गए, जो स्पष्ट रूप से अत्यधिक हिंसा और प्रताड़ना की पुष्टि करते थे।इसके अलावा, एक महिला कॉन्स्टेबल के बयान ने मामले को और गंभीर बना दिया। उसने खुलासा किया कि दोनों को रातभर बेरहमी से पीटा गया और उनके खून से सने कपड़ों से थाने की सफाई करवाई गई। यह केवल शारीरिक हिंसा नहीं थी, बल्कि मानवीय गरिमा का घोर अपमान था। इस खुलासे के बाद पूरे देश में आक्रोश फैल गया और यह मामला राष्ट्रीय मीडिया की सुर्खियों में आ गया।




साथियों बात अगर हम न्याय की लंबी यात्राः छह वर्षों का संघर्ष इसको समझने की करें तो यह मामला केवल एक आपराधिक केस नहीं था, बल्कि न्याय के लिए लंबी और कठिन लड़ाई का प्रतीक बन गया। छह वर्षों तक चली सुनवाई के दौरान कई बाधाएँ आईं सबूतों का संरक्षण, गवाहों की सुरक्षा, और न्यायिक प्रक्रिया की जटिलताएँ। कुल 10 आरोपियों में से एक की कोविड के दौरान मृत्यु हो गई,जबकि बाकी 9 पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा जारी रहा।6 अप्रैल 2026 को मदुरै की फर्स्ट एडिशनल सेशंस कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए सभी 9 पुलिस कर्मियों को मौत की सजा सुनाई। अदालत ने इस मामले को रेयरेस्ट ऑफ रेयर की श्रेणी में रखा, जो भारतीय न्याय प्रणाली में सबसे गंभीर अपराधों के लिए आरक्षित है। जज मुथुकुमारन ने अपने फैसले में कहा कि यह मामला केवल हत्या का नहीं, बल्कि सत्ता के दुरुपयोग और मानवीय गरिमा के उल्लंघन का है, और ऐसी स्थिति में उम्रकैद भी पर्याप्त नहीं है। साथियों बात अगर हम रेयरेस्ट ऑफ रेयर का सिद्धांत और इस केस में उसका अनुप्रयोग को समझने की करें तो,भारतीय न्याय प्रणाली में रेयरेस्ट ऑफ रेयर सिद्धांत का उपयोग बहुत ही सीमित मामलों में किया जाता है। यह सिद्धांत बचन सिंह बनाम स्टेट ऑफ पंजाब के ऐतिहासिक फैसले से विकसित हुआ, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि मृत्युदंड केवल उन्हीं मामलों में दिया जाना चाहिए, जहां अपराध अत्यंत क्रूर, अमानवीय और समाज के लिए असाधारण खतरा हो।सातानकुलम केस में अदालत ने पाया कि पुलिसकर्मियों ने न केवल कानून का उल्लंघन किया, बल्कि वे स्वयं कानून के संरक्षक होने के बावजूद अपराधी बन गए। उन्होंने अपनी शक्ति का दुरुपयोग करते हुए निहत्थे और निर्दोष नागरिकों पर अत्याचार किया। इस प्रकार, यह मामला ह्लरेयरेस्ट ऑफ रेयरह्व की श्रेणी में पूरी तरह फिट बैठता है। साथियों बात अगर हम इस केस में सजा और मुआवजा न्याय का बहुआयामी दृष्टिकोण को समझने की करें तोअदालत ने केवल मृत्युदंड ही नहीं दिया, बल्कि दोषियों पर भारी जुर्माना भी लगाया और पीड़ित परिवार को 1 करोड़ 40 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। यह निर्णय न्याय के बहुआयामी दृष्टिकोण को दशार्ता है, जिसमें अपराधियों को सजा देने के साथ-साथ पीड़ितों को राहत देना भी शामिल है।मुआवजा राशि केवल आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि यह राज्य की ओर से यह स्वीकारोक्ति भी है कि पीड़ितों के साथ अन्याय हुआ और उन्हें न्याय मिलना चाहिए। हालांकि, यह भी सच है कि किसी भी राशि से एक परिवार के दो सदस्यों की क्षति की भरपाई कभी भी नहीं की जा सकती। साथियों बात अगर हम इस केस में मृतक बाप बेटे के परिवार की प्रतिक्रियाः दर्द, संतोष और अधूरी शांति को समझने की करें तो फैसले के बाद जयराज और बेनिक्स के परिवार ने मिश्रित भावनाएँ व्यक्त कीं। एक ओर उन्हें यह संतोष था कि छह वर्षों की लंबी लड़ाई के बाद न्याय मिला, वहीं दूसरी ओर उनके मन में यह पीड़ा भी थी कि उनके प्रियजन कभी वापस नहीं आएंगे।परिवार ने अदालत के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह केवल उनके लिए नहीं, बल्कि उन सभी लोगों के लिए न्याय है जो पुलिस अत्याचार का शिकार होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस फैसले से भविष्य में ऐसे मामलों में कमी आने की सटीक रूप से उम्मीद है। साथियों बात अगर हम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीयप्रतिक्रिया मानवाधिकारों की वैश्विक चिंता के परिपेक्ष में समझने की करें तो इस मामले ने न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ध्यान आकर्षित किया। मानवाधिकार संगठनों ने इस घटना की कड़ी निंदा की और इसे पुलिस सुधार की आवश्यकता का उदाहरण बताया।विश्व स्तर पर यह सवाल उठाया गया कि क्या कानून लागू करने वाली एजेंसियों को इतनी शक्ति दी जानी चाहिए कि वे उसका दुरुपयोग कर सकें। इस घटना ने यह भी दिखाया कि लोकतांत्रिक देशों में भी मानवाधिकारों का उल्लंघन संभव है, यदि निगरानी और जवाबदेही की व्यवस्था मजबूत न हो। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि एक केस, अनेक संदेश, सातानकुलम कस्टोडियल डेथ केस केवल एक आपराधिक घटना नहीं है,बल्कि यहभारतीय समाज, न्याय व्यवस्था और प्रशासनिक ढांचे के लिए एक महत्वपूर्ण सबक है।यह मामला दिखाता है कि जब सत्ता का दुरुपयोग होता है, तो उसके परिणाम कितने भयावह हो सकते हैं।मदुरै कोर्ट का यह ऐतिहासिक फैसला न केवल पीड़ित परिवार को न्याय दिलाता है,बल्कि पूरे देश को यह संदेश भी देता है कि मानवाधिकारों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। यह निर्णय भविष्य में ऐसे मामलों के लिए एक मिसाल बनेगा और पुलिस व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।इसलिए यह कहना उचित होगा कि न्याय में देरी हो सकती है, लेकिन यदि व्यवस्था मजबूत और निष्पक्ष हो, तो न्याय अवश्य मिलता है।सातानकुलम केस इसका जीवंत उदाहरण है जहां छह वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद न्याय ने अपनी विजय सुनिश्चित की।

# ऊर्जा संकट से कैसे बाहर निकलें मजदूर

सौरभ वार्ष्णेय



आज जब देश ऊर्जा संकट की चुनौती से जूझ रहा है, उसका सबसे गहरा असर समाज के उस वर्ग पर पड़ रहा है जो पहले से ही आर्थिक रूप से कमजोर है—मजदूर वर्ग। महंगी बिजली, बढ़ते ईंधन दाम और अनिश्चित रोजगार ने मजदूरों की रोजमर्रा की जिंदगी को और कठिन बना दिया है। ऐसे में यह सवाल महत्वपूर्ण हो जाता है कि मजदूर इस संकट से कैसे बाहर निकलें और सरकार व समाज उनकी कैसे मदद कर सकते हैं। ऊर्जा संकट केवल बिजली की कमी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कोयला आपूर्ति, अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों, और नीतिगत कमजोरियों से भी जुड़ा है। जब उद्योगों की लागत बढ़ती है, तो सबसे पहले असर मजदूरों की मजदूरी और रोजगार पर पड़ता है। कई छोटे उद्योग बंद होने की कगार पर हैं, जिससे मजदूरों का पलायन तेज हो रहा है। ऊर्जा संकट के बीच मजदूरों का शहरों से गांवों की ओर पलायन ने गहरी चिंता पैदा कर दी है। देश में बढ़ते ऊर्जा संकट ने केवल उद्योगों और अर्थव्यवस्था को ही प्रभावित नहीं किया है, बल्कि इसका सबसे बड़ा असर आम मजदूर वर्ग पर पड़ रहा है। बिजली की कमी, महंगी ऊर्जा और घटते औद्योगिक उत्पादन के कारण शहरों में रोजगार के अवसर लगातार सिकुड़ रहे हैं। ऐसे हालात में मजदूरों का शहरों से गांवों की ओर पलायन फिर से तेज होता दिख रहा है। ऊर्जा संकट का सीधा असर फैक्ट्रियों और छोटे उद्योगों पर पड़ा है। कई उद्योग या तो बंद हो गए हैं या सीमित क्षमता पर काम कर रहे हैं। इससे दिहाड़ी मजदूरों और असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की आय पर गहरा असर पड़ा है। जब शहरों में काम नहीं मिलता, तो मजदूरों के सामने अपने गांव लौटने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता। यह स्थिति हमें कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान हुए बड़े पैमाने के पलायन की याद दिलाती है, जब लाखों मजदूर शहरों से अपने गांवों की ओर लौट गए थे। हालांकि मौजूदा संकट उतना अचानक नहीं है, लेकिन इसके प्रभाव धीरे-धीरे उतने ही गंभीर होते जा रहे हैं।गांवों में लौटने के बाद मजदूरों को रोजगार की गारंटी नहीं मिलती। कृषि पहले से ही सीमित संसाधनों पर निर्भर है और सभी के लिए पर्याप्त अवसर नहीं दे सकती। ऐसे में ग्रामीण बेरोजगारी और गरीबी बढ ़ का खतरा है। इससे सामाजिक और आर्थिक असंतुलन और गहरा सकता है। सरकार के सामने चुनौती है कि वह ऊर्जा संकट का स्थायी समाधान निकाले और साथ ही शहरी रोजगार को बचाए। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देना, छोटे उद्योगों को राहत देना और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करना समय की मांग है।मजदूरों का यह पलायन केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि एक मानवीय संकट भी है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो इसका असर देश के विकास की गति पर भी पड़ सकता है। भारत जैसे विकासशील देश में जहां आर्थिक प्रगति की गाथाएं अक्सर सुनाई जाती हैं, वहीं एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जिसकी रोजमर्रा की जिंदगी आज भी संघर्षों से भरी हुई है। मजदूर के पास चूल्हे जलाने तक के पैसे नहीं — यह कथन सुनने में अतिशयोक्ति लग सकता है, लेकिन जमीनी सच्चाई इससे बहुत दूर नहीं है। जब तक मजदूर को स्थायी रोजगार, उचित वेतन और सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलेगी, तब तक उसकी स्थिति में ठोस सुधार संभव नहीं है।

मजदूर के पास चूल्हे जलाने तक के पैसे नहीं — यह न तो पूरी तरह फसाना है, न ही हर जगह की सच्चाई। यह उस कड़वी हकीकत का प्रतीक है, जिसे हम अक्सर आंकड़ों और विकास के शोर में नजरअंदाज कर देते हैं।

समाज और सरकार दोनों की जिम्मेदारी है कि मजदूर वर्ग को सिर्फ योजनाओं का लाभ ही नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर भी मिले। तभी असली विकास संभव होगा। देश के असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले करोड़ों मजदूर आज भी अस्थिर आय, महंगाई और सामाजिक सुरक्षा की कमी से जूझ रहे हैं। दिहाड़ी मजदूर की कमाई अक्सर इतनी सीमित होती है कि वह सिर्फ दो वक्त की रोटी का इंतजाम कर पाता है। ऐसे में अगर एक दिन भी काम न मिले, तो चूल्हा जलना मुश्किल हो जाता है। महंगाई ने इस संकट को और गहरा किया है। रसोई गैस, खाद्यान्न और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि ने गरीब परिवारों की कमर तोड़ दी है। कई जगहों पर आज भी लोग लकड़ी या कंडे से खाना बनाने को मजबूर हैं। हालांकि यह भी सच है कि सरकार ने गरीबों के लिए कई योजनाएं चलाई हैं—मुफ्त राशन, उज्ज्वला योजना, मनरेगा जैसी योजनाएं मजदूरों को राहत देने का प्रयास करती हैं। इन योजनाओं से कई परिवारों की स्थिति में सुधार भी आया है। लेकिन सवाल यह है कि क्या ये योजनाएं हर जरूरतमंद तक पूरी तरह पहुंच पा रही हैं? अक्सर भ्रष्टाचार, जानकारी की कमी और व्यवस्थागत खामियों के कारण कई मजदूर इन लाभों से वंचित रह जाते हैं। समस्या केवल आय की नहीं, बल्कि असमानता और अवसरों की भी है।

समाधान के रास्ते

पहला समाधान यह हो सकता है कि सरकारी हस्तक्षेप यानी सरकार को सस्ती बिजली और ईंधन उपलब्ध कराने के लिए सब्सिडी और राहत पैकेज देने चाहिए। ग्रामीण और शहरी गरीबों के लिए विशेष योजनाएं बनाई जानी चाहिए।

दूसरा वैकल्पिक ऊर्जा को बढ़ावा देना । सौर ऊर्जा और अन्य नवीकरणीय स्रोतों को अपनाना इस संकट का स्थायी समाधान हो सकता है। अगर मजदूरों को सोलर पैनल जैसी सुविधाएं सस्ती दरों पर मिलें, तो वे अपनी ऊर्जा जरूरतें खुद पूरी कर सकते हैं।

तीसरा रोजगार के नए अवसर पैदा करना ऊर्जा क्षेत्र में ही रोजगार सृजन किया जा सकता है—जैसे सोलर इंस्टॉलेशन, बैटरी मेंटेनेंस आदि। इससे मजदूरों को नया कौशल और काम मिलेगा।

चौथा सामाजिक सुरक्षा यानी मजदूरों के लिए राशन, स्वास्थ्य और आवास जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करना जरूरी है, ताकि वे संकट के समय भी सम्मानजनक जीवन जी सकें।

ऊर्जा संकट केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक असमानता को बढ़ाने वाला मुद्दा भी है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो इसका सबसे बड़ा खामियाजा मजदूर वर्ग को ही भुगतना पड़ेगा। सरकार, उद्योग और समाज—तीनों को मिलकर ऐसा समाधान खोजना होगा जिससे विकास की रोशनी हर घर तक पहुंचे, न कि केवल कुछ वर्गों तक सीमित रह जाए। मजदूर केवल अर्थव्यवस्था का पहिया नहीं हैं, बल्कि देश की असली ताकत हैं। उनकी समस्याओं का समाधान ही ऊर्जा संकट से बाहर निकलने का सबसे सही रास्ता है।

# जब साल्ट एक ही होता है तो जेनेरिक दवा कम असरकारी कैसे हो सकती है



लेखक
अशोक भाटिया
वसई पूर्व, मुंबई

दवा कंपनियों की अत्यधिक मुनाफाखोरी और भ्रष्ट सरकारी तंत्र (नियामकों/डॉक्टरों) का गठजोड़ भारत में स्वास्थ्य व्यवस्था को खोखला कर रहा है। जेनेरिक दवाओं के बजाय महंगी ब्रांडेड दवाएं लिखना, डॉक्टरों को उपहार/विदेश यात्रा, और भ्रष्टाचार के कारण दवाओं के अनियंत्रित दाम आम जनता पर बोझ डालते हैं, जिससे जीवन रक्षक दवाएं भी अप्राप्य हो जाती हैं। जब डक्टर को कहा जाता है कि हमें जेनेरिक दवा लिख कर दो तो जवाब होता है कि ये कम असर वाली होती है । अगर इसी प्रकार यदि बात जहरीली दवाओं की की जाये तो हमें यह समझना होगा कि एक सामान्य-सी दिखने वाली दवा कैसे इतनी घातक बन जाती है। दरअसल प्रत्येक दवा दो प्रकार की चीजों को मिलाकर बनती है झ पहला उसके सक्रिय तत्व, जो बीमारी का उपचार करते हैं, और दूसरे उसके सहायक तत्व, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि दवा शरीर के उचित हिस्से तक पहुँचे। इसलिए किसी भी औषधि को सुरक्षित घोषित करने से पहले उस पर अनेक प्रकार के परीक्षण किये जाने आवश्यक होते हैं। सिरपों में प्रायः ग्लिसरीन और प्रोपिलीन ग्लाइकोल को सुरक्षित सहायक तत्व के रूप में उपयोग किया जाता है, लेकिन अक्सर पाया गया है कि लागत घटाने के उद्देश्य से कई कम्पनियाँ इनकी जगह सस्ते में उपलब्ध डाइएथिलीन ग्लाइकोल का प्रयोग करती हैं जो कि एक विषैला औद्योगिक सॉल्वेंट है। DEG का सम्मिलन दवाओं को घातक बना देता है, क्योंकि यह एक ऐसा पदार्थ है जोकि लिवर, दिमाग और दिमाग की कोशिकाओं को गम्भीर रूप से नुकसान पहुँचा सकता है और इसलिए अन्त में जान बचाने वाली दवा ही मरीज की मृत्यु का कारण बन जाती है। लेखक का स्वयं का अनुभव है कि डॉक्टर की लिखी दवा पैनम डी अपने पास के मेडिकल स्टोर से खरीदी तो वह छपे भाव में मिली और उसे ही जेनेरिक रूप में ऑन लाइन मंगवाई तो 51 % कम में मिली यानि वह जेनेरिक थी । लेखक एक ही दवा को लेकर अलग - अलग जेनेरिक दवाइयों की दुकान पर लेखक गया। लेखक ने पाया कि एक ही दवा अलग - अलग दुकान पर अलग झ अलग नामों से व भावों से बिक रही है। 20 रुपये की दवा की कीमत भी 80 रूपया लिखा होता है। पता करने पर पाया कि जेनेरिक दवाओं के प्रिंट रेट यानी इन दवाओं पर छपने वाली कीमत पर कोई नियंत्रण नहीं है। आईएमए के सदस्य और मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर डॉक्टर हेमंत जैन के एक लेख के अनुसार ब्रांडेड मेडिसिन पर फार्मासिस्ट को 5 से 20 प्रतिशत तक कमीशन मिलता है, पर जेनेरिक मेडिसिन की प्रिंट रेट और रीटेलर की खरीद कीमत में 50 गुना से 350 गुना तक का अंतर होता है। 10 पैसे की बी कॉम्प्लेक्स 35 रुपए तक में बिकती है। इसका आम जनता या मरीजों को उतना फायदा नहीं मिलता, जितना मिलना चाहिए। ऐसे में सरकार को जेनेरिक मेडिसिन के प्रिंट रेट पर भी लगाम लगाने की जरूरत है, वरना जनता को कोई फायदा नहीं होने वाला। आम तौर पर सभी दवाएं एक तरह का केमिकल सॉल्ट होती हैं। इन्हें शोध के बाद अलग-अलग बीमारियों के लिए बनाया जाता है। जेनेरिक दवा जिस सॉल्ट से बनी होती है, उसी के नाम से जानी जाती है। जैसे- दर्द और बुखार में काम आने वाले पैरासिटामोल सॉल्ट को कोई कंपनी इसी नाम से बेचे तो उसे जेनेरिक दवा कहेंगे। वहीं, जब इसे किसी ब्रांड जैसे- क्रोसिन के नाम से बेचा जाता है तो यह उस कंपनी की ब्रांडेड दवा कहलाती है। चौंकाने वाली बात यह है कि सर्दी-खांसी, बुखार और बदन दर्द जैसी रोजमर्रा की तकलीफों के लिए जेनरिक दवा महज 10 पैसे से लेकर डेढ़ रुपए प्रति टैबलेट तक में उपलब्ध है। ब्रांडेड में यही दवा डेढ़ रुपए से लेकर 35 रुपए तक पहुंच जाती है। गौरतलब है कि देश में जेनरिक दवाओं के इस्तेमाल को लेकर केंद्र सरकार ने डॉक्टरों को सख्त निर्देश जारी किया था । सरकार ने आदेश जारी कर सभी डॉक्टरों को जेनरिक दवाएं पेशेंट्स के लिए लिखने को कहा था । साथ ही यह चेतावनी भी दी गई थी अगर डॉक्टर जेनरिक दवा नहीं लिखते तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य सेवा के डायरेक्टर जनरल ने आदेश जारी करते हुए इस बात की वार्निंग दी थी। केंद्र सरकार ने सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य कल्याण केंद्रों के डॉक्टरों को जेनरिक दवाएं ही लिखने के लिए निर्धारित नियमों का पालन करने की चेतावनी जारी की थी ।पर न जाने क्यों इस आदेश पर अमल नहीं हुआ। लोगों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाने और सरकारी नीतियों में बदलाव को लेकर काम कर रहे जन स्वास्थ्य अभियान के डॉ। इंद्रनील मुखोपाध्याय बताते हैं- जेनेरिक दवाओं को लेकर भारत और विदेशों में काफी अंतर है। 2007 के बाद से पेटेंट कानून में कोई प्रभावी संशोधन नहीं हुआ। दूसरी बड़ी बात यह है कि सरकारी अस्पतालों में मिलने वाली दवाओं की कीमतों में भी भारी अंतर होता है। खास तौर पर इनकी प्रिंट रेट और खरीद कीमत में भारी अंतर होता है। ऐसे में सरकार को इन दवाओं की एवरेज प्राइसिंग करनी चाहिए। इससे दवाओं की कीमतों में बड़ा फर्क आ जाएगा। अभी किसी भी मरीज का दवाओं पर औसत खर्च 180% ज्यादा है। दवा कीमतों पर नियंत्रण के बाद इसमें भारी कमी आ जाएगी। डॉ। मुखोपाध्याय बताते हैं कि जेनेरिक दवा ब्रांडेड भी होती है। एक ही कंपनी जेनेरिक और ब्रांडेड, दोनों दवाएं बनाती है, लेकिन उनकी कीमतों में काफी अंतर होता है। ऐसे में अगर सरकार लोगों को या मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाना चाहती है तो उनकी कीमतों पर नियंत्रण जरूरी है। जेनेरिक दवाओं के मामले में भी बड़ा खेल होता है, खासतौर पर सरकारी खरीद या अस्पतालों में खरीदी जाने वाली दवाओं के मामलों में। ऐसे में इनकी कीमतों पर नियंत्रण ही मरीजों को सस्ती दवाएं मिलने का रास्ता खोल सकता है। कई जानलेवा बीमारियों जैसे एचआईवी, लंग कैंसर, लीवर कैंसर जैसी बीमारियों में काम आने वाली दवाओं के ज्यादातर पेटेंट बड़ी-बड़ी कंपनियों के पास हैं। वे इन्हें अलग-अलग ब्रांड से बेचती हैं। अगर यही दवा जेनेरिक में उपलब्ध हो तो इलाज पर खर्च 200 गुना तक घट सकता है। जैसे- एचआईवी की दवा टेनोफिविर या एफाविरेज की ब्रांडेड दवा का खर्च करीब 1 लाख 75 हजार रुपए है, जबकि जेनरिक दवा में यही महज 840 रुपए महीने तक हो सकता है। इन बीमारियों का इलाज ज्यादातर सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों में होता है। ऐसे में ये दवाएं इन अस्पतालों में या वहां के केमिस्ट के पास ही मिल पाती हैं। नोवार्टिस की कैंसर की दवा ग्लीवियो- इमेटिनिब मिसाइलेट का एक महीने का खर्च करीब 1.51 लाख रुपए पड़ता है, जबकि जेनरिक रूप में इसी दवा का खर्च प्रति माह 12,180 रुपए है। यानी 92% से भी कम। ऐसे ही बेयर की कैंसर ड्रग सोराफेनिब टोसाइलेट, जिसे वह नेक्सावर के नाम से बेचती है, उसका एक महीने का खर्च करीब 4,17,490 रुपया है, जबकि जेनरिक दवा लेने पर यही खर्च महज 12,126 रुपए प्रति माह हो जाता है। जर्नल ऑफ हेल्थ इकोनॉमिक्स के मुताबिक, एक पेटेंट इनोवेटर को उस उत्पाद पर रिसर्च के दौरान किए गए खर्च या लागत को वसूलने और उससे लाभ हासिल करने की अनुमति देता है। जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, किसी भी दवा के इनोवेटर या कंपनी उस दवा को बनाने से लेकर बाजार में उतारने और उसके बाद के 10-15 साल के दौरान करीब 5,600 करोड़ रुपए खर्च करती है। ऐसे में पेटेंट के 20 साल के दौरान उसे इस खर्च को वसूलने और मुनाफा कमाने का मौका मिल जाता है। डॉ। हेमंत जैन और डॉ। मुखोपाध्याय का कहना है कि अगर जेनेरिक दवा लिखना अनिवार्य होता है तो इसके साथ-साथ फार्मा सेक्टर में हजारों नौकरियों पर भी खतरा पैदा हो जाएगा। इनके मुताबिक, एक दवा को कई कंपनियां बनाती हैं। उनके प्रचार-प्रसार या उन्हें प्रमोट करने के लिए भारी भरकम स्टाफ रखती है। इनमें सबसे ज्यादा मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) हैं, जो डॉक्टर्स के पास विजिट कर उन्हें अपनी कंपनी की दवा लिखने को कहते हैं। कई डॉक्टर्स को इसके लिए बाकायदा कमीशन या महंगे-महंगे गिफ्ट तक दिए जाते हैं। ऐसे में डॉक्टर जब सिर्फ जेनेरिक दवा लिखेंगे, तो यह सब करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसका दूसरा असर यह होगा कि ब्रांडिंग खत्म हो जाएगी तो दवा कंपनियों को प्रचार-प्रसार के लिए स्टाफ भी कम रखना पड़ेगा। कई लाख मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्ज की नौकरियां खतरे में आ जाएंगी। फार्मा और मेडिकल सेक्टर से जुड़ी डॉकप्लेक्सस के मुताबिक, बड़ी कंपनियों में से प्रत्येक अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए 5 हजार से ज्यादा फील्ड स्टाफ रखती है। इसके अलावा फार्मा कंपनियां कुल बजट का 20% फील्ड स्टाफ की भर्ती और खर्च का 60% फील्ड स्टाफ और उनसे जुड़ी गतिविधियों पर खर्च करती हैं। ज्यादातर डॉक्टर्स सरकार की इस योजना का विरोध कर रहे हैं। वे आशंका जता रहे हैं कि ऐसे किसी कानून के लागू होने के बाद दवा से जुड़ी सभी शक्तियां केमिस्ट के हाथों में चली जाएंगी। उनकी दलील है कि डॉक्टर के जेनेरिक दवा लिखने के बाद केमिस्ट तय करेगा कि मरीज को कौन-सी दवा देनी है। ऐसी स्थिति में वह दवा की गुणवत्ता की परवाह किए बिना वही दवा देगा, जिसकी बिक्री से उसे अधिक मार्जिन या मुनाफा हासिल होगा। फार्मा सेक्टर से जुड़े सूत्र बताते हैं कि इसमें डॉक्टर्स को तो कोई नुकसान नहीं होगा, क्योंकि उनके पास तो मरीज आते रहेंगे, लेकिन जनता को अच्छी गुणवत्ता की जेनेरिक दवा मिलेगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है।

प्रकाशक, संपादक, मुद्रक रूपेश कुमार सिंह, रैप एक्सप्रर्टस प्राइवेट लिमिटेड पटना द्वारा, कॉमी तंजीम पब्लिसर्स प्रा. लिमिटेड, अमीन मंजिल, सब्जीबाग, पटना-800004 से मुद्रित। ज्योति प्रकाश भवन, जकरियापुर एसएफसी कॉलोनी, जीरो माइल गंगा पेट्रोल पंप के नजदीक, पटना से प्रकाशित। संपर्क सूत्र : 9835055017 / 7004145686, RNI NO—BIHHIN/2021/85413

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एकमा में कार्यक्रम आयोजित, स्वास्थ्य के लिए एकजुट, थीम पर दिया गया जोर

**चौथी वाणी/एकमा (सारण)।** विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 के अवसर पर मंगलवार को रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एकमा स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ खड़े रहें! थीम पर



कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शशि भूषण मालवीय रहे। इस अवसर पर डॉ. मालवीय ने बताया कि इस वर्ष की थीम - स्वास्थ्य के साथ एकजुट रहें, विज्ञान के साथ खड़े रहें। वैज्ञानिक सहयोग और प्रमाण आधारित प्रयासों के जरिए वैश्विक स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा लोगों, पशुओं, पौधों और पृथ्वी के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना आवश्यक है। कार्यक्रम में कॉलेज की सचिव ई. जयप्रकाश सिंह ने भी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए वैज्ञानिक उपलब्धियों और साक्ष्यों को व्यवहार में लाना जरूरी है। इसके लिए बहुक्षेत्रीय सहयोग की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मौजूद कॉलेज के ट्रस्टी राजीव कुमार शर्मा, अनूप कुमार, नागेंद्र कुमार सिंह, संतोष सिंह सहित शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और प्रशिक्षणार्थियों ने स्वास्थ्य प्रणालियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**पटना।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, पटना जिला शाखा के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) एवं एनआईटी पटना के संयुक्त तत्वावधान में एनआईटी पटना परिसर में एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रेड क्रॉस सोसाइटी पटना के सचिव



एवं एनएमसीएच अगम कुआँ के प्रशासनिक पदाधिकारी डॉ. मुकुल कुमार सिंह की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष विनोद भांटी, कार्यकारिणी सदस्य अमित कुमार एवं गोविंद जायसवाल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एनएमसीएच के मनोरोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि रक्तदान से जुड़ी मिथ्या एवं भ्रमक बातों से रक्तदाताओं को विचलित नहीं होना चाहिए, क्योंकि रक्तदान एक महान और जीवनदायी कार्य है। इस शिविर में एनआईटी पटना एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लगभग 120 यूनिट रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एनआईटी पटना के एसोसिएट डीन डॉ. विमलेश वर्मा, डॉ. निशांत तनवर, प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. अनुराग सहाय, डॉ. अनिमेष श्रीवास्तव, डॉ. भावनी कुमारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। छात्र प्रतिनिधियों में अश्विनी, हर्ष, सुरेंद्र, सज्जन, विक्रम पाटिल, सौरभ, हिमांशु, रिजवान तथा एनएसएस के अध्यक्ष सीतल की सक्रिय सहभागिता सराहनीय रही। कार्यक्रम का सफल संचालन भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, पटना एवं एनआईटी प्रशासन के सहयोग से संपन्न हुआ। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे मानव सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

### स्थापना दिवस पर निकली पर्यावरण जागरूकता प्रभात फेरी

**पटना सिटी।** पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के चौक एवं खाजेकला मंडल द्वारा पाटलीपुत्र परिषद परिसर में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अइ' ईं१ इंस्त्रंटी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर



पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रभात फेरी निकाली गई। कार्यकर्ता हाथों में पार्टी का झंडा लिए ह्लपेड़ लगाना है, मौसम बचाना हैह्व, ह्लपेड़ है तो ऑक्सीजन हैह्व और ह्लजहां पेड़, वहां हरियालीह्व जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक करते दिखे। प्रभात फेरी के दौरान क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में पटना जिला प्रभारी (ग्रामीण) संजीव कुमार यादव ने कहा कि बिहार तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने वाजपेयी जी के कथन ह्लअंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगाह्व को दोहराते हुए कहा कि बिहारवासियों की आकांक्षाएं जल्द पूरी होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौक मंडल अध्यक्ष अमित कनोडिया ने की, जबकि धन्यवाद ज्ञापन खाजेकला मंडल अध्यक्ष नीतीश कुमार ने किया। इस अवसर पर सरोज जायसवाल चौक मंडल महामंत्री विनय कुमार, उपाध्यक्ष दयानंद सिंह यादव, मुरारी राय, नीरज कुमार, मोहम्मद फिरोज, विनोद किसलय, डॉ. अनिल यादव, शशिकांत मिश्रा, मीना विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा सहित

# वैशाली पुलिस ने विभिन्न थाना में घटित लूट की घटनाओं का सफल उद्भेदन

**हाजीपुर(चौथी वाणी)।** वैशाली पुलिस ने मोटरसाइकिल लूटने बालो पर सख्त नकेल कसा है।जिसमे एस डी पीओ सदर 2 गोपाल मण्डल की बड़ी कारवाई से अपराध पर नियंत्रण होना दिखने लगा है। अपराधियो में कानून का डर शुरू हो गया है। जिले के करताहां, सराय एवं लालगंज थानान्तर्गत घटित लूट की घटनाओं का सफल उद्भेदन किया गया है। घटना में शामिल 07 अपराधकर्मियों को अवैध आग्नेयास्त्र, लूटी गयी मोटरसाईकिल एवं अवैध मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। जानकारी देते हुए एस पी विक्रम सिहाग ने बताया कि विगत 22 जनवरी को लालगंज थाना क्षेत्र में साई मंदिर के पास ऑनलाइन गेम सेन्टर पर पैसे के लेन-देन को लेकर गोलीबारी की घटना घटित हुई। एक मार्च को सिरसा गाँव में रितिक दूबे के घर पर गोलीबारी की घटना हुई। 15 मार्च को करताहां थाना क्षेत्र के चंदवारा गाव में लालगंज सराय रोड पर स्कूटी सवार व्यक्ति की गोली मारकर कैमरा एवं स्कूटी लूट की घटना घटित हुई। लालगंज थाना क्षेत्र में 23 मार्च को सिरसा रामराय जोगिया बाबा के पास फा5 बाईक लूट की घटना के साथ सराय थाना क्षेत्र में 4 मार्च को स्पलेंडर बाईक, 7000 रूपया एवं 01 मोबाईल लूट की घटना हुई। काजीपुर थाना क्षेत्र में 4 मार्च को बाईक लूट की घटना घटित हुई थी।उक्त घटित सभी घटनाओं के सफल उद्भेदन एवं घटना में शामिल अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु एस डी पीओ सदर-2, लालगंज के नेतृत्व में जिला आसूचना इकाई, करताहां थानाध्यक्ष, सराय थानाध्यक्ष एवं लालगंज थानाध्यक्ष के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा विभिन्न तरीकों से जाच शुरू हुआ। पुलिस एक्टिव मूड में आते ही 6 अप्रैल को करताहां थाना क्षेत्र के गुरमियां गांव से अमित कुमार , अंकुश कुमार दोनों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर इनके द्वारा घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की गयी एवं इनकी निशानदेही पर लालगंज थाना क्षेत्र के बसंता जहानाबाद से आकाश कुमार को एक लोडेड देशी कटटा एवं एक लूटी गयी बाईक के साथ गिरफ्तार किया। एतबारपुर सिसौला गांव के नीरज कुमार को एक लोडेड देशी कट्टा ,गुरमियां गांव से ऋषव कुमार के पास से लूटी हुई होण्डा साईन एस०पी० बाईक के साथ गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर सिरसा रामराय बगीचे से दो और मोटरसाईकिल एवं 1051 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (चरस) बरामद किया गया। आगे कारवाई करते हुए पुलिस ने अंकुश कुमार ,आयुष कुमार को करताहां थाना क्षेत्र के गुरमियां गांव से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के द्वारा घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की गयी।इन सभी पर लगभग आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले लालगंज थाना में दर्ज है।

## युद्ध-विरोध की सांस्कृतिक हुंकार : रश्मिरथी के मंचन ने जगाई शांति की चेतना



**चौथी वाणी/छपरा (सारण)।** ब्रजकिशोर किंडर गार्टन परिसर में आयोजित लोक रंग उत्सव 2026 का सांस्कृतिक सत्र कला और विचार का प्रभावशाली संगम बनकर उभरा। कार्यक्रम का केंद्रबिंदु रहा राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कालजयी कृति- रश्मिरथी, का नाट्य मंचन, जिसने युद्ध-विरोध, शांति और मानवीय मूल्यों का सशक्त संदेश दिया।

नाट्य प्रस्तुति में कर्ण और कृष्ण के संवादों के माध्यम से धर्म, नीति और सत्ता के द्वंद्व को समकालीन संदर्भों में प्रस्तुत किया गया। कर्ण की भूमिका में मनोरंजन पाठक ने आत्मसम्मान, करुणा और अंतर्द्वंद्व को जीवंत किया, वहीं कृष्ण के रूप में डॉ. अमित रंजन ने विवेक और नैतिक रणनीति का प्रभावी चित्रण किया। कंचन बाला ने कुंती के रूप में संवेदनशील अभिनय किया, जबकि शैलेन्द्र शाही (इन्द्र), पंकज कुमार (दुर्योधन) और सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी (कृपाचार्य) ने सत्ता के विभिन्न आयामों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। परशुराम के रूप में बबुआनन्द द्विवेदी तथा अर्जुन के रूप में विजय शंकर ने भी सशक्त अभिनय किया। निर्देशन, नाट्यांतरण व रंग-परिकल्पना डॉ. अमित रंजन की रही, जिसमें पारंपरिक और आधुनिक रंगभाषा का संतुलित समावेश दिखा। संगीत संयोजन कंचन बाला और टुन्नू तनहा का रहा। सांस्कृतिक सत्र की शुरूआत कबीर गायन से हुई, जिसके बाद जनगीत, सूफी गीत, लोकगीत, गजल और नृत्य की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को बहुरंगी बना दिया। कंचन बाला की चैती, विनय कुमार की गजल और अन्य कलाकारों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर किया। कार्यक्रम का संचालन कंचन बाला ने किया। अंत में सभी कलाकारों को प्रतीक-चिह्न और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युद्ध के खिलाफ शांति, सह-अस्तित्व और मानवीय मूल्यों की एक सशक्त सांस्कृतिक अभिव्यक्ति बनकर उभरा।

## अमन-चैन की गूंज : छपरा में 29वां इप्टा सम्मेलन चार सत्रों में संपन्न

**चौथी वाणी/छपरा (सारण)।** भारतीय जननाट्य संघ (इप्टा), छपरा द्वारा बिपिन बिहारी श्रीवास्तव नगर स्थित ब्रजकिशोर किंडर गार्टन परिसर में 29वां इप्टा छपरा सम्मेलन सह लोक रंगोत्सव चार सत्रों में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कला, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों का समन्वय देखने को मिला, जहां युद्ध के खिलाफ शांति और मानवीय मूल्यों का संदेश प्रमुख रूप से उभरा। सम्मेलन की शुरूआत विधान पार्षद प्रो. वीरेन्द्र नारायण यादव एवं इप्टा बिहार के महासचिव डॉ. फीरोज अशरफ खाँ द्वारा झंडोत्तोलन से हुई। इसके बाद दीप प्रज्वलन कर सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन किया गया। दूसरे सत्र में युद्धः शांति की संस्कृति बनाम हिंसा की राजनीति, विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित हुई। विषय प्रवेश करते हुए डॉ. अमित रंजन ने कहा कि मानव सभ्यता का इतिहास विकास के साथ-साथ युद्धों की त्रासदी का भी रहा है, इसलिए शांति की संस्कृति को सामाजिक आंदोलन के रूप में स्थापित करना आवश्यक है।



विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए युद्ध को मानवता के लिए गंभीर संकट बताया और संस्कृति, कला व साहित्य को शांति का माध्यम बताया। प्रो. वीरेन्द्र नारायण यादव ने कहा कि शांति सामाजिक न्याय और समानता के आधार पर ही संभव है। अध्यक्षता करते हुए सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने संस्कृति की भूमिका को जनचेतना जागृत करने वाला बताया। तीसरे सत्र में सांगठनिक बैठक आयोजित हुई, जिसमें संयोजक शैलेन्द्र कुमार शाही द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन को संशोधन के साथ सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसी दौरान नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में मुख्य संरक्षक प्रो. वीरेन्द्र नारायण यादव बनाए गए, जबकि संरक्षक मंडल में कई वरिष्ठ सदस्यों को शामिल किया गया। अध्यक्ष पद पर सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. अमित रंजन तथा सचिव के रूप में शैलेन्द्र कुमार शाही का चयन हुआ। समापन अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इप्टा जैसे सांस्कृतिक संगठन समाज में शांति, समानता और जनवादी मूल्यों के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और ऐसे आयोजन समय की जरूरत हैं।

## स्वच्छता से सशक्तिकरण तक: सीपीएस में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन की पहल बनी प्रेरणा

**चौथी वाणी/छपरा (सारण)।** बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए लियो क्लब ऑफ छपरा सारण द्वारा सीपीएस, छपरा में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन का हस्तांतरण एवं सफल स्थापना किया गया। यह पहल समाजसेवी शैलेन्द्र सेंगर के सहयोग से संभव हो सकी, जिन्होंने छात्राओं के हित में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि किशोरावस्था में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इस मशीन के माध्यम से छात्राओं को विद्यालय परिसर में ही सहज एवं सम्मानजनक तरीके से सेनेटरी पैड उपलब्ध हो सकेंगे। इससे उनकी




नियमित उपस्थिति के साथ-साथ आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी। इस अवसर पर लायन डॉ. मनोज कुमार वर्मा ह्यसंकल्पह्न, लायन डॉ. विक्की आनंद, लायन डॉ. विकास कुमार सिंह, लायन प्रमोद मिश्रा, लायन सौरभ ट्विंकल एवं लायन अश्विनी परमार मौजूद रहे। साथ ही लियो क्लब के अध्यक्ष विशाल भास्कर, सचिव मोनू कुमार, कोषाध्यक्ष बाबलू कुमार, सदस्य सूरज एवं छोटू भी सक्रिय रूप से मौजूद रहे। विद्यालय परिवार ने इस सराहनीय पहल के लिए लियो क्लब ऑफ छपरा एवं शैलेन्द्र सेंगर के प्रति आभार जताया और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यों की अपेक्षा व्यक्त की।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**पटना।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर बी. एससी नर्सिंग कॉलेज एनएमसीएच के छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसका विषय था— ह्लगर्भावस्था में सही देखभालः जीवन और जोखिम के बीच अंतरह्व। इस नाटक के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की सही देखभाल, समय पर जांच, पोषण और चिकित्सकीय परामर्श की आवश्यकता को सरल एवं प्रभावी ढंग से दशार्या गया। जागरूकता रैली कॉलेज परिसर से निकलकर आसपास के क्षेत्रों तक गई, जिसमें प्रतिभागियों ने स्लोगन और बैनर के जरिए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। रैली का मुख्य उद्देश्य आमजन को सुरक्षित मातृत्व, स्वच्छता और वैज्ञानिक सोच अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अस्पताल उपाधीक्षक डॉ प्रो राजीव रंजन, बी. एससी नर्सिंग कॉलेज की प्रचार्या डॉ संध्या सिंह, अंजली खुशबु, शांति स्वेता, चंद्रबर्धन, विपुल चतुवेर्दी, अनुराग कुमार श्री वास्तव, संगीता कुमारी, अस्पताल कई वरिष्ठ चिकित्सक, शिक्षाविद एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है और इस प्रकार के आयोजन लोगों को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## आंबेडकर जयंती को भव्य बनाने की तैयारी में जुटा राजद, कार्यकताओं की बैठक आयोजित



**दिनारा संवाददाता (चौथी वाणी):** राष्ट्रीय जनता दल द्वारा 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती को भव्य रूप से मनाने की तैयारी तेज कर दी गई है। इसे लेकर राजद के प्रदेश युवा अध्यक्ष सह पूर्व प्रत्याशी राजेश यादव ने प्रखंड मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यकताओं के साथ एक अहम बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए राजेश यादव ने कहा कि आंबेडकर जयंती को लेकर पूरे बिहार में व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। दिनारा विधानसभा क्षेत्र में भी इस अवसर को ऐतिहासिक बनाने की योजना है। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को पार्टी कार्यालय स्थित कपूरी सभागार में धूमधाम से जयंती समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि 21 वर्षों से एनडीए की सरकार होने के बावजूद बिहार स्वास्थ्य, शिक्षा, यातायात और कृषि जैसे बुनियादी क्षेत्रों में पिछड़ा क्यों बना हुआ है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को इन मुद्दों पर जनता को जवाब देना चाहिए। तेजस्वी यादव के केरल दौरे के बयान का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि हम गरीब प्रदेश से आते हैं कहना कोई गलत बात नहीं है, बल्कि यह बिहार की जमीनी सच्चाई को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि रोजाना लाखों बेरोजगार युवा रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में लोग केरल भी जा रहे हैं। वहीं मोतिहारी में हाल ही में हुई जहरीली शराब से मौत की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने बिहार में लागू शराबबंदी की प्रभावशीलता पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि कानून कागजों पर लागू जरूर है, लेकिन धरातल पर इसका प्रभाव नजर नहीं आ रहा है। बैठक में रामामुनी सिंह, मंटू यादव, संजीत कुमार, कामेश्वर सिंह, ओंकार सिंह, अंकित कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सीपीएस में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर दिया गया जोर

**चौथी वाणी/छपरा (सारण)।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी (जूनियर) द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सीपीएस ऑडिटोरियम, छपरा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना रहा।

इस वर्ष की थीम - सभी के लिए स्वास्थ्य, विज्ञान के साथ, रही। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य क्षेत्र में विज्ञान की भूमिका के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. रंजीतेश कुमार (वरिष्ठ चिकित्सा पदाधिकारी, सारण, विश्व स्वास्थ्य संगठन) ने वर्तमान स्वास्थ्य चुनौतियों, स्वच्छता, पोषण, टीकाकरण और रोगों की रोकथाम पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण करते हैं और सभी को स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार बनने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. हरेंद्र सिंह (राज्य शाखा, बिहार) ने कहा कि रेड क्रॉस का उद्देश्य मानवता, सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है।



संक्षिप्त खबरें

## गैस किल्लत पर फूटा गुस्सा: खाली सिलेंडर लेकर सड़क पर उतरे उपभोक्ता, घंटों जाम

**नोखा संवाददाता (चौथी वाणी)।** नगर परिषद क्षेत्र के बस स्टैंड पर रसोई गैस की किल्लत को लेकर मंगलवार को उपभोक्ताओं का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा। सिलिंडर की डिलीवरी में लगातार हो रही देरी से नाराज लोग बड़ी संख्या



में खाली सिलिंडर लेकर सड़क पर बैठ गए और आवागमन ठप कर दिया। घोसिया गैस गोदाम व बाजार समिति मैदान के पास सुबह से ही उपभोक्ताओं की भीड़ लगी थी। गैस ट्रक के नहीं आने की सूचना मिलते ही स्थिति तनावपूर्ण हो गई। देखते ही देखते लोग सड़क पर उतर आए और जाम लगा दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। उपभोक्ताओं का कहना था कि गैस बुकिंग का मैसेज मिलने के बावजूद समय पर सिलिंडर नहीं मिल रहा है। कई लोग सुबह से लाइन में खड़े थे, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। एजेंसी स्तर पर भी संतोषजनक जवाब नहीं मिलने से लोगों का आक्रोश और बढ़ गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि यह समस्या लगातार बनी हुई है और बिचौलियों की मनमानी के कारण आम उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं, कुछ लोगों ने ऊंचे दाम पर सिलिंडर की कालाबाजारी का भी आरोप लगाया। सड़क जाम की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। बीडीओ सुश्री शेफाली और अपर थानाध्यक्ष नवीन कुमार सहित अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे रहे। हालांकि, उपभोक्ता व्यवस्था में सुधार की मांग पर अड़े रहे।

## स्वस्थ समाज की दिशा में कोचस पीएचसी की पहल, विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता रैली से गूंजा क्षेत्र

**कोचस संवाददाता (चौथी वाणी)।** विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 के अवसर पर टुगेदर फॉर हेल्थ, स्टे विद साइंस स्लोगन के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कोचस द्वारा भव्य जागरूकता रैली निकाली गई। रैली ने पूरे क्षेत्र



में स्वास्थ्य के प्रति सजगता का संदेश फैलाते हुए लोगों को जागरूक किया। रैली के दौरान टीकाकरण, मातृ स्वास्थ्य, इम्यूनाइजेशन, किशोर स्वच्छता तथा टीबी मुक्त भारत जैसे अहम विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर तक स्वास्थ्य सेवाओं की महत्ता पहुंचाने और लोगों को वैज्ञानिक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. तुषार कुमार ने बताया कि स्वस्थ जीवन के लिए जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है। नियमित टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच और संतुलित आहार से ही एक मजबूत और स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील भी की। रैली में आशा, एएनएम, हेल्थ मैनेजर मोतिउर रहमान, बीसीएम अजय कुमार समेत बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों और ग्रामीणों ने भाग लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान स्वस्थ रहें, सुरक्षित रहें के नारों से वातावरण गूंजता रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि स्वास्थ्य जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाकर समाज को रोगमुक्त बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## योगी आदित्यनाथ से मिले गोपाल नारायण सिंह, बिहार भाजपा संगठन पर हुआ महत्वपूर्ण विमर्श

**सासाराम (चौथी वाणी)।** भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रांत के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने कल देर शाम उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से शिष्टाचार मुलाकात की। यह महत्वपूर्ण मुलाकात लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास, पांच कालिदास मार्ग पर संपन्न हुई, जहां श्री सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया और आत्मीय वातावरण में विभिन्न समसामयिक तथा संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की।



मुलाकात के दौरान विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी बिहार के संगठन से जुड़े कई अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने अपने राजनीतिक अनुभव और संगठनात्मक दृष्टि से श्री सिंह को बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर गोपाल नारायण सिंह ने उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हो रहे सर्वांगीण विकास, सुशासन, कानून-व्यवस्था में सुधार तथा आधारभूत संरचनाओं के तीव्र विस्तार की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है, जो विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है। श्री सिंह ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व, दूरदर्शिता और जनकल्याणकारी सोच की सराहना करते हुए कहा कि देश को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने में ऐसे नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस शिष्टाचार मुलाकात को राजनीतिक एवं संगठनात्मक दृष्टि से भी काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसमें भाजपा के भावी रणनीतिक विषयों और संगठन विस्तार को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई।

## रोहतास में अंचल प्रभारों में बड़ा फेरबदल, कई अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी

**सासाराम संवाददाता (चौथी वाणी)।** जिले के राजस्व प्रशासन में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन द्वारा जारी आदेश के तहत कई राजस्व अधिकारियों (आरओ) को अंचलाधिकारी (सीओ) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, जबकि कई प्रखंडों के बीडीओ को अंचल के अतिरिक्त दायित्वों से मुक्त कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, आशीष रंजन (आरओ, नासरीगंज) को दिनारा अंचल का प्रभार दिया गया है। ध्रुव कुमार (आरओ, काराकाट) को काराकाट अंचल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं, प्रनवेश राज (आरओ, राजपुर) को राजपुर के साथ-साथ संझौली अंचल की जिम्मेदारी दी गई है।

# चकडुमरिया गांव लापता हुए युवक की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा, हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**चौथी वाणी सुपौल/**सुपौल पुलिस ने एक सनसनीखेज लापता युवक के मामले का सफल उद्भेदन करते हुए हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है और हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया है।

दरअसल, दिनांक 01 अप्रैल 2026 को सुपौल थाना क्षेत्र के चकडुमरिया पूर्णवास वार्ड नंबर 10 निवासी 25 वर्षीय वाजिद अली के लापता होने की सूचना उनके परिजनों द्वारा दी गई थी। सूचना मिलते ही सुपौल थाना में कांड संख्या 249/26 दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।



मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुपौल के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल यानी स्क्ळ का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी साक्ष्य, मानवीय सूचना और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। जांच के क्रम में पुलिस ने चंदन कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने खुलासा किया कि वाजिद अली की हत्या ओम प्रकाश कामत द्वारा की गई है। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 07 अप्रैल 2026 को जोगबनी बाजार से ओम प्रकाश कामत को गिरफ्तार कर सुपौल लाया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसने गोली मारकर हत्या की और शव को बोरा एवं प्लास्टिक में लपेटकर सिटी रिक्शा से ले जाकर खरबौनी पुल के पास फेंक दिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने शव बरामद कर लिया है। साथ ही हत्या में प्रयुक्त देशी कट्टा और खून लगा दविया भी बरामद किया गया, जिसे एफएसएल टीम द्वारा सुरक्षित किया गया है। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और मामले की आगे की जांच जारी है। अन्य संभावित आरोपियों की पहचान भी की जा रही है।

## सिमराही नगर पंचायत के एस.आर. शिक्षा सम्राट स्कूल में ग्रेजुएशन डे व पेरेंट्स-टीचर सेमिनार का भव्य आयोजन




**चौथी वाणी सुपौल राघोपुर संवाददाता/** सिमराही नगर पंचायत स्थित एस.आर. शिक्षा सम्राट स्कूल में ग्रेजुएशन डे एवं पेरेंट्स-टीचर सेमिनार का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में विद्यालय के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र, मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन मेधावी छात्रों को विशेष रूप से प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप स्मार्ट वॉच भेंट की गई, जिससे छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर छात्रों के वार्षिक रिपोर्ट कार्ड अभिभावकों के साथ साझा किए गए तथा उनके शैक्षणिक सुधार और उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। पेरेंट्स-टीचर सेमिनार के दौरान छात्रों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन तथा व्यवहारिक मूल्यों पर विशेष चर्चा की गई। विद्यालय प्रशासन और अभिभावकों के बीच विचारों का सार्थक आदान-प्रदान हुआ, जिससे बच्चों के बेहतर भविष्य की दिशा तय करने में मदद मिलेगी। विद्यालय के प्रशासनिक निदेशक सह प्राचार्य किसलय रवि ने विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए आगामी सत्र में किए जाने वाले नवाचारों और बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। वहीं विद्यालय के चेयरमैन महादेव मेहता ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम अभिभावकों और शिक्षकों के बीच समन्वय को मजबूत करते हैं, जो छात्रों के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रबंध निदेशिका अल्पना मेहता ने सभी अभिभावकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस आयोजन को सफल बनाने में सुबंती लामा, प्रतीका ठाकुर, शंकर मेहता, सुमन झा, रमेश मुखिया, शिव शंकर कुमार सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एनसीओआरडी व मद्य निषेध समीक्षा बैठक में सख्त निर्देश, जहरीली शराब पर होगी कड़ी जवाबदेही



खुसरू परवेज

**सासाराम (चौथी वाणी)।** रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार की अध्यक्षता में एनसीओआरडी एवं मद्य निषेध से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक जिला समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोहतास, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस), जिला कृषि पदाधिकारी, सिविल सर्जन, सभी सहायक औषधि नियंत्रक तथा जिला विशेष शाखा के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि अफीम एवं गांजा की अवैध खेती, तस्करी अथवा कारोबार से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल इसकी जानकारी पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस एवं मद्य निषेध विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में पूर्व में जहां-जहां सुषव प्राप्त हुआ है, उन क्षेत्रों में लगातार सघन छापामारी, गश्ती और निगरानी अभियान चलाया जाए। साथ ही जहां सुषव या अवैध शराब पकड़ी जा रही है, वहां पुलिस और मद्य निषेध विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर इसकी गहन जांच करें कि यह कहां से आ रही है, कौन लोग इसकी आपूर्ति कर रहे हैं तथा इसके पीछे सक्रिय कारोबारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि जिले में कहीं भी जहरीली शराब की घटना सामने आती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी सहायक आयुक्त मद्य निषेध, संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा संबंधित थाना प्रभारी की होगी। इसको लेकर सभी क्षेत्रों में विशेष रूप से सघन छापामारी, नियमित गश्ती तथा वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि मार्च माह में पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए शराब कारोबार में संलिप्त कुल 202 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इसी अवधि में 8078.100 लीटर अवैध शराब भी जब्त की गई है। वहीं मार्च तक की कार्रवाई में कुल 286 वाहनों को भी जब्त किया गया है, जो इस दिशा में प्रशासनिक सक्रियता को दर्शाता है। पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने जिले के तीनों अनुमंडलों के पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक सप्ताह अपने-अपने अनुमंडल अंतर्गत थानों से संबंधित लंबित अधिहरण प्रस्तावों की समीक्षा करें और जब्त वाहनों के अधिहरण से संबंधित प्रस्तावों को अविलंब जिला विधि कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा जब्त की गई शराब के विनष्टीकरण से संबंधित प्रस्ताव 15 दिनों के भीतर भेजने का निर्देश भी दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि न्यायालयों में लंबित वाहनों के अधिहरण प्रस्तावों का शीघ्र निष्पादन कराया जाए, ताकि जब्त संपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया तेज हो सके। सभी थानाध्यक्षों एवं उत्पाद थाना प्रभारी को भी सख्त निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में जब्त शराब के विनष्टीकरण प्रस्ताव तथा वाहन अधिहरण प्रस्ताव एक सप्ताह के भीतर हर हाल में समर्पित करना सुनिश्चित करें। बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब, नशे के कारोबार और जहरीली शराब जैसी घटनाओं पर नियंत्रण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## भाजपा स्थापना दिवस पर सेवा, सुशासन और राष्ट्र प्रथम का संकल्प दोहराया गया

**चौथी वाणी सुपौल राघोपुर संवाददाता/** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर कार्यकताओं ने ह्लसंगठन गढ़े चलो, सुपंथ पर बढ़े चलोह्व के प्रेरणादायी मंत्र के साथ सेवा, सुशासन और ह्वराष्ट्र प्रथमह्न के संकल्प को पुनः दोहराया। इस अवसर पर पार्टी को शिखर तक पहुँचाने वाले महान नेताओं एवं विभूतियों का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



कार्यक्रम का आयोजन भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष अविनाश साह के नेतृत्व में तथा जिला उपाध्यक्ष विश्वजीत भगत के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां समर्पित कार्यकताओं के आवासों पर पार्टी का ध्वज लगाकर गर्व और सम्मान का वातावरण बनाया गया।

स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यकताओं ने पार्टी के मूल सिद्धांत ह्लअंत्योदयह्व को आत्मसात करते हुए समाज के जरूरतमंद वर्ग तक सेवा पहुंचाने का कार्य भी किया। गरीब एवं वंचित बच्चों के बीच कॉपी, पेन, चॉकलेट और बिस्कुट का वितरण कर सामाजिक दायित्व निभाया गया।

इस मौके पर विश्वजीत भगत ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस सभी कार्यकताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा, ह्लयह दिन हमें संगठन की मजबूती, विचारधारा के प्रति निष्ठा और राष्ट्र सेवा के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है। हमें ह्वराष्ट्र प्रथमह्न के सिद्धांत को अपनाते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम में सिमराही नगर पंचायत के युवा मोर्चा अध्यक्ष अविनाश शाह सहित कुन्दन विवेक, देवादित्या सेन, बालमुकुंद चौधरी, सुमित जायसवाल, अभिषेक महतो, सोनू बिट्टू, राहुल शाह, गोल्डन दास, अमित महतो समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी समर्पित एवं यशस्वी कार्यकताओं को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं और संगठन के प्रति समर्पण को और मजबूत करने का आह्वान किया गया।

## ड्यूटी के दौरान घायल एसआई ताज मोहम्मद खान का इलाज के दौरान निधन, पुलिस महकमे में शोक

**चौथी वाणी/छपरा (सारण)।** सारण जिले के एकमा थाना में पदस्थापित लगभग 57 वर्षीय एसआई ताज मोहम्मद खान का सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद मंगलवार की सुबह पटना स्थित जयप्रभा मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई।



जानकारी के अनुसार, बीते शनिवार को नगर पंचायत एकमा बाजार के गंजपर गांव स्थित यशोदा भारत गैस एजेंसी गोदाम पर गैस सिलेंडर वितरण के दौरान उनकी ड्यूटी लगाई गई थी। जिला प्रशासन के निर्देश के बावजूद उपभोक्ताओं की भीड़ जमा हो रही थी। इसी दौरान वे एक उपभोक्ता को समझाने के लिए एकमा-मांझी सड़क किनारे पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार टोटो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी थी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद अफरा-तफरी के बीच स्थानीय लोगों और पुलिसकर्मियों की मदद से उन्हें एकमा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर किया गया, जहां जयप्रभा मेदांता अस्पताल पटना में उनका इलाज चल रहा था। बाद में उन्हें सीएनएस अस्पताल भी रेफर किया गया, लेकिन मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रेवती निवासी ताज मोहम्मद खान आगामी वर्षों में सेवानिवृत्त होने वाले थे। उनके परिवार में पत्नी जमरुल खातून, दो बेटियां और तीन बेटे हैं, जिनमें एक पुत्र की शादी अभी शेष है। मृत्यु के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच ले जाया गया, जहां प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव छपरा पुलिस लाइन लाया जाएगा।

घटना की सूचना मिलते ही एकमा थाना में शोक की लहर छा गई। थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि दुर्घटना के संबंध में कांड दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा था, तभी उनके निधन की दुःखद सूचना मिली। उन्होंने कहा कि ताज मोहम्मद खान एक कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार और मिलनसार पुलिस अधिकारी थे, जिनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। थाना परिसर में शोक जताने वालों में एसआई भरत साह, संजय कुमार, विनायक राम, नवल किशोर सिंह, सुरेश राम, जावेद आलम, सुबोध पासवान सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। वहीं समाजसेवी योगेंद्र शर्मा, सूबेदार मेजर नीरज राय, रणधीर सिंह समेत कई लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## सम्मान समारोह में गूंजा जयप्रकाश पांडेय का नाम, रोहतास कांग्रेस को मजबूत नेतृत्व मिलने की जताई उम्मीद

**सासाराम संवाददाता (चौथी वाणी)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत करने वाले जयप्रकाश पांडेय ने अपनी साफ-सुथरी छवि, जुझारूपन, संघर्षशीलता और संगठन के प्रति समर्पण के बल पर आज रोहतास जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष पद तक का सफर तय किया है। पार्टी के कार्यकताओं और नेताओं के बीच यह उपलब्धि उनकी कर्मठता, धैर्य और निरंतर सक्रियता का परिणाम मानी जा रही है। उक्त बातें सासाराम स्थित इंदिरा गांधी कांग्रेस कार्यालय में आयोजित नवमनोनीत जिलाध्यक्ष जयप्रकाश पांडेय के सम्मान समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित सासाराम के कांग्रेस सांसद मनोज राम ने कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा जमीनी स्तर पर संघर्ष करने वाले कार्यकताओं को आगे बढ़ाने का काम किया है और जयप्रकाश पांडेय इसी परंपरा के मजबूत प्रतिनिधि हैं। सांसद मनोज राम ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्र के जनप्रिय नेता राहुल गांधी तथा प्रदेश नेतृत्व ने श्री पांडेय पर जो भरोसा जताया है, उस पर वह निश्चित रूप से खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी कांग्रेसजनों को पूरा भरोसा है कि उनके नेतृत्व में रोहतास जिला कांग्रेस कमिटी संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत होगी तथा कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा।



समारोह में उपस्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं डेहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय उर्फ मुटुर पांडेय ने भी नवमनोनीत जिलाध्यक्ष की नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि उनमें संगठन को साथ लेकर चलने की अद्भुत क्षमता है। उन्होंने कहा कि पार्टी आलाकमान ने उनके नेतृत्व-कौशल, सक्रियता और जनसंपर्क क्षमता को देखते हुए ही उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने विश्वास जताया कि जयप्रकाश पांडेय के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमिटी नई मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी और संगठन को नई दिशा मिलेगी। सम्मान समारोह में नवमनोनीत जिलाध्यक्ष कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकताओं और वरिष्ठ नेताओं द्वारा मिले इस सम्मान से वे अभिभूत और निःशब्द हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी आलाकमान ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका सफलतापूर्वक निर्वहन करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने सभी कार्यकताओं, नेताओं और समर्थकों के आशीर्वाद एवं सहयोग से संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकताओं को सम्मान दिलाने और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि वह हर स्तर पर कार्यकताओं के साथ खड़े रहेंगे और पार्टी को जिले में नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। सम्मान समारोह में निवर्तमान जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार पांडेय, नगर अध्यक्ष मकरानी, वरिष्ठ नेता अली हुसैन इद्रीसी, हिटलर पांडेय, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. जावेद अख्तर, लोकेश तिवारी, राजेश्वर कुशवाहा, राधा सिंह, हीरा राम, मनीष चौबे, ललित ठाकुर, मुनमुन पांडेय तथा महेंद्र पांडेय समेत दर्जनों कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने नवमनोनीत जिलाध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें एक नेकदिल इंसान, जुझारू कार्यकर्ता तथा कांग्रेस का सच्चा सिपाही बताया।

## खबरें एक नजर में

### 106.47 करोड़ के बजट से नरकटियागंज में विकास को रफ्तार देने की तैयारी।

**बेतिया/नरकटियागंज/य(चौथी वाणी)**नरकटियागंज नगर परिषद में मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश करते हुए शहर के समग्र विकास का खाका प्रस्तुत किया गया।




सभापति रीना देवी ने 106 करोड़ 47 लाख रुपये का बजट सदन में रखा, जो पिछले वर्ष के 97.12 करोड़ रुपये से अधिक है। इस बार बजट में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया है।बजट में सड़क व नाला निर्माण, बिजली व्यवस्था, पेंशन, फॉगिंग, कचरा प्रबंधन, साफ-सफाई, मशीनरी खरीद और विद्युत शवदाह गृह जैसी योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। नगर के 25 वार्डों में विकास कार्यों के लिए 65 करोड़ 10 लाख रुपये खर्च करने का प्रस्ताव है।कार्यपालक पदाधिकारी दिनेश पुरी ने बताया कि इस राशि से हेल्थ केयर भवन, ओपन पार्क, वाटर एटीएम, सामुदायिक भवन और ई-लाइब्रेरी जैसी योजनाएं संचालित होंगी। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर भी खास फोकस रहेगा।बैठक में उपसभापति पूनम देवी, स्वच्छता पदाधिकारी रवि कुमार सिंह, टाउन प्लानर मोहम्मद वसीम सहित कई वार्ड पार्षद मौजूद रहे।

### वरीयता को लेकर डीईओ से मिले स्नातक ग्रेड प्रशिक्षित शिक्षक

**सुगौली/चौथी वाणी:**--स्नातक ग्रेड प्रशिक्षित शिक्षकों का प्रतिनिधि मंडल अपनी वरीयता को लेकर डीईओ से मिले।इसको लेकर सुगौली प्रखंड के शिक्षक नेता मो सैदुल्लाह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी। मंगलवार को स्नातक ग्रेड प्रशिक्षित शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सैदुल्लाह अंसारी के नेतृत्व में वरीयता निर्धारण को लेकर स्नातक ग्रेड प्रशिक्षित शिक्षकों का एक प्रतिनिधि मंडल जिला शिक्षा पदाधिकरी श्री राजन कुमार गिरी को मांग पत्र सौंपा। इस बाबत अध्यक्ष श्री अंसारी ने बताया कि 12 जनवरी को ही विभाग द्वारा इस आशय का पत्र निर्गत किया गया जिसके आलोक में जिला इकाई पूर्वी चम्पारण द्वारा स्थापना डीपीओ गोपाल कृष्ण को स्नातक ग्रेड प्रशिक्षित शिक्षकों को वरीय विशिष्ट शिक्षक में प्रोन्नति देते हुए वेतन निर्धारण संबंधी ज्ञापन सौंपा गया।परंतु महीनों गुजर जाने के बावजूद पत्र निर्गत नहीं होने से नाराज शिक्षकों ने पुनः मांग सौंपा। सुगौली प्रखण्ड समेत जिला के विभिन्न प्रखंडों के मध्य विद्यालयों में स्नातक ग्रेड प्रशिक्षित शिक्षकों के रहते बेसिक ग्रेड शिक्षकों को विद्यालय का प्रभार दिए जाने को लेकर कड़ी आपत्ति जताई गई जिसे डीईओ ने गंभीरता से लेते हुए जल्द स्नातक ग्रेड शिक्षकों को मध्य विद्यालयों का प्रभार दिलाना का भरोसा दिलाया गया। प्रतिनिधि मंडल में जिला सचिव अजय कुमार ठाकुर, संयोजक नवल किशोर ठाकुर, विजय कुमार यादव, शहाबुद्दीन अंसारी आदि शिक्षक शामिल थे।





### स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हुआ गोष्ठी का आयोजन

**सुगौली/चौथी वाणी:**-- विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सुगौली में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। इनोवेटर,(डॉविश्वङ्क) प्रमोद स्टीफेन ने अपना विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए भोजन करने में अनुशासन बनाए रखना जरूरी है। डॉङ्क प्रमोद स्टीफेन ने विश्व स्वास्थ्य दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 7 अप्रैल 1948 को ही विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना हुई थी। सामाजिक कार्यकर्ता अजहर हुसैन अंसारी ने इस अवसर पर कहा कि सरल जीवन जीने के लिए अपने खानपान में भी मोटे अनाज,फलफूल और सब्जियों को सम्मिलित करना होगा। डॉङ्क प्रेम प्रकाश स्टीफेन ने अपने वक्तव्य में कहा कि पुरानी सामाजिक जीवनशैली को अपनाना होगा साथ ही एकांकी जीवन शैली का परित्याग करना होगा, डॉङ्क संजीव एवं डॉङ्क लीली स्टीफेन ने विस्तार पूर्वक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को उठाया। इस अवसर पर बिपिन तिवारी, श्रवण पासवान,कुसुम मसीह, सूरज,सौरभ गिरी, उपस्थित थे।
माइक पर बोलते फोटो लगेगा



### 16 कार्टून शराब व बाईक जब्त,धंधेबाज फरार

**नौतन(चौथी वाणी)**स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शिवराजपुर छठी स्थान के पास से 16 कार्टून विदेशी शराब व एक बाईक को जब्त किया किया है। इस दौरान पुलिस को देख धंधेबाज शराब व बाईक फेंक फरार हो गये। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार पासवान ने बताया कि मंगलवार की सुबह पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश से भारी मात्रा में विदेशी शराब का खेप शिवराजपुर के रास्ते लाया जा रहा है। त्वरित कार्रवाई करने पर शराब के साथ धंधेबाजों को पकड़ा जा सकता है।बताया कि प्राप्त सुचना के आलोक में एएस आई इंद्रदेव यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई की गई। लेकिन पुलिस को देख धंधेबाज शराब व बाईक फेंक फरार हो गये। पुलिस 16 कार्टून विदेशी शराब व बाईक को जब्त कर लिया। जब्त शराब में एटपीएम स्पेशल के 10 कार्टून, रायल स्टेग के 2 कार्टून और किंग फिशर वियर के 4 कार्टून शामिल हैं। पदाधिकारी ने बताया कि धंधेबाजों की पहचान कर ली गई। जिनके गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया जा रहा है।



### बेतिया में वृद्धजनों को मिल रहा सम्मानजनक आश्रय, 21 जुलाई 2025 से संचालित केंद्र बना सहारा

**बेतिया(चौथी वाणी)**आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चयङ्ग2 के तहत नगर निगम बेतिया द्वारा संचालित मुख्यमंत्री वृद्धजन आश्रय स्थल असहाय और बेसहारा बुजुर्गों के लिए सहारा बनता जा रहा है। 21 जुलाई 2025 से शुरू इस आश्रय स्थल में 50 वृद्धजनों की क्षमता है, जिसमें वर्तमान में 10 वृद्धजन निवास कर रहे हैं। यहां रह रहे बुजुर्गों को सुरक्षित आवास, निःशुल्क भोजन, नियमित स्वास्थ्य जांच और 24 घंटे देखभाल की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही स्वच्छ वातावरण, योग-ध्यान, ओपन जिम और मौसम के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे उन्हें सम्मानजनक जीवन मिल सके। नगर निगम प्रशासन ने बताया कि जरूरतमंद वृद्धजनों को इस आश्रय स्थल से जोड़ने के लिए आम लोगों से भी सहयोग की अपील की गई है। इच्छुक व्यक्ति अधीक्षक या नगर निगम कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।



# पंचायती राज मंत्री ने माली पंचायत भवन निर्माण कार्य का लिया जायजा





**सुगौली/चौथी वाणी:**-- पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश का बेतिया से आने के क्रम में श्रीपुर चौक पर रालोसपा के वरिष्ठ नेता संत सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। रालोसपा कार्यकताओं ने उन्हें फुल माला पहना कर जयकारे लगाये। इसके बाद मंत्री श्री प्रकाश प्रखंड के माली पहुंचे। जहां बन रहे पंचायत भवन का निरीक्षण किया। पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के क्रम में मंत्री दीपक प्रकाश ने माली पंचायत में निमार्णाधीन पंचायत भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने भवन निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री को निर्माण कार्य में कई कमियां देखने को मिलीं। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और संवेदक को फटकार लगाते हुए कार्य में सुधार लाने का निर्देश दिया। मंत्री ने मौके पर मौजूद कार्यपालक अभियंता को स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद बिहार सरकार के मंत्री का सुगौली में स्वागत किया गया।मंत्री दीपक प्रकाश प्रखंड के उतरी श्रीपुर में रालोसपा के वरिष्ठ नेता संत सिंह कुशवाहा के घर पहुंचे। जहां उनके आगमन पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। इस मौके पर उन्हे अंग बस्त्र व फुल माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर उन्होंने उपस्थित लोगों के प्रति आभार जताया।कार्यक्रम में प्रदेश अल्पसंख्यक अध्यक्ष जुल्फिकार आफताब सहित कई अन्य गणमान्य नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## टूटी सड़क का हो रहा कायाकल्प, निर्माण कार्य अंतिम दौर में

**विभाग की तत्परता से ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत**



**लौरिया।(चौथी वाणी)** मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के अंतर्गत आरडब्ल्यूडी कार्य प्रमंडल, बगहा-1 द्वारा लौरियाङ्मकैथवलिया मार्ग से बसवरिया गांव तक जाने वाली जर्जर सड़क का पुनर्निर्माण कार्य अब तेजी के साथ अंतिम चरण में पहुंच गया है। सड़क की बदहाल स्थिति का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद विभाग ने तत्काल संज्ञान लेते हुए निर्माण कार्य में गति लाई। कनीय अभियंता मोहित गुप्ता ने जानकारी दी कि पहले प्रतिकूल मौसम और तकनीकी कारणों से प्री-मिक्सिंग का कार्य प्रभावित हुआ था, जिसके चलते कई जगहों पर सड़क की ऊपरी सतह खराब हो गई थी। इसके अलावा पेवर मशीन में आई गड़बड़ी के कारण भी गुणवत्ता प्रभावित हुई थी। अब विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत, गड्ढों की भराई, सतह को समतल करने और एमल्शन व सीलकोट के जरिए सड़क को मजबूत और टिकाऊ बनाया जा रहा है।अधिकारियों के मुताबिक निर्माण कार्य पर निरंतर नजर रखी जा रही है और शेष बचे कार्यों को जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। पुल से संबंधित लंबित कार्य भी शीघ्र पूर्ण करने की दिशा में प्रयास जारी हैं। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि सभी कमियों को दूर कर सड़क को सुरक्षित और सुगम बनाया जाएगा।सड़क के पुनर्निर्माण से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। मौके पर मनीष कुमार, आशीष कुमार, मोतीलाल महतो, प्रह्लाद महतो, विक्रम ठाकुर, मुकेश ठाकुर, शिव महतो, मुन्ना महतो, हरिंदर ठाकुर, राम पूजन, राकेश कुमार, अजय ओझा, मदन महतो एवं संजय कुमार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## 9 से 13 अप्रैल तक सैरातों की खुली नीलामी, 9 स्थलों की बंदोबस्ती होगी

**बेतिया, ब्यूरो(चौथी वाणी)** नगर निगम क्षेत्र के शेष सैरातों की बंदोबस्ती को लेकर प्रशासन ने अधिसूचना जारी कर दी है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कुल 9 सैरातों की खुली नीलामी 9, 10 और 13 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे नगर निगम कार्यालय में होगी। नीलामी में सागर पोखरा व उत्तरवारी पोखरा में नौका संचालन, न्यू हरिवाटिका बस स्टैंड कैंटीन, दशहरा हजारी पशु मेला सहित विभिन्न वार्डों के कृषि योग्य भूखंड शामिल हैं। महापौर के अनुसार नौका संचालन शुल्क जीएसटी बढ़ोतरी के बाद 11.50 रुपये (18% जीएसटी सहित 13.57 रुपये) निर्धारित किया गया है। प्रत्येक मद के लिए सुरक्षा व जमानत राशि भी तय की गई है। नगर निगम का मानना है कि खुली नीलामी से राजस्व बढ़ेगा, संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इच्छुक लोग निर्धारित शर्तों के साथ भाग ले सकते हैं।



## बेतिया में छापेमारी, बंगाली कोलानी चौक से बाल श्रमिक मुक्त; नियोजक पर प्राथमिकी की तैयारी

**बेतिया,( चौथी वाणी)** बाल श्रम उन्मूलन अभियान के तहत श्रम विभाग ने मंगलवार को बेतिया सदर प्रखंड क्षेत्र में व्यापक छापेमारी करते हुए बंगाली कोलानी चौक स्थित सत्यम डेयरी एंड स्वीट्स से एक बाल श्रमिक को मुक्त कराया। यह कार्रवाई श्रम अधीक्षक विजय कुमार ठाकुर के निर्देशन में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी विभेश कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित धावा दल द्वारा की गई। मुक्त बालक को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर बाल गृह में सुरक्षित रखा गया है। श्रम अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत बाल श्रमिक नियोजन दंडनीय अपराध है, जिसके तहत 20 से 50 हजार रुपये जुमार्ना एवं दो वर्ष तक कारावास का प्रावधान है। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार प्रति बाल श्रमिक 20 हजार रुपये की वसूली भी की जाएगी। अभियान में लोकेश कुमार झा, भीम कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, स्तुति कुमारी, प्रयास संस्था के कन्हैया कुमार, सुमन कुमार, चाइल्ड लाइन के अमित कुमार शर्मा एवं नगर थाना पुलिस शामिल रही।



# यूपी के बस्ती रेलवे स्टेशन के पहले एक दर्दनाक हादसामें बिहारी युवक की मौत,गांव में मातम पसरा

**बगहा/ठकराहा(चौथी वाणी)** उत्तर प्रदेश के बस्ती रेलवे स्टेशन से पहले एक दर्दनाक हादसे में बिहार के एक युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई, वहीं मृतक के गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक की पहचान 40 वर्षीय बिरजू चौधरी, पिता सिंघासन चौधरी के रूप में हुई है। वे पश्चिम चंपारण जिले के ठकराहा थाना क्षेत्र अंतर्गत भवानी टोला के निवासी थे। जानकारी के अनुसार, वे रोजी-रोटी के सिलसिले में चंडीगढ़ में कार्यरत थे और 5 अप्रैल 2026 को ट्रेन से अपने घर लौट रहे थे।बताया जाता है कि सोमवार, 6 अप्रैल की सुबह बस्ती स्टेशन पहुंचने से पहले अचानक वे ट्रेन से नीचे गिर गए। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, दरवाजे के पास खड़े रहने या संतुलन बिगड़ने के कारण यह दुर्घटना हुई हो सकती है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच जारी है। मृतक की पहचान उनके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर की गई। उनके परिवार में पत्नी शिल्वान्ती देवी और तीन छोटे बच्चे हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। जैसे ही घटना की सूचना गांव पहुंची, पूरे इलाके में मातम छा गया। ग्रामीणों ने शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हुए प्रशासन से उचित सहायता की मांग की है।

## हत्या मामले में 14 नामजद, 6 गिरफ्तार

**बगहा/रामनगर(चौथी वाणी)**रामनगर थाना के सोहसा फुलवरिया गांव में बीते सोमवार को जमीनी विवाद में हत्या मामले में मृतक के भाई की शिकायत पर स्थानीय पुलिस रामनगर ने 14 लोगों को नामजद किया है।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि फुलवरिया गांव में हत्या मामले में दुखी मियां पिता स्व. शाहबजान मियां के शिकायत पर जय श्री राय उर्फ कोढा राय, कुमति देवी, राकेश राय, प्रकाश राय, अनिल राय, प्रदीप राय, राजू राय, निर्मला कुमारी, रीमा कुमारी, सीमा कुमारी काजल देवी, जॉनी देवी, सुमन देवी पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है इसमें जय श्री राय, सुमन देवी, सुनील राय, जोनी देवी समेत छह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## पश्चिम चंपारण में एलपीजी संकट गहराया, कई प्रखंडों में उपभोक्ता बेहाल

**बेतिया, अ.ब्यूरो(चौथी वाणी)**पश्चिम चंपारण जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत अब व्यापक रूप लेती जा रही है। बेतिया शहर के साथ-साथ कई प्रखंडों में भी उपभोक्ता परेशान हैं। हरिवाटिका चौक स्थित प्रज्ञा गैस एजेंसी समेत विभिन्न केंद्रों पर भीषण गर्मी में लंबी कतारें लगी हैं, जहां पुरुषों और महिलाओं को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने मोबाइल से बुकिंग कर ऑनलाइन भुगतान भी किया, इसके बावजूद उनके मोबाइल पर डिलीवरी का मैसेज आ चुका है, जबकि सिलेंडर घर तक नहीं पहुंचा। ऐसी स्थिति में लोगों को अपने हक के लिए लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है, जिससे पूरी आपूर्ति व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से त्वरित समाधान की मांग की है, ताकि इस अव्यवस्था पर रोक लग सके और आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन एलपीजी आपूर्ति को लेकर पूरी तरह सक्रिय होने का दावा कर रहा है। अपर समाहर्ता सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि जरूरतमंद उपभोक्ताओं के लिए 5 किलोग्राम वाले एफटीएल (फ्री ट्रेड एलपीजी) कनेक्शन की सुविधा पुनः शुरू कर दी गई है। इच्छुक उपभोक्ता नजदीकी गैस एजेंसी पर जाकर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर इसका लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले में 19,745 सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जबकि बीते दिन 6,282 सिलेंडरों की डिलीवरी की गई। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी परिस्थिति में एक उपभोक्ता का सिलेंडर दूसरे को न दिया जाए। शिकायतों के समाधान के लिए कंट्रोल रूम भी सक्रिय है, जहां प्राप्त 59 शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को भेजकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।




**डिलीवरी में गड़बड़ी पर सवाल, प्रशासन बोला– स्टॉक पर्याप्त,एफटीएल कनेक्शन से राहत**

## बेतिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 24 घंटे में 22 अपराधी गिरफ्तार

**शराब बरामदगी व वाहन चेकिंग में सख्ती, कानून व्यवस्था मजबूत करने का दावा**

**बेतिया(चौथी वाणी)**पश्चिम चंपारण में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए बेतिया पुलिस ने बीते 24 घंटे में सघन अभियान चलाकर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कुल 22 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इनमें उत्पाद अधिनियम के तहत 5 गिरफ्तारी शामिल है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 289 लीटर 940 एमएल अवैध शराब बरामद की, जो अवैध कारोबार पर कड़ी चोट मानी जा रही है।इसके अलावा वारंट के निष्पादन में 10 अभियुक्तों को पकड़ा गया, जबकि 20 मामलों में जमानती वारंट का निष्पादन किया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 1 लाख 55 हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया तथा एक मोटरसाइकिल जब्त की गई। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में विधि-व्यवस्था को सर्वोच्च स्तर पर बनाए रखने के लिए लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## मामूली विवाद ने लिया खूनी रूप, पांच घायल, तीन की हालत नाजुक

**बगहा/ठकराहा(चौथी वाणी)**पश्चिम चंपारण के ठकराहा थाना क्षेत्र स्थित कोइरपट्टी पंचायत के वार्ड संख्या 4 में सोमवार शाम मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। खेत की बांस से बनी बाउंड्री टूटने को लेकर कुशवाहा और चौहान पक्ष के बीच शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई। दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला हुआ, जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद के दौरान एक पक्ष के लोग कथित रूप से नशे में थे और उन्होंने अन्य साथियों को बुलाकर हमला तेज कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे लोगों को भी नहीं बख्शा गया। घटना के बाद हमलावरों द्वारा धमकी दिए जाने से इलाके में दहशत का माहौल है।सभी घायलों को ठकराहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से तीन को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया। थानाध्यक्ष नरेश राम ने बताया कि आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



संक्षिप्त खबरें

## बच्ची से लूटे लॉकेट कांड का खुलासा: मुख्य आरोपी संग खरीददार दुकानदार भी गिरफ्तार

**सासाराम संवाददाता (चौथी वाणी)।** नगर थाना क्षेत्र में बच्ची के गले से लॉकेट छीनने के मामले का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए मुख्य आरोपी समेत चोरी का सामान खरीदने वाले दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश गया है। पुलिस के अनुसार, कांड संख्या 51/26 (दिनांक 22 जनवरी 2026) के तहत दर्ज मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महद्दीगंज निवासी सत्यम कुमार (27 वर्ष) की पहचान की गई। उसे एसपी जैन कॉलेज के समीप से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर चौखंडी बाजार स्थित एक स्वर्ण दुकान से छीना गया लॉकेट बरामद किया गया। इस मामले में चोरी का सामान खरीदने के आरोप में दुकान संचालक जाफर आलम (32 वर्ष), निवासी पठान टोली, सासाराम को भी पुलिस ने दबोच लिया। घटना 22 जनवरी को नूरनगंज स्थित बुद्ध मिशन स्कूल गली में हुई थी, जहां बच्ची के गले से लॉकेट काटकर आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और जांच के आधार पर मामले का खुलासा कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल आगे की कार्रवाई जारी है।

## अधिवक्ता व महिला से मारपीट का अलग-अलग केस दर्ज

**नासरीगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** नासरिगंज थानाक्षेत्र के मनौली गांव में अधिवक्ता से मारपीट और उसके गले से सोने की चेन छीनने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़ित अधिवक्ता आनंद वर्धन ने थाने में आवेदन देकर मनीष पांडेय को नामजद अभियुक्त बनाया है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि सोमवार की शाम जब वह अपने घर से निकल कर स्कूटी स्टार्ट कर रहा था। तभी मनीष पांडेय ने उस पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। आवेदक ने अभियुक्त पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। क्योंकि पीड़ित के बाबा ने अभियुक्त की जमीन की बिक्री में पहचानकर्ता की भूमिका निभाई थी। इधर अधिवक्ता के विरोधी पक्ष की एवं इसी गांव की निवासी तारामुनी देवी पति विमलेश पांडेय ने अधिवक्ता के दादा सुरेश पांडेय के अलावा सोनू कुमार उर्फ आनंद पांडेय, मनटू कुमार और संतोष पांडेय समेत चार लोगों पर लाठी-फरसा लेकर घर में घुस कर गलत नीयत से हाथ पकड़ने और विरोध करने पर पीड़िता के पति विमलेश पांडेय के साथ मारपीट मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में एफ आई आर दर्ज कराई है। सभी अभियुक्त उक्त गांव के ही निवासी बताए जाते हैं। इधर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि दोनों केस दर्ज कर मामले की गहन जांच-पड़ताल की जा रही है।

## बालू घाट कार्यालय से कंप्यूटर व अन्य कीमती सामानों की चोरी

**नासरीगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** नासरीगंज थानाक्षेत्र के जमालपुर बालू घाट संख्या 3ए के कार्यालय का ताला तोड़ कर कंप्यूटर व अन्य कीमती सामानों के चोरी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में औरंगाबाद जिले के मदनपुर थानाक्षेत्र के पहरपुरा गांव निवासी पूर्व घाट संचालक प्रदीप कुमार सिंह ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। घाट संचालक के अनुसार टेंडर समाप्त हो जाने पर नवंबर 2025 में उक्त कार्यालय को बंद कर दिया गया। कार्यालय में एक कंप्यूटर, दो प्रिंटर, एक यूपीएस, दो बैटरी, एक इनवर्टर, एक स्टैबलाइजर और एक सीवीटी समेत लाखों रुपए के सामान थे। इसी क्रम में तीन दिन पूर्व चार अप्रैल की रात में कार्यालय के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे अज्ञात चोर वहीं रखी सभी सामग्रियां चुरा कर फरार हो गये। घाट संचालक ने कार्यालय के दो गार्डो का नाम भी आवेदन में दिया है। हालांकि उनपर किसी अपराध का आरोप नहीं लगाया गया है। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि मामले की गहनता से जांच-पड़ताल की जा रही है। और अपराधियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

## भीषण गर्मी का अलर्ट : लू के खतरे के बीच डॉक्टर की चेतावनी, सतर्कता ही बचाव

**बिक्रमगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** अनुमंडल में बढ़ती गर्मी अब आमजन के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। दिन चढ़ते ही आसमान से बरसती तेज धूप ने जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। सड़कों पर आवाजाही कम होने लगी है और दोपहर के समय बाजारों में भी सन्नाटा दिखने लगा है। ऐसे हालात में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को सतर्क रहने और दिनचर्या में जरूरी बदलाव करने की सलाह दी है। बिक्रमगंज नगर के डुमरांव रोड स्थित तेंदुनी मां काली मंदिर के समीप संचालित रीता मेमोरियल नर्सिंग होम एवं एसबीडी पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि वर्तमान मौसम में लापरवाही लोगों के स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है। उन्होंने बताया कि तापमान में लगातार वृद्धि के कारण शरीर पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, जिससे लू और डिहाइड्रेशन के मामले बढ़ने की आशंका है। डॉ. कुमार के अनुसार, इस मौसम में विशेष सावधानी बरतना आवश्यक है, खासकर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों के लिए। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम के अनुरूप खानपान और रहन-सहन में संतुलन बनाकर ही गर्मी के प्रभाव से बचा जा सकता है। साथ ही, तेज धूप के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि लू के लक्षणों को नजरअंदाज करना खतरनाक साबित हो सकता है। समय रहते उचित उपचार नहीं मिलने पर स्थिति गंभीर हो सकती है। इसलिए किसी भी असामान्य शारीरिक लक्षण के दिखने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी है। डॉ. अरुण कुमार ने लोगों से अपील की कि वे खुद भी सतर्क रहें और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें, ताकि इस भीषण गर्मी के दौरान किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। बढ़ती गर्मी के बीच उनका यह संदेश आमजन के लिए राहत और सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है।


डॉ अरुण कुमार

## शिव मैरेज हॉल में फर्जी शादी गिरोह पर पुलिस की छापेमारी



**बिक्रमगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** बिक्रमगंज थानाक्षेत्र के आरा रोड स्थित शिव मैरेज हॉल में पुलिस ने छापेमारी कर कथित रूप से फर्जी शादी गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शादी के नाम पर ठगी करने के आरोप में करीब एक दर्जन लोगों को हिरासत में लिया गया है। छापेमारी के दौरान लाखों रुपये नकद और गहने बरामद होने की भी चर्चा है। बताया जा रहा है कि लड़का पक्ष मध्य प्रदेश से आया था, जबकि लड़की पक्ष स्थानीय बताया जा रहा है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है और मामले को लेकर तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। फिलहाल पुलिस हिरासत में लिए गए सभी संदिग्धों से गहन पूछताछ कर रही है तथा पूरे मामले की जांच जारी है। हालांकि अब तक इस मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। इसलिए अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले पुलिस के आधिकारिक बयान का इंतजार किया जाना आवश्यक है।

## 8-9 अप्रैल को नामांकन, कोचस में पैक्स चुनाव को लेकर उत्साह चरम पर

**कोचस संवाददाता (चौथी वाणी)।** कोचस नगर पैक्स चुनाव को लेकर क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 8 एवं 9 अप्रैल को अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे, जबकि 10 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी) एवं नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ चंद्रभूषण गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि नामांकन प्रक्रिया को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# घरेलू गैस संकट पर फूटा गुस्सा, सासाराम में सिलिंडर रखकर किया सड़क जाम



**सासाराम संवाददाता (चौथी वाणी)।** सासाराम शहर में घरेलू गैस की किल्लत से परेशान उपभोक्ताओं का गुस्सा मंगलवार दोपहर फजलगंज मोड़ के पास सड़क पर फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोगों ने खाली गैस सिलिंडर सड़क पर रखकर जोरदार प्रदर्शन किया और मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इससे घंटों तक यातायात प्रभावित रहा और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने गैस आपूर्ति व्यवस्था के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि कई दिनों से गैस नहीं मिलने के कारण घरों में खाना बनाना मुश्किल हो गया है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस एजेंसी में नंबर लगाने के बावजूद 15 से 20 दिनों तक सिलेंडर की डिलीवरी नहीं की जा रही है, जिससे आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने गैस एजेंसी के मालिक और मैनेजर पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि आम उपभोक्ताओं को गैस नहीं मिल रही, जबकि ब्लैक में आसानी से सिलेंडर उपलब्ध हो रहा है। सड़क जाम की सूचना मिलते ही एसडीएम नेहा कुमारी, एसडीपीओ दिलीप कुमार और नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान जब एसडीएम से गैस की उपलब्धता को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि प्रशासन के अनुसार गैस की कोई कमी नहीं है, हालांकि उपभोक्ताओं तक गैस क्यों नहीं पहुंच रही है, इस पर उन्होंने स्पष्ट जवाब नहीं दिया। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार उन्होंने मीडिया पर गलत खबर चलाने का आरोप लगाते हुए उपभोक्ताओं और पत्रकारों पर भी केस दर्ज करने की चेतावनी दी, जिससे माहौल और गरमा गया। दूसरी ओर प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे अपनी वास्तविक समस्या ही सामने रख रहे हैं और एजेंसियों की मनमानी के कारण आम लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द गैस आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो आंदोलन और उग्र होगा। फिलहाल प्रशासन स्थिति को नियंत्रित करने में जुटा है, लेकिन शहर में गैस संकट को लेकर लोगों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।

## कोचस की सड़कों पर वसूली राज: हर गुजरते वाहन से मांगा जा रहा पैसा



**कोचस संवाददाता (चौथी वाणी)।** नगर क्षेत्र में इन दिनों सड़कें कथित तौर पर अवैध वसूली का अड्डा बनती जा रही हैं। लंबी दूरी तय करने वाले मालवाहक वाहनों को बीच रास्ते में रोककर उनसे जबरन पैसे वसूले जाने का मामला सामने आया है। इसको लेकर वाहन चालकों में रोष है, वहीं स्थानीय लोग भी इस व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत में बाजार की नीलामी प्रक्रिया पूरी नहीं होने के बावजूद 1 अप्रैल से वसूली का कार्य शुरू कर दिया गया है। आरोप है कि कुछ एजेंट सड़क किनारे खड़े होकर अन्य राज्यों और अन्य जिलों की ओर जा रहे मालवाहक वाहनों को रोकते हैं और टैक्स के नाम पर राशि की मांग करते हैं। विरोध करने पर चालकों को परेशान किए जाने की भी बात सामने आ रही है। मंगलवार को अन्य राज्यों व जिलों की ओर जा रहे एक मुर्गी लदे वाहन को रोककर वसूली किए जाने की घटना सामने आई, जिससे कुछ देर के लिए सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एजेंटों द्वारा खुलेआम पैसे लिए जा रहे थे, जिससे आवागमन बाधित हुआ और लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ा। मामले की जानकारी मिलने के बाद कार्यपालक पदाधिकारी ने जांच का आश्वासन दिया है।


उन्होंने कहा कि यदि अवैध वसूली की पुष्टि होती है, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, नगर पंचायत के कुछ जनप्रतिनिधियों का कहना है कि वसूली कार्य सरकारी दिशा-निदेर्शो के तहत किया जा रहा है। हालांकि, इस पूरे प्रकरण को लेकर क्षेत्र में भ्रम और असंतोष का माहौल बना हुआ है। आम लोगों का कहना है कि सड़क पर इस तरह की गतिविधियों से न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है, बल्कि कानून-व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप कर पारदर्शी और वैध व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

## भू-समाधान पोर्टल पर ढिलाई पर डीएम सख्त: शून्य एंट्री वाले थानों को चेतावनी, हर शनिवार रिपोर्ट अनिवार्य



**सासाराम संवाददाता (चौथी वाणी)।** जिला पदाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में भूमि विवाद मामलों की समीक्षा बैठक में भू-समाधान पोर्टल पर अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर कड़ी नाराजगी जताई गई। समीक्षा में सामने आया कि 9 मार्च से 6 अप्रैल के बीच कई थानों द्वारा एक भी आवेदन की एंट्री नहीं की गई है। डीएम ने संबंधित अंचलाधिकारियों और थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों को तत्काल पोर्टल पर अपलोड किया जाए। साथ ही, जहां एक ही थाना क्षेत्र में दो अंचल आते हैं, वहां रोस्टर बनाकर थानाध्यक्षों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक शनिवार को आयोजित भूमि विवाद की बैठक की कार्यवाही अनिवार्य रूप से भू-समाधान पोर्टल पर अपलोड की जाए। जिन थानों की एंट्री शून्य है, वहां मामलों की विशेष समीक्षा कर रिपोर्ट पोर्टल पर दर्ज करने और उसकी प्रति गृह विभाग, बिहार, पटना को भेजने का निर्देश दिया गया। डीएम ने यह भी कहा कि सभी थानाध्यक्ष रोस्टर के अनुसार अंचल स्तर पर होने वाली बैठक में भाग लें और उसकी रिपोर्ट संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को भेजना सुनिश्चित करें। बैठक में अधिकारियों को व्यवस्था में सुधार लाकर समयबद्ध निष्पादन पर जोर दिया गया।

# राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित



**आरा** - जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में जूम मीटिंग के माध्यम से एनएच-119अ (पटना-आरा-सासाराम) एवं एनएच-319 (आरा-परिया) फोरलेन परियोजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ठलअक(ढक्व) सासाराम एवं पटना द्वारा संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। विभिन्न अंचलों में नोटिस तामिला, 3ॠ प्राक्कलन स्वीकृति, एनओसी एवं भूमि अधिग्रहण से जुड़े लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में एनएच-319 के आरा बाईपास (मौजा बामपाली) में ट्रम्पेट इंटरचेंज निर्माण तथा बाईपास सड़क निर्माण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। कोईलवर एवं उदवंतनगर अंचलों में प्रभावित संरचनाओं की संशोधित सूची उपलब्ध कराने हेतु ठलअक पटना के प्रतिनिधि का निर्देश दिया गया, ताकि भवनों का मूल्यांकन कराया जा सके। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को समन्वय स्थापित कर कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य सह जागरूकता शिविर का आयोजन



**आरा/** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आकांक्षी प्रखंड संदेश अंतर्गत डिहरा पंचायत के मनियच गांव स्थित पंचायत भवन में ह्लसंपूर्णता अभियान 2.0ह्व के तहत स्वास्थ्य सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। नीति आयोग द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार संचालित इस अभियान के अंतर्गत अब तक संदेश प्रखंड के आठ पंचायतों में शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। ह्लसंपूर्णता अभियान 2.0ह्व दिनांक 28 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 तक संचालित है, जिसके तहत पोषण, शिक्षा एवं कृषि से संबंधित 6 प्रमुख सूचकांकों को शत-प्रतिशत संतृप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शिविर के दौरान ग्रामीणों के बीच बीपी, शुगर, वजन आदि की जांच की गई तथा आवश्यकता अनुसार दवाओं का वितरण किया गया। आईसीडीएस विभाग की ओर से चांदनी कुमारी नामक कन्या शिशु का अन्नप्राशन संस्कार एवं मनियच निवासी लक्ष्मी देवी का गोदभराई कार्यक्रम संपन्न कराया गया। साथ ही विभाग द्वारा मोटे अनाज एवं दालों से रंगोली बनाकर उनके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव के बारे में उपस्थित ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर एबीएफ, संदेश श्री अंकित सिंह द्वारा गर्भवती महिलाओं को एएनसी जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी गई तथा उन्हें अपने नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र पर समय पर जांच कराने हेतु प्रेरित किया गया, ताकि वे सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त कर सकें। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीएचओ प्रियंका कुमारी, एएनएम प्रमिला सिन्हा, आशा कार्यकर्ता एवं आईसीडीएस विभाग से सेविका पूजा कुमारी भारती, मीना कुमारी, सकीना खातून, आशा देवी, अनीता देवी, गीता कुंवर तथा जीविका की ओर से सीएनआरपी लक्ष्मी कुमारी उपस्थित रहीं।

## राजस्व लक्ष्य के करीब पहुंचा निबंधन कार्यालय: 123.52 करोड़ की वसूली, 95% लक्ष्य हासिल

**सासाराम संवाददाता (चौथी वाणी)।** जिला निबंधन कार्यालय, सासाराम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में अपने राजस्व लक्ष्य के करीब पहुंचते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। निर्धारित 130 करोड़ 48 लाख रुपये के लक्ष्य के विरुद्ध कार्यालय ने 123 करोड़ 52 लाख रुपये राजस्व अर्जित किया, जो कुल लक्ष्य का लगभग 95 प्रतिशत है। जिला अवर निबंधक ऋषिकेश साहपुरी ने बताया कि राजस्व बढ़ाने के लिए मार्च माह में रविवार को भी जमीन निबंधन का कार्य जारी रखा गया, जिससे लक्ष्य के करीब पहुंचने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस बार दस्तावेजों की संख्या कम रहने के बावजूद करीब तीन करोड़ रुपये अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है।

## दो साल से फरार शराब कांड का आरोपी गिरफ्तार

**काराकाट संवाददाता (चौथी वाणी)।** थाना क्षेत्र में दो वर्षो से फरार चल रहे शराब कांड के अभियुक्त को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के करूप गांव निवासी उपेंद्र बैठा के पुत्र नीतीश कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से दबोचा गया। पुलिस के अनुसार, नीतीश कुमार के खिलाफ कांड संख्या 591/24 के तहत मामला दर्ज था और वह केस दर्ज होने के बाद से लगातार फरार चल रहा था। लंबे समय से उसकी तलाश की जा रही थी। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि सटीक सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घर की घेराबंदी कर छापेमारी की और अभियुक्त को मौके से पकड़ लिया। उन्होंने कहा कि कानून से बचने की कोशिश करने वाले अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायालय भेज दिया गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के बीच हड़कंप है, वहीं आम लोगों में पुलिस के प्रति भरोसा और मजबूत हुआ है।

## सूर्यपुरा में शराब कारोबार पर करारा वार: 144 पीस विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार



**बिक्रमगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** सूर्यपुरा थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार, सूर्यपुरा गांव निवासी लाल मोहर सिंह के पुत्र अनु उर्फ ओमप्रकाश को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 180 एमएल के 144 पीस, कुल 25 लीटर 920 एमएल विदेशी शराब बरामद हुई। पुलिस का मानना है कि बरामदगी की मात्रा संगठित अवैध कारोबार की ओर संकेत करती है। थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में लगातार सख्ती बरती जाएगी। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध कारोबारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

## 35 वर्षों की सेवा को सलाम: उर्दू मध्य विद्यालय शहरी में भावभीनी विदाई



**बिक्रमगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** काराकाट प्रखंड के उर्दू मध्य विद्यालय शहरी के प्रधानाध्यापक अब्दुल कादिर अंसारी के सेवानिवृत्त होने पर मंगलवार को विद्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, विद्यार्थियों और गणमान्य लोगों ने उनके लंबे सेवाकाल को याद करते हुए भावभीनी विदाई दी।मुख्य अतिथि के रूप में बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष श्रीनाथ सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मजहर हुसैन ने किया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत बच्चों ने गीत-नृत्य और एक लघु नाटक की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। समारोह में वक्ताओं ने अब्दुल कादिर अंसारी के शैक्षणिक योगदान, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार और शिक्षकों ने उन्हें अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कार्यकारिणी अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष ज्वाला सिंह, कोषाध्यक्ष रामनाथ राम सहित कई शिक्षक व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी ने उनके स्वस्थ और सुखद जीवन की कामना की।

## खबरें एक नजर में

## अमेरिकी बचाव दल ने पायलट को कैसे बचाया

–संजय गोस्वामी, दुंदी बाजार, पटना बिहार

ईरान ने शुक्रवार 4 मार्च26 को अमेरिकी F-15ए लड़ाकू जेट को मार गिराया गया था। F-15ए को दो सदस्यीय दल उड़ाता है। विमान पर हमले के बाद दोनों सुरक्षित कूदने में कामयाब रहे लेकिन ईरानी जमीन पर उतरे। इसके बाद विमान के चालक दल के एक सदस्य को अमेरिकी बलों ने निकाल लिया। अमेरिकी अधिकारियों ने सीबीएस न्यूज से इसकी पुष्टि की है। अमेरिका के लिए ईरान से पायलट को बचाना बड़ी कामयाबी है क्योंकि ईरानी बलों ने भी इनको ढूंढ़ने के लिए अभियान चला रखा है।ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने शुक्रवार को अमेरिका के लड़ाकू विमान को मार गिराने का दावा किया है। ईरानी मीडिया में क्षतिग्रस्त जेट की तस्वीरें और वीडियो प्रसारित किए गए। अमेरिकी सेना ने कुछ समय तक इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी लेकिन बाद में सर्च ऑपरेशन चलाए जाने की बात सामने आई। इसके बाद अमेरिका ने विमान गिरने की पुष्टि करते हुए क्रू के एक सदस्य को बचा लेने की बात कही। अमेरिका ने ईरान में ऋ15 फाइटर जेट के लापता क्रू को बचा लिया है। इस क्रू को बचाने के लिए अमेरिका ने सीआईए के नेतृत्व में एक डिसेप्शन कैंपेन (गुप्त अभियान) चलाया, जिससे ईरान के अंदरूनी इलाके में लापता ऋ15 क्रू सदस्य का पता लगाया जा सके और उसे बचाया जा सके।बचाव दल ने 5 मार्च26 को एक विशेष अभियान के माध्यम से ईरान में फंसे दूसरे पायलट को सफलतापूर्वक बचा लिया। इससे पहले 4 मार्च को इसी तरह के एक अभियान के जरिए पहले पायलट को ईरान से बचाया गया था। सफल बचाव अभियानों की कुंजी तकनीक है, और इस क्षेत्र में अग्रणी वही होगा जो तकनीकी क्षेत्र में अग्रणी हो। युद्धकालीन बचाव अभियानों का लंबा इतिहास है, जो प्रथम विश्व युद्ध से शुरू होता है, जब पायलट फ्रांस में अपने गिरे हुए साथियों को बचाने के लिए दौड़े थे। अमेरिकी बचाव दल का इतिहास 1943 में शुरू होता है, जब दो लड़ाकू चिकित्साकर्मी घायल सैनिकों की सहायता के लिए पूर्व देश बर्मा (अब म्यांमार) में पैराशूट से उतरे थे। स्मिथसोनियन की एयर एंड स्पेस पत्रिका के अनुसार, दुनिया का पहला हेलीकॉप्टर बचाव अभियान एक साल बाद हुआ, जब एक अमेरिकी अधिकारी ने जापानी मोर्चे के पीछे से चार सैनिकों को बचाया। इस घटना ने युद्ध में हेलीकॉप्टरों के पहले उपयोग को भी चिह्नित किया। युद्ध के तुरंत बाद अमेरिका में खोज और बचाव संगठन स्थापित किए गए, लेकिन आधुनिक लड़ाकू खोज और बचाव (सीएसएआर) वियतनाम युद्ध के दौरान हुई। 1975 में कंबोडिया के उत्तरी वियतनामी सीमा के पीछे एक दुर्घटनाग्रस्त पायलट को बचाने के लिए अमेरिकी हेलीकॉप्टर द्वारा बचाव अभियान किए गए, जिसे "बैट 21" कहा जाता है, में दर्जनों विमान नष्ट हो गए और कई अमेरिकी सैनिक हताहत हुए। दक्षिण-पूर्व एशिया में हजारों बचाव अभियानों ने समकालीन खोज और बचाव प्रयासों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमेरिकी वायु सेना की पैरा-रेस्क्यू टीमें इन अभियानों में विशेषज्ञता रखती हैं। यद्यपि अमेरिकी सेना की प्रत्येक शाखा की सीएसएआर (उरअफ) क्षमताएं सीमित हैं, फिर भी सैनिकों का पता लगाने और उन्हें बचाने में अमेरिकी वायु सेना की महत्वपूर्ण भूमिका है। ये अभियान विशेष पैरा-रेस्क्यू जंपर्स द्वारा चलाए जाते हैं, जो सेना के मल्टी-टास्क फोर्स का हिस्सा हैं। पैरा-रेस्क्यू का आदर्श वाक्य है: "हम यह इसलिए करते हैं ताकि दूसरे जीवित रह सकें।" उनका काम अपने सैनिकों को कभी पीछे न छोड़ने की अमेरिका की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। ये कर्मी युद्ध और चिकित्सा आपात स्थितियों के लिए उच्च प्रशिक्षित होते हैं। उनकी चयन और प्रशिक्षण प्रक्रिया को कई लोग अमेरिकी सेना की सबसे कठिन प्रक्रियाओं में से एक मानते हैं। यह चयन और प्रशिक्षण प्रक्रिया शुरू से अंत तक दो साल तक चलती है और इसमें सर्फिंग और स्कूबा डाइविंग का प्रशिक्षण शामिल है। इसके अलावा, इसमें पनडुब्बी में गोताखोरी, जीवन रक्षा कौशल, युद्ध और उड़ान प्रशिक्षण, और नागरिक चिकित्सा प्रशिक्षण भी शामिल है। उन्हें युद्ध चिकित्सा, बचाव अभियान और हथियारों के उपयोग में विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाता है। जमीन पर, इन टीमों का नेतृत्व "युद्ध बचाव दल" करते हैं। ये अधिकारी बचाव अभियानों की योजना बनाने, समन्वय करने और उन्हें सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए ज़िम्मेदार होते हैं। हाल के अमेरिकी बचाव अभियानों में इराक और अफगानिस्तान में संघर्षों के दौरान तैनात बचावकर्मी शामिल थे। इन इकाइयों ने घायल अमेरिकी सैनिकों और सहयोगियों को बचाने या निकालने के लिए कई सफल अभियान चलाए। 2005 में, अमेरिकी नौसेना के एक सील (रएअछ) को बचाने के लिए वायु सेना के पैरा-रेस्क्यू दल को तैनात किया गया था, जो अफगानिस्तान के एक गाँव में घायल होकर छिपा हुआ था, जब उसकी टीम, तीन अन्य लोगों के साथ, मारी गई थी - इस घटना को बाद में फिल्म "लोन सर्वाइवर" में दिखाया गया था। हाल के वर्षों में, फंसे हुए अमेरिकी एयरक्रू के लिए बचाव प्रयास सीमित रहे हैं। 1999 में, सर्बिया के ऊपर गिराए गए एक ऋ117 विमान के पायलट को एक बचाव दल ने खोज निकाला और बचा लिया। इराक और अफगानिस्तान के युद्धों के दौरान पैरा-रेस्क्यू टीमों को बड़े पैमाने पर तैनात किया गया था। इन टीमों ने घायल अमेरिकी और सहयोगी सैनिकों को बचाने या निकालने के हजारों मिशन सफलतापूर्वक पूरे किए। 2005 में, अमेरिकी नौसेना के एक सील (रएअछ) सैनिक को बचाने के लिए वायु सेना की पैरा-रेस्क्यू टीमों को तैनात किया गया था, जो अफगानिस्तान के एक गांव में शरण लिए हुए था, जब उसकी टीम पर घात लगाकर हमला किया गया और उसके तीन अन्य सदस्य मारे गए - इस घटना को बाद में "लोन सर्वाइवर" फिल्म में दशार्या गया। 5 मार्च 26 अमेरिका के लिए एक जीत का दिन है। युद्ध नहीं, बल्कि एक बचाव अभियान। क्या यह घटना संघर्ष के छठे सप्ताह में अमेरिका के लिए बंधक संकट में बदल सकती है, जबकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कुछ ही दिन पहले ईरान पर बमबारी करने और उसे "पत्थर युग में वापस भेजने" की धमकी दी थी? एफ-15 विमान के गिराए जाने के बाद, दो अमेरिकी पायलट जीपीएस सेंसर से लैस पैराशूट से बाहर निकल गए, जिनकी स्थिति उपग्रह के माध्यम से ट्रैक की जाती है। ईरान ने अमेरिकी पायलट को "पकड़ने या मारने" के लिए इनाम की घोषणा की है। यदि अमेरिका अपने किसी एक पायलट को सफलतापूर्वक बचा भी लेता है, तो भी यह ईरान और अमेरिका दोनों के लिए प्रतिष्ठा का मामला होगा, कुछ मीडिया आउटलेट्स ने ईरान द्वारा लाखों डॉलर के इनाम की घोषणा की है। ऐसा प्रतीत होता है कि एफ-15 के गिराए जाने के बाद, ईरान ने अमेरिकी पायलट को "पकड़ने या मारने" के लिए इनाम की घोषणा की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार सुबह सोशल मीडिया पर बचाव अभियान की पुष्टि करते हुए कहा, "यह बचाव अभियान अमेरिकी सेना के इतिहास में सबसे साहसी खोज और बचाव अभियानों में से एक था।" अमेरिका ने ईरान में गिरे अपने लड़ाकू विमान के दो क्रू सदस्यों में से एक और को बचा लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पर किए पोस्ट में लिखा, "हमने उसे बचा लिया! मेरे प्यारे अमेरिकी साथियों, पिछले कुछ घंटों में, अमेरिकी सेना ने अमेरिकी इतिहास के सबसे साहसी खोज और बचाव अभियानों में से एक को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। यह अभियान हमारे एक बेहतरीन क्रू सदस्य अधिकारी के लिए था, जो एक बेहद सम्मानित कर्नल भी हैं, और मुझे आपको यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि वह अब पूरी तरह सुरक्षित और सही-सलामत हैं।" ट्रम्प ने कहा कि बचाए गए अधिकारी "अब पूरी तरह सुरक्षित हैं।" इस घटना पर एक फिल्म बनाई जाएगी, जिसमें ऐसे ठोस तत्व शामिल होंगे जो अमेरिका की बहादुरी के लिए जन समर्थन जुटाने हेतु एक भौतिक वस्तु के निर्माण में योगदान देंगे। लेकिन 36 दिन बीत जाने के बाद भी, केवल क्षेत्र पर बमबारी करने और निर्दोष लोगों को मारने से क्या समाधान निकलेगा? तबाही का दर्द केवल वही लोग समझ सकते हैं जिन्होंने इसे झेला है। ईरान की गलती अपने पड़ोसियों पर हमला करना था, जिसने उसके पड़ोसियों को इजराइल से भी ज्यादा उसे नष्ट करने के लिए उत्सुक कर दिया है। कुछ खाड़ी देशों का यह भी मानना है कि ईरान ने उनके तेल भंडारों पर कब्जा कर लिया है, और ऐसे दावे हैं कि ईरान ने भूमिगत सुरंगों में पाइपलाइनों के माध्यम से क्षेत्र से तेल का डायवर्जन किया है। परिणामस्वरूप, सऊदी अरब और यूएई ने परमाणु हथियार हासिल करने या चल रहे संघर्ष में समर्थन प्राप्त करने की उम्मीद में पाकिस्तान के साथ गठबंधन किया है। हालांकि, जब पाकिस्तान युद्ध के दौरान उनकी सहायता करने में विफल रहा और ईरान ने शांति वार्ता में शामिल होने से इनकार कर दिया, तो सऊदी अरब अब अपने अरबों डॉलर की मांग कर रहा है। उसे ये धनराशि कहां से मिलेगी? संयुक्त राज्य अमेरिका ने उसे घेर लिया है, पाकिस्तान की स्थिति गृहयुद्ध जैसी है, और भारत इसका अधिकांश बोझ उठा रहा है। जम्मू-कश्मीर में आतंकी साजिशें रची जा रही हैं, लेकिन भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। भारत की शक्ति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वविदित है और देश बिना कारण के किसी पर हमला नहीं करता; हालांकि, उकसाए जाने पर वह निर्णायक जवाब देगा। प्रधानमंत्री का यही स्पष्ट संदेश है: आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चूंकि भारतीय सेना शक्तिशाली है और भारत परमाणु क्षमता से लैस है,

# इंद्रदमनेश्वर महादेव मंदिर की 50वीं वर्षगांठ पर उमड़ा जनसैलाब



**चौथीवाणी/लखीसराय/** बिहार के लखीसराय स्थित बाबा नगरी के नाम से प्रसिद्ध इंद्रदमनेश्वर महादेव मंदिर में 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर दो दिवसीय अशोकधाम महोत्सव-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक उत्साह से भरे इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग शामिल हुए।महोत्सव का उद्घाटन बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र, पुलिस अधीक्षक प्रेरणा कुमार, एडीएम नीरज कुमार, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह और जदयू जिला अध्यक्ष रामानुज शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।उद्घाटन से पूर्व उपमुख्यमंत्री ने मंदिर में भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने महोत्सव का शुभारंभ करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित किया।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि लखीसराय आज धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। इस दिशा में सरकार और प्रशासन लगातार प्रयासरत हैं, जिससे जिले का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।उन्होंने आगे कहा कि अशोकधाम महोत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। यह आयोजन आने वाले समय में न केवल बिहार बल्कि पूरे देश में अपनी एक अलग पहचान स्थापित करेगा।महोत्सव के दौरान भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। अशोकधाम महोत्सव-2026 के इस भव्य आयोजन ने लखीसराय की सांस्कृतिक विरासत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित किया है।

## माया प्रजापति ने थामा लोजपा (रा.) का दामन

### पटना पूर्वी महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद की मिली बड़ी जिम्मेदारी

**पटना (चौथी वाणी)** रूपसपुर की जानी मानी समाजसेवी और जुझारू व्यक्तिव की धनी, माया प्रजापति ने लोक जनशक्ति पार्टी (रा.) की सदस्ता ग्रहण कर ली है। पार्टी के नेतृत्व ने उनकी कर्मठता और कमजोर वर्गो के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए उन्हें पटना पूर्वी के महिला प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किया है! पूर्व में वे वार्ड पार्षद का चुनाव भी लड़ चूकी है। उनकी सक्रियता और जनता के बीच उनकी पैठ को पार्टी के लिए बड़ी मजबूती के रूप में देखा जा रहा है! पिछड़ा /अतिपिछडा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शंकर शर्मा एवं उपाध्यक्ष शशिभूषण प्रजापति (एडवोकेट)के हाथों प्रमाण -पत्र दिया गया, साथ ही साथ मनोनीत नालंदा जिला अध्यक्ष सुरज कुमार प्रजापति, उपाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार यादव, औरंगाबाद जिला अध्यक्ष किशन प्रजापति एवं भोजपुर जिला उपाध्यक्ष राजकुमारी देवी प्रजापति को भी प्रमाण-पत्र मिला! वरिष्ठ समाजसेवी सुरेन्द्र प्रजापति ने माया प्रजापति के साथ अन्य सभी मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। इस मौके पर सत्यानंद शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव अनिल पासवान, महेश कुमार, सुभाष प्रजापति, गंगा सागर, सत्यदेव सुमन, कमलेश प्रजापति, राजेश पंडित, सोनू कुमार एवं पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे !

# बिहार संग्रहालय में आयोजित हुई टिकुली कला की ऐतिहासिक प्रदर्शनी

### देश के 33 नामचीन टिकुली पेंटिंग कलाकार पहली बार जुटे एक मंच पर
### 05 अप्रैल से 30 अप्रैल तक आगंतुकों के लिए खुली रहेगी यह भव्य प्रदर्शनी

**पटना (चौथी वाणी)** टिकुली कला को विश्वस्तरीय पहचान दिलाने की दिशा में पहल करते हुए रविवार को बिहार संग्रहालय, पटना द्वारा "टिकुली कलाः अन्तर्निहित सौंदर्य" नामक प्रदर्शनी की शुरूआत की गई। बिहार के कला एवं संस्कृति मंत्री अरुण शंकर प्रसाद सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया ' समारोह की अध्यक्षता बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने की जबकि निफ्ट, पटना के निदेशक, कर्नल राहुल शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर टिकुली चित्रकला प्रदर्शनी पर आधारित एक कैटलॉग का अनावरण भी किया गया। इस प्रदर्शनी में 33 कलाकारों द्वारा निर्मित कुल 66 कलाकृतियाँ प्रदर्शित हैं। इन कलाकृतियों में उन्होंने धर्म, दैनिक जन-जीवन और सम-सामयिक विषयों के दृश्यों एवं दृश्यानुभूतियों को अपनी कला का विषय बनाया है, जिससे टिकुली कला में एक नए सौन्दर्यबोध की स्थापना हुई है।






प्रदर्शनी के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि टिकुली चित्रकला बिहार की एक प्राचीन कला है, जिसके साथ पटना शहर की पहचान जुड़ी है। अतः इस कला को सहेजना और संवारना बेहद जरूरी है।

उद् घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अंजनी कुमार सिंह, महानिदेशक, बिहार संग्रहालय ने कार्यशाला के बारे में जानकारी देते हुए कहा अपने निर्माण वर्ष से लेकर अब तक बिहार संग्रहालय सतत रूप से प्राचीन ऐतिहासिक कलाकृतियों के साथ-साथ बिहार की लोक कलाओं के संरक्षण, संवर्द्धन, प्रदर्शन और विपणन के प्रति भी कटिबद्ध रहा है। महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि टिकुली कला की कार्यशाला एवं प्रदर्शनी को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य इसे एक लोककला के रूप में वैश्विक मंच प्रदान करना है।

प्रदर्शनी के क्यूरेटर सह बिहार संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने बताया कि विगत छह दिनों तक आयोजित कार्यशाला में टिकुली चित्रकला के कलाकारों की बेहतरीन कृतियां देखना दर्शकों के लिए निश्चित रूप से सुखद एवं यादगार अनुभूति होगी।

इस प्रदर्शनी के प्रतिभागी कलाकारों में शामिल हैं- पद्मश्री अशोक कुमार विश्वास, राज्य पुरस्कार से सम्मानित कलाकार तपन कुमार विश्वास, संतोष कुमार, शबीना इमाम, दीपू कुमार, किरण कुमारी, खुशबू कुमारी एवं पूजा कुमारी। अन्य कलाकारों में सोनी कुमारी, अशोक कुमार, नाहिदा बानो, अनीता कुमारी, पूजा भारती, रंजीता सिन्हा, अरुंधति महतो, निधि सिन्हा, रुचि कुमारी, मनीषा कुमारी, नेहा कुमारी, रबीना देवी, गुड़िया रानी, कामिनी कुमारी, मोनिका कुमारी, शुभम कुमार, सौरभ कुमार, ममता शर्मा, जूली कुमार, जुही प्रसाद, खुशबू गीतांजलि, शिखा कुमारी, मुस्कान कुमारी, अनामिका कुमारी तथा रश्मि कुमारी शामिल हैं। उदघाटन समारोह में बड़ी संख्या में टिकुली चित्रकला के अलावा अन्य लोककलाओं के कलाकार भी उपस्थित रहे।

# जीवों के प्रति करुणा में है मानव जीवन का सार : बोहरा

### जल कुण्डी अभियान का हुआ आगाज, शहर भर में लगेगी 200 जल कुण्डी ,सांसियों का तला में लगाएं परिण्डे, शहर में लगाई जल कुण्डियां

मुकेश अमन

**थार नगरी, (चौथी वाणी)।** बाड़मेर में अबोध पशुओं की जल सेवा को लेकर गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से जन-सहयोग से तकरीबन 200 से अधिक जल कुण्डी लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिस कड़ी में मंगलवार को जूना केराडू मार्ग मोहल्ले से संस्थान अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व में जल कुण्डी अभियान का आगाज हुआ। वहीं मंगलवार को सांसियों का तला में रिंग रोड़ स्थित सांसियों का मोहल्ला में अबोल पंछियों की जल सेवा को लेकर मिट्टी के परिण्डे लगाएं गए। संस्थान के हरीश बोथरा ने बताया कि संस्थान की ओर से जीवों के कल्याण व सेवा को लेकर कई कार्य किये जा रहे है। जिसमें शीतल जल प्याऊ सहित अबोध पशुओं के लिए जल कुण्डी अभियान व अबोल पंछियों के लिए मिट्टी के परिण्डे लगाने का कार्य महत्वपूर्ण है। इस कड़ी में जूना केराडू मार्ग वार्ड संख्या 09 में अलग-अलग स्थानों पर पशुओं की जल सेवा को लेकर जल कुण्डियां लगाई गई। इस वर्ष 200 जल कुण्डी लगाने का लक्ष्य है। वहीं पंछियों की जल सेवा के लिए मिट्टी के परिण्डे लगाएं जा रहे है। संस्थान अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि मनुष्य जीवन में प्राणी मात्र की सेवा, परोपकार व परहित से श्रेयस्कर कुछ नहीं है। अमन ने कहा कि जीवों के प्रति करुणा, दया व मैत्री के भाव में ही मानव जीवन का सार है। शेष समस्त भ्रम व माया है जिसका कोई अन्त व छोर नही है। जीवों की सेवा व परोपकार से व्यक्ति को आत्मिक सन्तुष्टि प्राप्त होती है और व्यक्ति धीरे-धीरे स्वार्थ व अहंकार से दूर होता चला जाता है। संस्थान की ओर से प्राणी मात्र की सेवा व कल्याण को लेकर निःस्वार्थ भाव से कई कार्य किये जा रहे है। इस दौरान बाबुलाल छाजेड़, मुकेश अमन, जोगेन्द्र वडेरा, प्रभुलाल श्रीश्रीमाल, पीटीआई राजेश जोशी, गिरधर जैन, हरीश बोथरा, सुनिल आचार्य, मोती सिंघवीं आदि उपस्थित रहे।



# लखीसराय एसपी ने प्रशिक्षु सिपाहियों की परेड व कक्षा का किया निरीक्षण,अनुशासन और प्रशिक्षण गुणवत्ता पर जोर

**लखीसराय/ चौथीवाणी** लखीसराय की एसपी प्रेरणा कुमार ने मंगलवार को प्रशिक्षु सिपाहियों की परेड का सघन एवं विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परेड की सलामी ग्रहण करते हुए जवानों के अनुशासन, एकरूपता, तालमेल, ड्रिल की शुद्धता तथा शारीरिक दक्षता का बारीकी से मूल्यांकन किया।निरीक्षण के दौरान एसपी ने उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और प्रशिक्षु सिपाहियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं सक्षम पुलिसकर्मी बनने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा एसपी ने प्रशिक्षु सिपाहियों की अंतः कक्षा का भी निरीक्षण किया। इस दौरान प्रशिक्षण की गुणवत्ता, अनुशासन, उपस्थिति और कार्यकुशलता का विस्तृत जायजा लिया गया। उन्होंने प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें जिम्मेदार और दक्ष पुलिसकर्मी बनने की सीख दी। एसपी प्रेरणा कुमार ने कहा कि मजबूत और अनुशासित पुलिस बल के निर्माण के लिए प्रशिक्षण की गुणवत्ता अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर लाइन डीएसपी रतन लाल ठाकुर,साइबर डीएसपी अजीत प्रताप सिंह चौहान भी मौजूद रहे। बताते चले की प्रशिक्षु सिपाहियों को लाइन डीएसपी रतन लाल ठाकुर तथा साइबर डीएसपी अजीत प्रताप सिंह चौहान ने मार्गदर्शन किया।





# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सफलतापूर्वक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**चौथीवाणी/लखीसराय/** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) एवं एएनएम के द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।इस अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में आमजन को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इनमें प्रमुख रूप से रक्तचाप (बीपी) जांच, मधुमेह (रक्त शर्करा) जांच, वजन मापन, गर्भवती महिलाओं की जांच, बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण तथा सामान्य रोगों की जांच एवं उपचार शामिल थे।इसके साथ ही लोगों को स्वच्छता, पोषण, नियमित व्यायाम, संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। गैर-संचारी रोगों जैसे मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की रोकथाम और नियंत्रण के प्रति भी जागरूक किया गया।कार्यक्रम के दौरान टीकाकरण, परिवार नियोजन सेवाओं तथा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी आमजन को दी गई। ग्रामीण क्षेत्रों से आए लाभार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना तथा ह्नस्वस्थ भारतह्न के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ना था। कार्यक्रम का संचालन संबंधित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक किया गया।



## धूमधाम से मनाया गया पांचवा वार्षिक उत्सव, छोटे-छोटे स्कूली बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

सहरसा षहर (चैथी वाणी)। शहर के कृष्ण नगर वार्ड नंबर 36 सहरसा में लॉर्ड श्री कृष्णा मिशन एकेडमी यूनिट ऑफ कुंदन मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा पांचवा वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया गया। छोटे-छोटे स्कूली बच्चों के द्वारा किये गए प्रदर्शन की प्रतिभा ने दर्शक का दिल जीत लिया। दर्शक दीर्घा में बैठे मुख्य अतिथि, बच्चों के परिजन और शिक्षकों ने जमकर तालियां बजाई। सभी ने बच्चों के बेहतर भविष्य की कामना की।वहीं मीडिया से रूबरू होते हुए विद्यालय के निदेशक व प्राचार्य मणिकांत चैधरी ने कहा कि विद्यालय में क्लास आठ तक कि पढ़ाई पूर्णतः अंग्रेजी माध्यम में होती है। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नृत्य, संगीत, जुड़ो-कराटा ,योगा, कम्प्यूटर तथा बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की भी तैयारी किया जाता है। सुखद और शांति प्रिय वातावरण में छात्रावास की भी सुविधा है। विगत सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में चार बच्चें सफल रहें है। मंच का उदघोषक आनंद झा तथा कुमुदमंद झा के संचालन में संपन्न हुआ। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि ईस्ट एन वेस्ट फॉउंडेशन, पटुआहा के चैयरमेन डॉक्टर रजनीश रंजन नें बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए शुभाशीष दिया।वही डा रंजन माता पिता एवं अभिभावक बच्चों के हाथ से मोबाइल दूर रखे अन्यथा एक दिन वही बच्चे आपको भी अपलोड कर देगें। अपने बच्चे में अच्छी शिक्षा संस्कार व्यवहार सिखाये उन्हे भगवान के प्रति भक्ति सिखायें। उन्हे भगवान राम व कृष्ण की बाल लीला ,लव कुश,ध्रुव प्रह्लाद बाल ज्ञानेश्वर,बाल गुरू जोरावर सिंह, बाल हनुमान की कहानी अवश्य सुनाये। उनके पिता को बच्चों को समय देकर संस्कारवान बनायें। इस अवसर पर विमल किशोर यादव निगम पार्षद वार्ड नम्बर 36, अभय मनोज सहित अन्य मुख्य अतिथि मौजूद थे। वहीं फाउण्डर दिनेश कुमार दिनकर, निदेशक व प्राचार्य मणिकांत चैधरी, नवीन सिंह राजपुत्र दीपक कुमार, हेमन्त कुमार, विकास कुमार, सुमन राय, संजय कुमार, अमन कुमार, नौसवा, फातिमा, सशुफी, वन्दना सहित काफी संख्या में स्कूली बच्चें और समाज के गणमान्य और बुद्धिजीवी लोग मौजूद थे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**पूर्णिया (चौथी वाणी)** विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के सामुदायिक चिकित्सा विभाग में एक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस वर्ष टूगेदर फॉर हेल्थ स्टैंड विथ साइंस थीम को लेकर आयोजित कार्यक्रम के जरिये समाज में वैज्ञानिक सोच पैदा करने एवं स्वास्थ्य संबंधी मिथकों को दूर करने का प्रयास किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आज के डिजिटल युग में गलत और अप्रमाणित स्वास्थ्य संबंधी जानकारी तेजी से फैल रही है, जो जनस्वास्थ्य के लिए एक गंभीर चुनौती है. उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि कई मधुमेह के मरीज अफवाहों के कारण अपनी नियमित दवाएं बंद कर देते हैं, जिससे गंभीर जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं. इसके अलावा उन्होंने टीकाकरण से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और साक्ष्य-आधारित चिकित्सा अपनाने पर जोर दिया. डॉ. कुमार ने वन हेल्थ की अवधारणा पर भी प्रकाश डाला और बताया कि मानव, पशु एवं पर्यावरण का स्वास्थ्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़ा हुआ है. उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि वे किसी भी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को अपनाने से पहले चिकित्सकों से परामर्श अवश्य लें, नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं तथा टीकाकरण को प्राथमिकता दें. इस अवसर पर एमबीबीएस छात्र-छात्राओं द्वारा रोल प्ले, पोस्टर प्रस्तुति एवं नुक्कड़ नाटक जैसी अनेक सामूहिक गतिविधियां आयोजित की गई. इन गतिविधियों में अमीर, करण, रिया, नेहा, नाजमी सहित अन्य छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मिथक बनाम विज्ञान तथा वन हेल्थ जैसे विषयों को रचनात्मक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जिसकी सभी ने भरपूर सराहना की. अंत में विभागाध्यक्ष ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने एवं समाज में सही स्वास्थ्य संदेश प्रसारित करने का आह्वान किया।

## प्रेम नगर सेवा सोसायटी ने करवाया 173वां मासिक राशन वितरण समारोह

**फगवाड़ा (चौथी वाणी)**प्रेम नगर सेवा सोसायटी द्वारा नगर कौंसिल फगवाड़ा के पूर्व प्रधान मलकीयत सिंह रगबोतरा के प्रयासों से स्व. अजीत सिंह ढिल्लों की पावन स्मृति को समर्पित 173वां मासिक राशन वितरण समारोह सीनियर सिटीजन केयर सेंटर खेड़ा रोड फगवाड़ा में आयोजित किया गया। राशन वितरण की शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एन.आर.आई. दया सिंह ने करवाई। उन्होंने 20 जरूरतमंद परिवारों की महिलाओं को राशन वितरित करते हुए सोसायटी के इस प्रयास की सराहना की। इस दौरान उन्होंने सोसायटी को समाज भलाई कार्यों के लिए आर्थिक सहायता भेंट की और भविष्य में भी सहयोग का भरोसा दिया। इससे पहले सोसायटी के प्रधान सुधीर शर्मा और महासचिव सुरिंदर पाल ने गणमान्यों का स्वागत किया। समारोह के आयोजक मलकीयत सिंह रगबोतरा ने बताया कि यह सेवा पिछले लगभग 16 वर्षों से निरंतर जारी है, जिसमें स्व. अजीत सिंह ढिल्लों के परिवार का अमूल्य योगदान मिलता रहा है। वे अपने जीवनकाल में समाज सेवा को समर्पित रहे और जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा आगे बढकर कार्य किया। प्रेम नगर मोहल्ले के विकास में भी उन्होंने हमेशा बढ़-चढकर प्रयास किए। इस अवसर पर सर्वश्री एस.सी. चावला, मोहन लाल तनेजा, रमेश बहल, रविकांत सहगल, राम लुभाया, बृज मोहन पुरी, वंदना शर्मा, जगदीपक, बलदेव शर्मा, सुरिंदर पाल आदि उपस्थित थे।



# मानदेय भुगतान में देरी से नाराज डीआरपी, लखनऊ में प्रदर्शन की चेतावनी

**(चौथी वाणी)/उत्तर प्रदेश** आजीविका मिशन से जुड़े डीआरपी के मानदेय भुगतान में देरी को लेकर प्रदेशभर में असंतोष बढ़ता जा रहा है। मार्च माह बीत जाने के बाद भी भुगतान न होने से सैकड़ों डीआरपी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, जिससे उन्हें होली, ईद और रामनवमी जैसे प्रमुख त्योहार भी कठिन परिस्थितियों में मनाने पड़े। डीआरपी संघ के नेताओं का आरोप है कि मिशन प्रशासन की लापरवाही के कारण लगभग 700 से अधिक सूचीबद्ध डीआरपी को समय पर मानदेय नहीं मिल सका, जबकि भुगतान से संबंधित पत्र पहले ही जारी किए जा चुके थे। इसके साथ ही कई डीआरपी को न तो नियमित कार्य दिया जा रहा है और न ही उनकी सेवाओं का उचित मूल्यांकन किया जा रहा है। रायबरेली से आईबीसीबी थीम के अंतर्गत इंपैनल डीआरपी नेता विष्णु मिश्रा ने इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए सभी डीआरपी से लखनऊ पहुंचकर आंदोलन करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जब तक मिशन के प्रबंध निदेशक (टऊ) का घेराव नहीं किया जाएगा, तब तक स्थिति में सुधार की उम्मीद नहीं है।विष्णु मिश्रा ने यह भी आरोप लगाया कि डीआरपी को अब तक कोई आधिकारिक पहचान पत्र तक उपलब्ध नहीं कराया गया है, जो प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला, तो डीआरपी संघ न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को मजबूर होगा।इस पूरे मामले ने आजीविका मिशन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं और अब देखना होगा कि प्रशासन इस बढ़ते असंतोष को कैसे संभालता है।

## 181 मुख्यमंत्री शिकायत पोर्टल, सिर्फ धोखा-नहीं मिलती पीड़ितों को कोई राहत : राजा भईया

**राजस्थान (चौथी वाणी)** राजस्थान प्रदेश द्वारा जारी मुख्यमंत्री शिकायत पोर्टल 181 नम्बर पर फोन द्वारा दर्ज कराई जाने वाली शिकायतों की निवारण प्रक्रिया पर आरटीआई कार्यकर्ता, हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख एवं दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने गम्भीर आरोप लगाते हुए हुए इसे सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है, वैसे गौर किया जाए तो उनके आरोप तथ्यात्मक है इस बारे में उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को रजिस्टर्ड डॉक द्वारा भेजी अपनी शिकायतो में आरोप लगाया है कि उक्त टोल फ्री नम्बर पर किसी भी पीड़ित द्वारा शिकायत दर्ज कराने पर उस शिकायत को उसी विभाग को कार्यवाही करने हेतु भेजा जाता है यहां तक तो ठीक है? परन्तु संबंधित विभाग के मुखिया या प्रमुख अधिकारी स्वयं पीड़ित की शिकायत पर जांच नहीं करते बल्कि उसी अधिकारी को शिकायत कार्यवाही हेतु अग्रसर कर देते हैं जिसके विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई गई होती है और वह अधिकारी झूठी रिपोर्ट बना कर पीड़ित को बिना राहत पहुंचाए और उसकी शिकायत का निवारण किए बिना अपनी गलतियों को छुपाते हुऐ रिपोर्ट को पोर्टल पर भेज देते है? उसके बाद मुख्यमंत्री जन शिकायत पोर्टल पर बैठे कर्मचारी द्वारा पीड़ित को उसकी शिकायत पर भेजी रिपोर्ट के बारे में बता संतुष्टि या असंतुष्टि दर्ज कराने हेतु फोन किया जाता है, और जब पीड़ित को कोई राहत नहीं मिलती और उसका निवारण नहीं होता तो वह अपनी असंतुष्टि दर्ज कराता है तो दो बार असंतुष्टि दर्ज कराने पर स्वतः ही उसकी दर्ज शिकायत को बिना पीड़ित को राहत प्रदान किए और शिकायत का निवारण किए बन्द कर दिया जाता है।

## स्व रामबाबू राय जी के छठी पुण्यतिथि पर महिला फुटबॉल का आयोजन कर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ ने दी उन्हे सच्ची श्रद्धांजलि - रामकृपाल यादव)



**कैमूर को हरा पटना चैम्पियन**

**पटना (चौथी वाणी)** : भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश संयोजक श्री सतीश राजू जी के अध्यक्षता में स्व रामबाबू राय जी के छठी पुण्यतिथि के अवसर पर आज संजय गांधी स्टेडियम,गर्दनीबाग, पटना में एक दिवसीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बिहार सरकार के कृषि मंत्री श्री रामकृपाल यादव जी, पटना की उपमहापौर श्रीमती रश्मि चंद्रवंशी जी, पूर्व महापौर श्याम बाबु राय, वार्ड पार्षद शशि भूषण राय एवं शारदा देवी शामिल हुए एवं खिलाड़ियों को पुरस्कृत किए। आज का मुकाबला पटना एकादश बनाम कैमूर के बिच खेला गया जिसमे पटना के रुख्सर बेहतरीन खेल के बदौलत पटना टीम ने कैमूर टीम को 2-1 से पराजित कर चैम्पियन बनने का गौरव प्राप्त किया` रुख्सर को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया उक्त अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री रामकृपाल यादव जी ने कहा की भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ निरंतर खिलाड़ियों के हित में विभिन्न खेलों का आयोजन करते रहती है जिससे बिहार के खिलाड़ियों को उचित प्लेटफार्म प्रदान हो सके साथ ही साथ श्री रामकृपाल यादव ने कहा की खिलाड़ियों के हित की लड़ाई में भाजपा सदैव उनके साथ खड़ी रहेगी। उक्त अवसर पर पटना की उप महापौर श्रीमती रश्मि चंद्रवंशी ने कहा की भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ निरंतर महिला खिलाड़ियों के हौसला अफजाई हेतु महिला खेलो का आयोजन करते रहती है जिससे महिला खिलाड़ियों का रुझान खेल के प्रति बढ़ा है और उचित प्लेटफार्म मिलने से वो अपने खेल का बेहतरीन प्रदर्शन कर पा रहीं है।उक्त अवसर पर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री सतीश राजू जी ने कहा की भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ सदैव बिहार के खिलाड़ियों के हित में सोचती है और काम करती है। श्री राजू ने कहा की उनकी पूरी टीम खिलाड़ियों के हित में हर लड़ाई लड़ने को तैयार है जिससे बिहार के खिलाड़ी भी अंतर्राष्ट्रीय खेलो में बिहार का नाम रौशन कर सकें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के सह-संयोजक एवं कार्यक्रम के संयोजक राजीव रंजन यादव, मंच सञ्चालन आनंद सिन्हा एवं धन्यवाद ज्ञापन सह-संयोजक विकाश कुमार गोल्डी ने किया`उक्त अवसर पर कंचन कुमारी, विकास सिंह, रमेश गुप्ता, संजय राय, अजय मुन्ना, शैलेन्द्र नारायण सोनू, कुंदन कुमार, मोहित श्रीवास्तव, प्रशांत निराला, अभिराम शर्मा, पूर्व सिन्हा, पवन जयसवाल, प्रेम प्रकाश, मदन पंडित, विकाश कुमार, अजय निषाद, मनोज कुमार, नीरज यादव, अभिराज रंजन सहित सैकड़ों खेल प्रेमी शामिल थे`

### कानपुर में मानवाधिकार के नाम पर ठगी

## संदिग्ध गतिविधियों का संचालन



**कानपुर (चौथी वाणी)** : उत्तर प्रदेश के कानपुर, हमीरपुर और बांदा सहित महाराष्ट्र तक सक्रिय 'मसीहा संगठन - मानवाधिकार' पर ठगी, भ्रामक प्रचार और कमजोर वर्गों के शोषण के गंभीर आरोप सामने आए हैं। संगठन खुद को मानवाधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित बताता है, लेकिन इसके कार्यों और तौर-तरीकों को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

**मानवाधिकार के नाम पर व्यापक प्रचार**

संगठन द्वारा पोस्टर और पर्चों के माध्यम से महिला उत्पीड़न, दहेज, श्रमिक शोषण, बालश्रम, भ्रष्टाचार, पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज न करने जैसे मामलों में मदद का दावा किया जा रहा है। ह्लएक जंग हक और सम्मान कीह्व जैसे नारों के साथ लोगों को जोड़ने और सदस्यता बढ़ाने का अभियान चलाया जा रहा है।

**कथित पारिवारिक नेटवर्क पर आरोप**

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, संगठन का संचालन एक ही परिवार के इर्द-गिर्द केंद्रित होने का आरोप है। कथित रूप से अध्यक्ष अभिषेक कुमार उर्फ अभिषेक श्रीवास्तव के साथ उनके पिता अतुल मसीह उर्फ अतुल श्रीवास्तव और माता गीता मसीह की भी गतिविधियों में संलिप्तता की चर्चा है। वही मास्टर माइंड के प्रमुख सहयोगी श्रीकांत भी इस गतिविधियों में फंड का जुगाड़ चर्च से करवाता हैंआरोप है कि परिवार द्वारा अलग-अलग नामों और पहचान का उपयोग कर विभिन्न जिलों में नेटवर्क फैलाया गया है।

**पहचान छिपाने और ठिकाने बदलने के आरोप**

आरोप यह भी है कि संगठन से जुड़े लोग अपनी वास्तविक पहचान छिपाकर अलग-अलग पते और दस्तावेजों का इस्तेमाल करते हैं। कुछ मामलों में मुंबई का पता दशार्ने, जबकि वास्तविक रूप से कानपुर और आसपास के क्षेत्रों में रहने की बात सामने आई है। मूल निवास मऊ जनपद बताए जाने के साथ ही वर्षों से अलग-अलग जिलों में सक्रिय रहने की चर्चा है।

**कर्ज न चुकाने के लिए उकसाने का दावा**

सबसे गंभीर आरोपों में से एक यह है कि संगठन कथित रूप से लोगों को बैंक और निजी ऋण वापस न करने के लिए प्रेरित करता है। प्रचार सामग्री के जरिए यह संदेश दिया जा रहा है कि कर्ज न चुकाने की स्थिति में संगठन उनका साथ देगा, जिसे विशेषज्ञ आर्थिक अनुशासन के लिए खतरा मानते हैं।

**पुलिस जैसी छवि और भ्रामक प्रचार**

संगठन पर पुलिस विभाग के रंग और लोगो से मिलती-जुलती सामग्री का उपयोग कर आम जनता में विश्वास पैदा करने और भ्रम फैलाने का आरोप भी है। इसके जरिए लोगों को बैठकों और सदस्यता अभियानों में शामिल किया जा रहा है।

**धर्मांतरण और धार्मिक नेटवर्क से जुड़ाव की आशंका**

स्थानीय स्तर पर कुछ चर्चों और धार्मिक संस्थाओं से जुड़े होने तथा धर्मांतरण जैसी गतिविधियों की भी आशंका जताई जा रही है। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है।

**प्रशासनिक भूमिका पर सवाल, जांच की मांग तेज**

इतने व्यापक स्तर पर गतिविधियों के बावजूद ठोस कार्रवाई न होने पर प्रशासन और पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# मनौरी मध्य विद्यालय समीप लगे वाटर एटीएम के दो मोटर की हुई चोरी, एक सप्ताह पूर्व सोहा विष्णु चौंक समीप से भी वाटर एटीएम से मोटर की हुई थी चोरी

**सोनवषार्राज (सहरसा)( चौथी वाणी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय मनौरी के मुख्य द्वार समीप नगर पंचायत सोनवर्षा द्वारा स्थापित वाटर एटीएम के दो मोटरों कि चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना सोमवार देर रात की बताई जा रही है। एक हफ्ते पुर्व ही नगर क्षेत्र के सोहा विष्णु चैक पर हेल्थ सब सेंटर एवं वाटर एटीएम से तीन वाटर मोटर की चोरी कर ली गई थी। सार्वजनिक स्थानों पर आमजनों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित वाटर एटीएम से चोरों द्वारा लगातार वाटर एटीएम की चोरी के बावजूद पुलिस प्रशासन मामले के उद्भेदन मे असफल है। मनौरी में हुई चोरी को लेकर वार्ड पार्षद हरिमोहन यादव उर्फ गुड्डू ने बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा स्कूल के द्वार पर लगे वाटर एटीएम के मोटर कि चोरी कर ली गई है।जिससे स्थानीय लोगों सहित राहगीर व स्कूली बच्चों को काफी कठिनाई का सामना करना पड रहा है। लगातार हो रही चोरी की घटना से आमजन में दहशत फैला हुआ है। घटना के बाबत सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष संजय कुमार सत्यार्थी ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# संत कारू खिरहर मार्केट कॉम्प्लेक्स का सांसद नें किया उद्घाटन, संत कारू खिरहर की महिमा अपरम्पार है: सांसद दिनेश चंद्र यादव



**सहरसा नगर ( चौथी वाणी)।** शहर के डीबी रोड स्थित खादी भंडार के सामने कारू खिरहर जिला परिषद मार्केट कॉम्प्लेक्स व भगैत महासम्मेलन का उद्घाटन सांसद दिनेश चंद्र यादव ने किया।इस अवसर पर मार्केट शिलालेख का भी अनावरण किया।मार्केट कंपलेक्स का उद्घाटन करते हुए सांसद श्री यादव ने कहा कि इस मार्केट का नाम संत कारू खिरहर मार्केट कंपलेक्स रखा गया है जो बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि जिला परिषद भी विकास कार्य करना चाहती हैं। हम सभी जनप्रतिनिधि मिल-जुलकर जिले का विकास करने हेतु संकल्पित हूं।और निरन्तर प्रयास भी किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि संत बाबा कारू खिरहर की महिमा अपरंपार है।उनके नाम इतनी शक्ति व उर्जा है कि स्मरण मात्र से ही पालतु मवेशी आज भी ठीक हो जाता है। जिसके कारण दूर दूर से पशुपालक लोक देवता के रूप मे दुध चढ़ाने आते है। ।उनके आशीर्वाद से ही संत कारूखिरहर के नाम पर रेल हॉल्ट का निर्माण कराया जो भारतीय रेल के नक्शे में देश-विदेश में नया मापदंड स्थापित किया है। इस मार्केट कांप्लेक्स में संत कारु खिरहर की भव्य प्रतिमा लगाई जाएगी। इस मार्केट कांप्लेक्स के बनने से यहां के स्थानीय लोगों को काफी सहूलियत होगी साथ ही व्यवसाय बढ़ने पर दुकानदार भी समृद्ध होंगे।भगैत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवनारायण यादव ने बताया कि जिला परिषद में बने नवनिर्मित मार्केट कंपलेक्स का हर्षोल्लास के साथ उद्घाटन किया गया। इस मौके पर विधिवत पूजन कर भगैत गायन प्रवचन कीर्तन के साथ-साथ खीर प्रसाद का भी वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि कोसी के क्षेत्र में लगभग 42 लोक महापुरुष लोक देवता के रूप में परंपरा अनुसार आज भी पूजे जा रहे हैं।साथ ही भगैत लोक गाथा भी भक्ता पनियार द्वारा गायन किया जा रहा है।उन्होने इस विलुप्त हो रही परम्परा को गति प्रदान कर इसके संरक्षण व संवर्धन की आवश्यकता बताई।इस मौके पर जिला व्यापार संघ के अध्यक्ष अर्जुन चैधरी ने भी संबोधित कर सांसद के द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रसंशा की। वहीं मंच का संचालन जिला परिषद उपाध्यक्ष धीरेंद्र यादव के द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक अरूण कुमार, जिप अध्यक्ष किरण देवी, उपाध्यक्ष धीरेंद्र यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, पूर्व जदयू जिलाध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया, कारु खिरहर के महंत उपेन्द्र खिरहर, भगैत महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवनारायण यादव उर्फ नूनू यादव, प्रवक्ता अशोक मानव एवं व्यापार संघ के अध्यक्ष अर्जुन चैधरी, अमर यादव, प्रोफेसर हरि नारायण यादव, देवेंद्र कुमार देव, दिनेश पासवान, जवाहर यादव, नीरज यादव, ताहिर जीतन पंजियार, अर्जुन यादव, अशोक कुमार यादव, गुणानंद कुमार सिंह, गणेश यादव, डा संजय वशिष्ट सहित अन्य मौजूद रहे।

## राशिफल/पंचांग

ज्योतिषाचार्य संजीत कुमार मिश्रा



**दिनांक 08/04/2026 बुधवार**

बैशाख कृष्णपक्ष षष्ठी,दोपहर 07:01 उपरांत सप्तमी,नक्षत्र ज्येष्ठा,सुबह 05:45 उपरांत मूल,राशि -वृच्छिक,सुबह 05:45 उपरांत धनु,विक्रम सम्वत :2083 ,सूर्योदय 05:34 सुबह,सूर्यास्त :06:09 संध्या, चंद्रोदय :11:03 दोपहर,चंद्रास्त : 11:55 सुबह,ऋतू बसंत,चौघडिया,दिन,चौघड़िया :लाभ 05:35 सुबह 07:08 सुबह,अमृत 07:08 सुबह 08:43,सुबह,काल 08:43 सुबह 10:17 सुबह,शुभ 10:17 सुबह 11:51 सुबह,रोग 11:51 सुबह 01:26 दोपहर,उद्वेग 01:26 दोपहर 03:00 दोपहर,चर 03:00 दोपहर 04:35 संध्या,लाभ 04:35संध्या 06:09 संध्या,लगन :मीन,सुबह 05:55 उपरांत मेष लगन,यात्रा विचार :आज कही यात्रा पर जाने के पहले धनिया खाकर यात्रा करे लाभ होगा.

**-- दैनिक राशिफल --**

**मेष** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ संभव है। जोखिम न लें। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति जीवन में आनंद का संचार करेगी।

**वृष** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न उठाएं। आज का दिन आपके लिए शुभ रहने की संभावना है। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी।

**मिथुन** मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए। खर्च में कमी होगी। कानूनी विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होने की संभावना है।

**कर्क** विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्ति के योग हैं। सावधानी व सतर्कता से व्यापारिक अनुबंध करें।

**सिंह** मेहनत का फल कम मिलेगा। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। संतान की शिक्षा की चिंता समाप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। महत्व के कार्य को समय पर करें। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा।

**कन्या** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे। दुस्साहस न करें। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी।

**तुला** कुसंगति से हानि होगी। वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें, जोखिम न लें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। व्यापारिक लाभ होगा। संतान के प्रति झुकाव बढ़ेगा। शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ होगा। धन संचय की बात बनेगी। परिवार के कार्यों पर ध्यान देना जरूरी है। रुका कार्य होने से प्रसन्नाता होगी। आर्थिक सलाह उपयोगी रहेगी। कर्ज की चिंता कम होगी।

**धनु** चोट व रोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। क्रय-विक्रय के कार्यों में लाभ होगा। योजनाएं बनेंगी। उच्च और बौद्धिक वर्ग में विशेष सम्मान प्राप्त होगा। भाइयों से अनबन हो सकती है। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें।

**मकर** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। जायदाद संबंधी समस्या सुलझने के आसार बनेंगे। अनुकूल समाचार मिलेंगे तथा दिन आनंदपूर्वक व्यतीत होगा। नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे।

**कुंभ** व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। परिश्रम का अनुकूल फल मिलेगा।

**मीन** व्यापार-व्यवसाय संतोषप्रद रहेगा। आपसी संबंधों को महत्व दें। अल्प परिश्रम से ही लाभ होने की संभावना है। खर्चों में कमी करने का प्रयास करें। अति व्यस्तता रहेगी। बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। थकान रहेगी ।